राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 03 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 34, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मृत पड़े गौवंशों के शवों की दुर्गंध से परेशान आसपास के लोग प्रशासन ने जेसीबी से गड्ढे खुदवाकर किया डिस्पोज...03

साप्ताहिक बंदी व्यवस्था ठप, श्रम विभाग अधिकारी गहरी नींद में कागजों में बंदी, जमीन पर खुले बाजार...12

## दिल्ली: मोहल्ला क्लिनिक बंद होने पर भड़की AAP, BJP ने किया पलटवार, बताया लूट का अड्डा

**● दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए थे. जिस पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि ये मोहल्ला क्लीनिकों AAP सरकार के घोटालों का जरिया थे. उन्होंने कहा कि इन मोहल्ला क्लीनिकों में से अधिकांश में डॉक्टर तक नहीं होते थे इन्हें कंपाउंडर चलाते थे**

दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने को लेकर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है. AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भविष्यवाणी की थी कि अगर BJP सत्ता में आई तो ये लोग सभी सुविधाएं बंद कर देंगे, आज यह बात सच साबित हुई है. उन्होंने कहा कि दिवाली पर सरकारें अपने मुलाजिमों को बोनस देती थीं, लेकिन बीजेपी सरकार ने दिवाली के समय सैकड़ों मोहल्ला क्लिनिक में काम करने वाले लोगों को नौकरी से निकाल दिया।

**'दिल्ली वाले समझ रहे AAP की बौखलाह'**

वही अब,क्क नेता सौरभ भारद्वाज पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सरकार के बड़े भ्रष्टाचार और पार्टी वॉलंटियर्स के लूट का केंद्र रहे मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने पर सौरभ भारद्वाज की बौखलाहट को दिल्ली वाले समझ रहे हैं.

**'मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में बड़े घोटाले'**

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार को दस साल तक आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में बड़े घोटाले करते देखा. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सड़कों पर पोर्टा केबिन बनाकर या 'आप' वॉलंटियर्स से अनाप शनाप किराए पर कमरे लेकर खोले गए मोहल्ला क्लीनिक महज आधे दिन खुलने वाले ओ.पी.डी. केंद्र थे जिन्हें केजरीवाल सरकार ने घोटालों का माध्यम बनाया।

**'कई मोहल्ला क्लीनिकों में नहीं थे डॉक्टर'**

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष का कहना है कि इन मोहल्ला क्लीनिकों में से अधिकांश में डॉक्टर तक नहीं होते थे. कंपाउंडर इन्हें चलाते थे. उन्होंने कहा कि इनमें कहीं भी किसी भी बीमारी की जांच की सुविधा तक नहीं थी. सचदेवा ने कहा कि दिल्ली वालों ने देखा की कैसे यह मोहल्ला क्लीनिक केवल एक ही फोन नंबर से पंजीकृत मरीज देखने एवं उनकी नकली जांच की फीस का घोटाला करने का केंद्र बनकर रह गए थे।

**'अधिकांश कर्मी हेल्थ सेवा के लिए प्रशिक्षित नहीं थे'**

वीरेन्द्र सचदेवा ने आगे कहा कि इन मोहल्ला क्लीनिक में नियुक्त अधिकांश कर्मी हेल्थ सेवा के लिए प्रशिक्षित भी नहीं थे, इनकी नियुक्ति किसी प्रशासनिक व्यवस्था अनुसार नहीं हुई थी और लगभग



सभी कर्मी आम आदमी पार्टी से जुड़े थे. उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब दिल्ली वालों को मोहल्ला स्तर पर इलाज की सबसे ज्यादा जरूरत थी उस वक्त अरविंद केजरीवाल ने इन मोहल्ला क्लीनिकों को बंद कर दिया था. उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज की बौखलाहट एवं बयानबाजी के नकलीपन को दिल्ली वाले भली भांति समझ सकते हैं।

**'BJP सरकार ने खोले आयुष्मान आरोग्य मंदिर'**

सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल के इन भ्रष्टाचार केन्द्रों की जगह रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा को मजबूती देने के लिए अब पूरी बेसिक मेडिकल जांच सुविधाओं, डाक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ सरकारी परिसरों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोल रही है जो जनता को सही सुविधाएं दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कई आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोल चुकी है और आगामी अप्रैल 2026 तक कुल 1100 आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य है।

**मोहल्ला क्लीनिक बंद होने पर AAP का आरोप**



दरअसल आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की बीजेपी सरकार पर मोहल्ला क्लीनिक बंद कर लोगों को बेरोजगार करने का आरोप लगाया था. AAP के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा था कि दिवाली पर जहां एक समय था जब सरकारें अपने मुलाजिमों को बोनस देती थीं लेकिन बीजेपी की सरकार ने दिवाली के समय सैकड़ों मोहल्ला क्लिनिक में काम करने वाले लोगों को नौकरी से निकाल दिया. उन्होंने कहा कि अगस्त में 31 मोहल्ला क्लिनिक बंद किए गए और अब सरकार ने 171 मोहल्ला क्लिनिक बंद करने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा कि 200 मोहल्ला क्लिनिक बंद करके सरकार ने सैंकड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया।

## जम्मू-कश्मीर: NIA ने पहलगाम में केबल कार परियोजना को दी मंजूरी, 18 महीनों में होगी पूरी

**● पहलगाम के बैसरन में केबल कार परियोजना के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर सरकार को मंजूरी दे दी है. सरकार ने एनआईए से इजाजत मांगी थी, जो पहलगाम में हुए आंतकी हमले की जांच कर रही है. एनआईए ने बताया 'सरकार ने हमसे केबल कार परियोजना शुरू करने के बारे में राय मांगी थी हमने बताया कि जांच के नजरिए से हमें कोई आपत्ति नहीं है'**



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर सरकार को पहलगाम के बैसरन में प्रस्तावित केबल कार परियोजना के लिए मंजूरी दे दी है. यह वहीपर्यटन स्थल है जहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला किया था, 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे. जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस परियोजना के लिए एनआईए से मंजूरी मांगी थी, जो आतंकी हमले की जांच कर रही है अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को फिर से शुरू करने से पहले केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने एनआईए से उसकी राय मांगी थी. एनआईए के एक अधिकारी ने कहा 'केबल कार परियोजना के बारे में हमसे हमारे विचार पूछे गए और हमने बताया कि जांच के लिहाज से हमें कोई आपत्ति नहीं है'।

**परियोजना की अनुमानित लागत 100-120 करोड़**

1.4 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की अनुमानित लागत 100-120 करोड़ रुपए है और आगे के अध्ययन के लिए अभी साइट विजिट की अनुमति का इंतज़ार है. हाल ही में यह प्रश्न जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उठाया गया था और विधानसभा को सूचित किया गया था कि पहलगाम बैसरन में केबल कार परियोजना पर काम शुरू करने के लिए एनआईए की मंज़ूरी जरूरी है।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उठा था सवाल**

27 अक्टूबर को विधानसभा में पहलगाम विधायक अल्ताफ अहमद वानी द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जो पर्यटन विभाग भी संभालते हैं, उन्होंने बताया था कि परियोजना का काम आवंटित किया गया था, लेकिन पहलगाम के बाद की स्थिति को देखते हुए काम अभी तक शुरू नहीं हो सका।

**वन विभाग की करीब 9.13 हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल**

1.4 किलोमीटर लंबी केबल कार पहलगाम स्थित यात्री निवास को बैसरन से जोड़ेगी. जम्मू और कश्मीर केबल कार कॉर्पोरेशन (JKCCC) ने मार्ग की पहचान की है और बताया है कि इस परियोजना के लिए वन विभाग की लगभग 9.13 हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल किया जाएगा।

जेकेसीसीसी ने परामर्श और परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए पहले ही निविदाएं जारी कर दी हैं. यह कार्य रोनमास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है, लेकिन आतंकवादी घटना के बाद कंपनी स्थलीय अध्ययन करने में असमर्थ रही. एजेंसी ने अब स्थलाकृतिक और भू-तकनीकी सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति मांगी है।

**18 महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद**


पर्यटन विभाग ने कहा कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपए से 120 करोड़ रुपए के बीच है और काम शुरू होने के बाद इसके 18 महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है. केबल कार का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है, जिससे आतंकवादी हमले के बाद पुनर्निर्माण में मदद मिलेगी।

**परियोजना की लागत और समयसीमा**

पर्यटन विभाग के अनुसार, इस केबल कार परियोजना की अनुमानित लागत 100 से 120 करोड़ रुपये है। इसे 18 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना शुरू होने पर पहलगाम आने वाले पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र बनेगी और इलाके में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में विस्फोट, कोई हताहत नहीं हुआ



अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में शनिवार तड़के एक विस्फोट हुआ जो जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। विश्वविद्यालय पुलिस ने एक बयान में बताया कि विश्वविद्यालय पुलिस के एक अधिकारी ने 'गोल्डनसन बिल्डिंग' से दो अज्ञात लोगों को भागते देखा। पुलिस के अनुसार, बोस्टन अग्निशमन विभाग ने पाया कि विस्फोट जानबूझकर किया गया था और इमारत की तलाशी के दौरान अधिकारियों को कोई अतिरिक्त उपकरण नहीं मिला। पुलिस ने मामले में दो लोगों की तस्वीरें जारी की हैं।

### अनियंत्रित वाहन पलटा : दो लोगों की मौत, कई घायल

**फिरोजाबाद** जिले के सिरसागंज क्षेत्र में एक तेज रफ्तार वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। सिरसागंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्वेष कुमार ने बताया कि कुछ लोगों से भरी एक सवारी गाड़ी सिरसागंज थाना क्षेत्र में देहली के पास स्टीयरिंग फेल हो जाने की वजह से अनियंत्रित हो गई और एक गड्ढे में जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से वाहन में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला लेकिन तब तक नीरज (32) और हरिश्चंद्र (55) की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। कुमार ने बताया कि हादसे में 10 अन्य लोग भी जख्मी हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वाहन में सवार सभी लोग रसूलपुर थाना क्षेत्र के राठौर नगर में एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे।

## दिल्ली में आबकारी विभाग की छापेमारी, महंगी शराब की बोतलों में सस्ती शराब भरते पकड़े गए कर्मचारी

**● नरेला में शराब की दुकान पर छापा**

**महंगी बोतलों में सस्ती शराब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग द्वारा नरेला स्थित एक मॉल में की गई छापेमारी में एक शराब की दुकान के कर्मचारी महंगे ब्रांड की बोतलों में सस्ती शराब और पानी मिलाते हुए पकड़े गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आबकारी विभाग के निरीक्षकों की एक टीम ने गुरुवार को सूचना मिलने पर नरेला स्थित मॉल में स्थित दिल्ली राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम (डीएसआईआईडीसी) की शराब की दुकान पर छापा मारा। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि टीम को दुकान आधी खुली मिली और उसमें चार लोग महंगे ब्रांड की खाली बोतलों में सस्ती शराब और पानी मिलाकर भरते हुए पकड़े गए।

टीम को ठेके के बाहर एक गाड़ी भी खड़ी मिली, जिसमें शराब की खाली बोतलों से



भरा एक बैग मिला, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल ठेके के अंदर अवैध रूप से शराब भरने के लिए किया जा रहा था। अधिकारी ने कहा, 'ठेके के कर्मचारी कबाड़ियों से शराब की बोतलें खरीदते थे और उन पर बार कोड लगाकर उन्हें असली और महंगी शराब बताकर बेचते थे। हमने डीएसआईआईडीसी को सूचित कर दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।' स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया और नरेला थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बोतलें और वाहन जब्त कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि विक्रेता से जब्त की गई भरी हुई बोतलों का एक नमूना रासायनिक परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और विक्रेता को सील कर दिया गया है।

## 15 करोड़ के टेंडर में 15% कमीशन की मांग का आरोप: बीएसए समेत तीन पर एफआईआर के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी (क्क्र) अतुल कुमार तिवारी, जिला समन्वयक (निर्माण) विद्याभूषण मिश्रा और जिला समन्वयक (जेम पोर्टल) प्रेम शंकर मिश्रा के खिलाफ एंटी करप्शन कोर्ट ने गंभीर आदेश जारी किया है। न्यायाधीश विपिन कुमार तृतीय ने तीनों अधिकारियों पर 15 करोड़ रुपए के टेंडर के बदले 15% कमीशन मांगने के आरोपों को गंभीर मानते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

**आवेदक का आरोप- टेंडर दिलाने के नाम पर मांगी रिश्वत**

मोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव निवासी मनोज कुमार पांडे ने अदालत को बताया कि उन्होंने 7 अक्टूबर 2024 को जेम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर सप्लाई का 15 करोड़ का टेंडर प्राप्त किया था। आरोप है कि टेंडर स्वीकृति के लिए बीएसए अतुल कुमार तिवारी, विद्याभूषण मिश्रा और प्रेम शंकर मिश्रा ने उनसे 15% कमीशन की मांग की और 50 लाख रुपए एडवांस देने को कहा।

मनोज पांडे के मुताबिक, 4 जनवरी 2025 को उन्होंने बीएसए को 22 लाख रुपए, प्रेम शंकर मिश्रा को 4 लाख रुपए और कुछ रकम विद्याभूषण मिश्रा को दी। बावजूद इसके, उन्हें टेंडर नहीं दिया गया। जब उन्होंने बाकी पैसे देने से इनकार किया तो उनकी फर्म को 2 फरवरी 2025 को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया और फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज करा दिया गया।

**रिश्वत न देने पर ऑफिस से निकाला, फिर लौटाए सिर्फ 1 लाख रुपए**

आवेदक ने बताया कि बीएसए ने धमकी दी कि शेष 24 लाख रुपए दो, वरना फर्म ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी। जब उन्होंने भुगतान से इनकार किया तो उन्हें ऑफिस से धक्का देकर निकाल दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपने पैसे की वापसी मांगी, लेकिन केवल प्रेम शंकर मिश्रा ने 1 लाख रुपए लौटाए जबकि अन्य दोनों अधिकारियों ने कोई रकम नहीं दी। मनोज पांडे का दावा है कि उनके और अधिकारियों के बीच वॉट्सऐप कॉल और संदेशों पर बातचीत भी हुई, जिनका रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। उन्होंने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी गोंडा से भी की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

**कोर्ट ने माना भ्रष्टाचार का मामलाएफआईआर दर्ज करने के निर्देश**

मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (एंटी करप्शन) विपिन कुमार तृतीय ने इसे भ्रष्टाचार का मामला मानते हुए नगर कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं, जिनकी जांच आवश्यक है।

**BSA का पक्ष- 'सभी आरोप निराधार, उल्टे फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लिया गया '**

इस पर बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने किसी से कोई कमीशन नहीं मांगा, न ही किसी से पैसा लिया। उनके अनुसार, आवेदक ने गलत



कागजातों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था, इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया और फर्म को ब्लैकलिस्ट किया गया। उन्होंने कहा, 'जिन लोगों पर कार्रवाई की गई है, वही अब व्यक्तिगत द्वेषवश झूठे आरोप लगा रहे हैं। '

**अब निगाहें पुलिस जांच पर**

कोर्ट के आदेश के बाद नगर कोतवाली पुलिस पर अब एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी आ गई है। मामला शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से जुड़ा होने के कारण जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## कानपुर में अवैध ढंग से बेची कोडीन युक्त सीरप की 2.20 लाख शीशी व नशीली दवा, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अवैध ढंग से संचालित नशीली दवा के कारोबार पर औषधि विभाग की कार्रवाई और तेज हुई है। शनिवार को महाराजपुर के मां दुर्गा मेडिकोज में कोडीन युक्त सीरप फेंसीपिक-टी की बिक्री पर मुकदमा दर्ज किया गया। मुख्यालय में शिकायत के बाद औषधि विभाग की टीम ने जांच की तो पता चला कि उसने लखनऊ की आरपिक फार्मास्यूटिकल्स कंपनी से 2.20 लाख सीरप की शीशियां खरीदकर बेच डाली। टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपित संचालक दुकान में ताला डालकर फरार हो गया।

औषधि निरीक्षक रेखा सचान ने आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। महाराजपुर में हुई कार्रवाई के तार बिरहाना रोड की नील वाली गली में पकड़ी गई नकली दवा के कारोबारी से जुड़े हैं। देवनगर में प्रोपराइटर मेसर्स बालाजी मेडिकल स्टोर के खिलाफ भी अवैध रूप से नशे में प्रयोग होने वाली दवा के मामले में मुकदमा दर्ज करने का पत्र औषधि विभाग की ओर से रायपुरवा कोतवाली में दिया गया है। औषधि निरीक्षक रेखा सचान ने बताया कि 15 अक्टूबर को मुख्यालय से सूचना मिली कि महाराजपुर स्थित मेसर्स मां दुर्गा मेडिकोज द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड, लखनऊ स्थित मेसर्स आरपिक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के यहां से बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त औषधि खरीद कर बेची गई है।

औषधि निरीक्षक औरैया ज्योत्सना आनंद व औषधि निरीक्षक कानपुर नगर ओमपाल सिंह जांच करने मेडिकल स्टोर पहुंचे तो वह बंद मिला। दुकान मालिक हाथीपुर निवासी अवधेश श्रीवास्तव से पता चला कि मेडिकल स्टोर कई दिन से बंद है। जांच में मेसर्स मां दुर्गा मेडिकोज का लाइसेंस फीलखाना निवासी रोहन पचौरी के नाम जारी होने की बात पता चली। जांच टीम ने रोहन को कई बार बुलाया, लेकिन वह एक बार भी नहीं आया। पता चला कि आरोपित रोहन ने मेसर्स मां दुर्गा मेडिकोज के माध्यम से आरपिक फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड से दो लाख 20 हजार 586 शीशी कोडीन युक्त औषधि



फेंसीपिक-टी सीरप खरीद कर अवैध रूप से बेची।

आरोपित ने औषधि विभाग के कार्यालय में दुकान बंद करने की भी सूचना नहीं दी। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। देवनगर में बालाजी मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर नशे में प्रयोग होने वाली दवा के विक्रय की सूचना मिली थी। वहां पर स्टोर सील कर कार्रवाई की गई थी। मौके पर 2,100 कोडीनयुक्त सीरप की बोतल व 10 हजार 800 नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां पाई गईं। इसके खिलाफ फर्जी लाइसेंस की आड़ में नशे का कारोबार करने के लिए मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

## सरोगेसी कानून में आयु सीमा पर दिल्ली HC का निर्णय, 57 वर्षीय पति और 42 वर्षीय पत्नी को दी अनुमति

**● दिल्ली ॥ष्ट का सरोगेसी पर अहम फ़ैसला**

**दंपति को सरोगेसी की मिली अनुमति**

**आयु सीमा के नियम में मिली राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम- 2021 के तहत पति के निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक होने के बावजूद दिल्ली हाई कोर्ट ने एक इच्छुक दंपति को सरोगेसी प्रक्रिया अपनाने की अनुमति दे दी है।

**पति की आयु 57 वर्ष और पत्नी की आयु 42 वर्ष**

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि दंपति ने अधिनियम के लागू होने से पहले सरोगेसी प्रक्रिया शुरू की थी, इसलिए धारा 4(iii)(वी)(सी)(आइ) के तहत आयु सीमा उन पर लागू नहीं होगी। यह प्रविधान सरोगेसी चाहने वाले इच्छुक दंपत्तियों के लिए आयु सीमा निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि महिला की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि पुरुष की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं, वर्तमान मामले में पति की आयु 57 वर्ष और पत्नी की आयु 42 वर्ष बताई गई थी।

**सरोगेसी प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित**

दंपति ने याचिका में तर्क दिया था कि आईवीएफ सहित गर्भधारण के कई असफल प्रयासों के बाद चिकित्सकों ने उन्हें माता-पिता बनने के लिए सरोगेसी को एकमात्र व्यवहार्य विकल्प मानने की सलाह दी थी। दंपति ने तर्क दिया कि चूंकि पति अधिकतम आयु सीमा पार कर चुका था, इसलिए उसे सरोगेसी प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

**मौलिक अधिकार का उल्लंघन**

यह भी तर्क दिया कि उन्होंने यह प्रक्रिया छह जनवरी, 2021 को ही शुरू कर दी थी, जो कि अधिनियम के लागू होने से पहले ही शुरू हो गई थी, जबकि अधिनियम 25 जनवरी 2022 को लागू हुआ। यह भी कहा कि अधिनियम की धारा



4(iii)(वी)(सी)(आइ) का कठोर प्रयोग भेदभावपूर्ण, मनमाना है और प्रजनन स्वायत्तता के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है।

**सरोगेसी प्रक्रिया करने की अनुमति दी**

उक्त तर्कों को स्वीकार करते हुए अदालत ने माना कि याचिकाकर्ताओं ने अधिनियम के लागू होने से पहले सरोगेसी प्रक्रिया शुरू की थी, ऐसे में अदालत के विचार में अधिनियम की धारा 4(iii) (वी)(सी)(आइ) याचिकाकर्ताओं पर लागू नहीं होगी। साथ ही पति की उम्र की परवाह किए बिना, दंपति को सरोगेसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी गई।

# संक्षिप्त खबरें

## महसो चौराहे पर भगवान खाटू श्याम जन्मोत्सव पर भव्य आरती व प्रसाद वितरण



**बस्ती।** बस्ती जिले में भगवान खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण का आयोजन पूरे उल्लास के साथ किया गया। इसी क्रम में सदर ब्लॉक के महसो चौराहे पर शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में भगवान खाटू श्याम की आरती उतारी गई। आरती के उपरांत भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिव प्रताप सिंह ने बताया कि 'बाबा खाटू श्याम के आशीर्वाद से हर वर्ष दर्शन करने के बाद हम लोग आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन करते हैं। इस परंपरा में क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी रहती है। इस अवसर पर विशाल सिंह, शिवम सिंह, शांटू सिंह, प्रमोद मोदनवाल, रवि मोदनवाल, आदित्य मोदनवाल, निर्भय पार्क, शिवम मोदनवाल, क्षेत्र पंचायत द्वितीय के भावी प्रत्याशी उमेश यादव मिथुन, अनमोल श्रीवास्तव सहित तमाम भक्तजन उपस्थित रहे।

## पिक-अप की टक्कर से टैंपो चालक की मौत



**घाटमपुर-** कानपुर के महाराज पुर थाना क्षेत्र के नरवल मोड़ के पास शनिवार देर रात एक तेज पिक-अप ने आटो में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि आटो चालक अपनी सीट से उछल कर बाहर जा गिरा चालक के सिर पर डिवाइडर लगने से उसको गंभीर चोट आ गई, हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, कानपुर के रेलबाजार निवासी काशीनाथ शर्मा 32 वर्ष आटो चालक थे, परिवार में पत्नी संगीता ,बेटा क्रष्णा, नैतिक,और अनन्या है, परिजनों ने बताया कि काशीनाथ आटो में संवारी भर कर महाराज पुर गए थे, और वहां से वापस घर आ रहे थे,तभी नरवल मोड़ के पास पीछे से पिक-अप ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि काशीनाथ अपनी सीट से उछल कर बाहर जा गिरे,और आटो थोड़ी दूर जाकर पलट गई, काशीनाथ के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई परिजन कांशीराम अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे म्रत घोषित कर दिया, इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आकर हरियाणा के युवक की मौत



**बलरामपुर-** महराजगंज तराई। गोमतीनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान मक्खन नाथ (32) पुत्र महावीर नाथ निवासी ढाणी लखजी मजरा ऐलनाबाद, जिला सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। घटना सुबह करीब 10:30 बजे कौवापुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। लखनऊ से गोरखपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस (15082) के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी बलरामपुर की टीम ने छानबीन की। जीआरपी उपनिरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया कि मृतक के परिजनों की घटना की सूचना दे दी गई है।

## रईस अहमद का स्वागत जारी, गोंडा में हुआ भव्य अभिनंदन

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव रईस अहमद के स्वागत का सिलसिला लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी है। गोंडा सदर में चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. राशिद इक़बाल के आवास पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. राशिद ने कहा कि रईस अहमद की स्वच्छ छवि और समर्पण से पार्टी और मजबूत होगी। वहीं रईस अहमद ने कहा कि डॉ. राशिद सदैव कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं और अपने व्यक्तित्व से लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इस मौके पर डॉ. डिअर, शीटू, पिंटू, डॉ. विक्की, लुत्फी भाई, डॉ. जमशेद, अमीर अहमद भाई, आज़म भाई, गुड्डू भाई, नौखेज भाई, अली खान, रमज़ान भाई, दिलशाद खान, मोअज्जम भाई समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के नाम पर चल रहा लूट एडिशनल सीएमओ अशोक चौधरी के लूटतंत्र का खुला बाजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग के नाम पर चल रहा एडिशनल सीएमओ अशोक चौधरी के लूटतंत्र का खुला बाजार,जनता के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा मौत का खतरा अपने करतूतों से कही सीएमओ व अन्य अधिकारियों को मुश्किल मे ना डाल दे एडिशनल सीएमओ अशोक चौधरी के कारनामे से विभाग में खुलेआम कर रहे DYCM बृजेश पाठक की छवि खराब? खादी कनेक्शन या कुछ और आखिर क्यों इतने सालों से बस्ती में जमा भ्रष्टाचार का खलनायक, किसकी सहमति से पनप रहा ACMO अशोक चौधरी के अवैध वसूली का साम्राज्य बरकरार है डॉक्टर अशोक चौधरी के आगे सीएमओ नतमस्तक हैं सीएमओ की कमजोरी को डॉक्टर अशोक चौधरी द्वारा कैच कर लिया गया है इसीलिए जिले में अल्ट्रासाउंड के लाइसेंस के लिए मोटे रकम मसूली जा रही है तथा स्वास्थ्य विभाग में जमकर भ्रष्टाचार का बोलबाला हैडॉ अशोक चौधरी का रसूख इतना की इनके इशारे पर जिले में बिना योग्यता, संसाधन व निरीक्षण के धड़ल्ले से चल रहा सैकड़ों अवैध अस्पताल,नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी डॉ अशोक चौधरी ने सीएमओ ऑफिस के अंदर अपनी एक वसूली टीम खड़ी कर दी है, इसमें स्टेनो से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कई कर्मचारी भी शामिलअब तक स्वास्थ्य विभाग ने कई शिकायतों पर जांच बैठाई जिन शिकायतों में जांच के लिए अशोक चौधरी को शामिल किया उन मामलों में बस जांच की औपचारिकता पूरी कर इनके द्वारा आरोपियों को बचाया गया, फर्जी रिपोर्टो से शिकायतें दबा देने में माहिर है साहब

रिश्वतखोर अशोक चौधरी सीएमओ कार्यालय में बन बैठे है अवैध वसूली के सुपरबॉस, नियमों को ठेंगा दिखा अपने ऑफिस के मेज पर तय कर रहे लाइसेंस की कीमत मोटी रकम मसूली जाती है विभाग जांच के नाम पर भ्रष्टाचार में समलता पाई जा रही है जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे हैं कार्रवाई कैसे हो पाएगा स्वास्थ्य विभाग का कल्याण इनकी संपत्तियों व आमदनी का हिसाब लगाना भी मुश्किल,डॉ अशोक चौधरी के इस गोरख-धंधे पर सीएमओ की चुप्पी,आखिर मौन स्वीकृति या संलिसता के कारण स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया हैआखिर कैसे लगे भ्रष्टाचार पर लगाम जब स्वास्थ्य विभाग खुद थामे हो वसूली की कमान?

# नवागत जिलाधिकारी जन समस्यायों से हुईं रूबरू, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**●तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप शनिवार को तहसील हरैंया सभागार में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आयें नागरिको ने अपनी समस्याए जिलाधिकारी के समक्ष रखी। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 89 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 08 निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिन समस्याओं का समाधान मौके पर नही हो सका है उसका संबंधित अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करे ताकि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत मिल सकें। उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवादों एवं नामांत्रण संबंधी मामलों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाय तथा न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित हों। समाधान दिवस में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित शिकायतों का त्वरित व न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाय तथा शिकायतकर्ताओं से सरल व व्यवहारपूर्ण तरीके से उनके समस्याओं को जाने। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ डा. शिरीन, पीडी राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी, सीवीओ डा. अरूण गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, जिला सेवा योजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, डीएसओ विमल कुमार शुक्ला, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, ए-आर-कोआपरेटिव आशीष श्रीवास्तव, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, डीएलसी सचिन सिंह, एलडीएम आर.एन. मौर्या, बीएसए अनूप तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार,प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# लगातार बारिश से बर्बाद हुई किसानों की मेहनत - धान सड़ने लगी, आलू की बुआई पर संकट

**●किसानों के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है धान की फसल तो बर्बाद हो चुकी और आलू और सरसों के लिए भी खतरनाक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** बस्ती जिले में मोंथा तूफान के कारण पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जहां एक ओर धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं दूसरी ओर आलू बोने वाले किसानों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है। बरसात के मौसम में पर्यास वर्षा न होने के कारण किसानों को पहले ही पंपसेट के सहारे खेतों में पानी भरकर धान की खेती करनी पड़ी थी। इससे उनकी लागत तो बढ़ गई, लेकिन पैदावार अपेक्षाकृत कम रही। अब जब किसान अपने खेतों में मेहनत की फसल काटने में जुटे थे, तभी अचानक हुई तेज बारिश और हवाओं ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया।

कई खेतों में खड़ी फसल तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गई, जबकि जो फसल पहले ही कटकर खेतों में पड़ी थी, वह अब सड़ने लगी है। खेतों में इकट्ठा की गई धान की पूलों में नमी जमने से फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है। वहीं, जिन किसानों ने धान को 'मड़ाई' कर इकट्ठा रखा था, उसमें भी नमी के कारण अंकुरण शुरू हो गया है। इस तरह किसानों को एक साथ दोहरी मार झेलनी पड़ रही है – पहले सूखे के चलते लागत बढ़ी और अब बेमौसम बारिश ने तैयार फसल को बर्बाद कर दिया। खेतों में पानी भर जाने से नई फसलों की तैयारी और आलू की बुआई भी प्रभावित हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानो क्या कहना है कि अब वह सरकार से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं ताकि उन्हें हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके और वह गेहूं की बुवाई कर सकें अब देखना यह है कि बिहार के विधानसभा चुनाव के अपना ध्यान केंद्रित किए हुए केंद्र और राज्य सरकार इस पर क्या रुख अपनाती हैं

# बीडीओ बहादुरपुर बिगड़े बोल भ्रष्टाचार की खबर लिखने से पहले प्रधान व सचिव की ले अनुमति- बीडीओ

**●-दिहाड़ी मजदूर के बयान पर जिम्मेदारों की चुप्पी वीडियोग्राफी में प्रधान ने दी सफेद दलील-जब केवल कागजों में रहेगा मनरेगा एक्ट कानून तो कैसे मिलेगा गरीबों को रोजगार**

**कमिशन का रेट बढाने के लिए नियमों की हदें लांघ रहे भ्रष्टाचारी बीडीओ की भूमिका संदिग्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केबहादुरपुर विकास खण्ड वीडियो के बिगड़े बोल क्या पत्रकार भ्रष्टाचार की खबर लिखने के लिए सचिन और प्रधान से हनुमत लेनी पड़ेगी यह कौन सा नियम कानून वीडियो द्वारा चलाया गया ऐसे खंड विकास अधिकारी को भ्रष्टाचार में संलिप्त के कारण पत्रकार को दिया नसीहत में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत सोनबरसा में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य में सचिव और प्रधान द्वारा दिहाड़ी मजदूरों से काम कराया जा रहा है और पंचायत के दर्जनों कार्ड धारकों के नाम फर्जी हाजिरी जारी की जा रही है। कमिशन का रेट बढ़ाने के लिए ज़िम्मेदार कार्यवाही शुरू करने के बजाय मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार - बहादुरपुर ब्लाक के सोनबरसा ग्राम पंचायत में इंटरलाकिंग का कार्य चल रहा है वही वीडिओ की खुली छूट से सचिव व प्रधान मनमानी करने पर उतारू है। जाब कार्ड धारक साइड पर नही मिले लेकिन कागज में उनकी उपस्थित दर्ज हो रही है ।दिहाड़ी मजदूरों से काम होने से मनरेगा योजना की खुल्लेआम पंचायती राज के नियमो की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।ग्रामीणो की शिकायत पर पहुंची मीडिया टीम को पता चला कि इंटरलाकिंग निर्माण कार्य की साइड पर नरेगा मजदूर काम करते नही मिले साइड पर उपस्थित मज़दूरों ने दिहाडी पर काम करने बयान दिया हैरान करने वाली बात यह है कि मामले को खण्ड विकास अधिकारी से अवगत कराया गया किन्तु साहब अपनी मनमानी से नरेगा मजदूरों के अधिकारो व हक पर ग्रहण लगा कर उन्हे ठेंगा दिखाया जा रहा हैं ।38 मज़दूरों की लगी फर्जी हाजिरी को लेकर जब संवाददाता ने मामले में उनसे बात की,तो उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार बंधुओं को खबर उठाने/लिखने से पहले प्रधान व सचिव से मिल लेना चाहिए । अपनी ही बयान से खण्ड विकास अधिकारी खुद सवालों के घेरे में फंसते नजर आ रहे हैं इससे साफ हो जाता है कि अपने कमिशन के लिए साहब किसी भी हद तक जा सकते हैं।

# दो दिनों से चल रही झमाझम बारिश में भी जिले में 5780 मनरेगा मजदूरों की लगी फर्जी हाजिरी

**● डीएम और सीडीओ के कड़े निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य के नाम पर चला जमकर फर्जीवाड़ा**

**उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर रोजगार सेवकों व महिला मेटो ने मनरेगा कार्य के नाम पर किया जमकर खेल**

**झमाझम बारिश में लगे मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी के मस्टर रोल को जीरो करना सभी बीडीओ के लिए बना चुनौती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती-** जहां पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से बरसात व आंधी तूफान का कहर जारी है और लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है वही दूसरी तरफ जिले के सभी विकासखंडों में बड़े पैमाने पर मनरेगा मजदूरों के नाम फर्जी हाजिरी लगाई गई है । दो दिनों से लगातार चल रही झमाझम बारिश में सभी विकासखंडों में 5780 मनरेगा मजदूर की फर्जी हाजिरी लगाई गई है अर्थात् दोनों दिनों में मिला कर 778530 रुपये की फर्जी हाजिरी लगाने में रोजगार सेवकों व महिला मेट सफल हैं । आपको बता दें कि बस्ती जिले समेत पूरे देश में लगातार भारी बारिश हो रही है और भरी बरसात का हाई अलर्ट भी जारी है फिर भी जिले के सभी विकासखंडों में दिनांक 30 -10 - 2025 को 2689 व दिनांक 31 - 10 - 2025 को 2689 मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई गई है ।

दिनांक 30 -10 - 2025 को कप्तानगंज ब्लॉक में सबसे ज्यादा 490 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगी है और दुबौलिया ब्लाक में सबसे कम मात्र 12 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है । ब्लाक बहादुरपुर में 398, बस्ती 289 ,गौर 28 ,बनकटी 437,कुदरहा 248,परसरामपुर 223, रुधौली 70, सल्टौवा गोपालपुर 40, साऊंघाट 130, हरैया 254 व विक्रमजोत में 70 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगी है । ब्लाक रामनगर में एक भी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी नही लगा है । दिनांक 31 -10-2025 को ब्लाक हरैया में सबसे ज्यादा 560 व दुबौलिया में मात्र 06 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगी है । ब्लॉक बहादुरपुर 264, बनकटी 181,बस्ती 187 , गौर 10,कप्तानगंज 564 ,कुदरहा 201,परशुरामपुर 305 ,रामनगर 307 , रुधौली 70 , सल्टौवा गोपालपुर 40 , साऊंघाट 95 व विक्रमजोत में 331मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई है । इस प्रकार स्पष्ट है कि मनरेगा कार्य के नाम पर ग्राम पंचायतों में जमकर भ्रष्टाचार चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी कुंभकर्णी नींद में मस्त है और बाद में लेन-देन करके मामले को रफा दफा करने में सफल रहते हैं । विकासखंड दुबौलिया में बीडीओ संदीप सिंह की सक्रियता से ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार रुका हुआ है । अब बड़ा सवाल यह है कि झमाझम बारिश में मनरेगा आनलाइन साइट पर फर्जी फोटो के सहारे अपलोड की गई मनरेगा मजदूरों के फर्जी मस्टर रोल को संबंधित खंड विकास अधिकारी जीरो कर पाते हैं या नही जिसको लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है । उक्त प्रकरण में सार्थक अग्रवाल ने बताया कि किसी भी हाल में झमाझम बारिश में लगे मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी के मस्टर रोल का भुगतान नहीं होगा जांच कराकर जारी ऑनलाइन फर्जी मस्टर रोल जीरो होगा।

# बलरामपुर में जच्चा बच्चा दोनों की मौत, SPM हॉस्पिटल डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** के भगवतीगंज स्थित एसपीएम अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। शंकरपुर गांव निवासी पवन कश्यप की पत्नी शीला (32) को 31 अक्टूबर की रात प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद उन्हें जिला महिला अस्पताल ले जाया गया। वहां ऑपरेशन संभव न होने पर परिवार शीला को एसपीएम अस्पताल लेकर पहुँचा। परिजनों के अनुसार, अस्पताल संचालक ने 28 हजार रुपये में ऑपरेशन करने की बात कही। रात लगभग 11:20 बजे संयुक्त जिला चिकित्सालय की महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह ने ऑपरेशन कर बच्ची को जन्म दिलाया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टर दोबारा मरीज को देखने नहीं आई, जबकि सुबह से ही शीला की तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई थी। लगातार गुहार के बावजूद अस्पताल कर्मियों ने डॉक्टर को बुलाने में लापरवाही बरती। शाम करीब 4:30 बजे स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर देर से पहुंचीं और रेफर करने की सलाह देकर वापस चली गईं। परिजन शीला को दूसरी जगह ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। आप को बताते चले कि यह हॉस्पिटल अभी हालही में खुला है व किसी सपा के नेता का बताया जा रहा है। महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ और कर्मी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पहुंचकर माहौल को शांत कराया। मृतका के पिता ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर की मांग की है। सीएमओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## मारने पीटने के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसहनिया उर्फ शीशमहल निवासिनी पुष्पा देवी ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर अपने पति व जेठ, जेठानी तथा ननद पर आए दिन मारने-पीटने व गाली-गलौज के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। पुष्पा देवी के तहरीर पर पुलिस ने पति समेत कुल चार लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के सिसहनिया उर्फ शीशमहल निवासिनी पुष्पा देवी ने अपने पति, जेठ, जेठानी व ननद पर प्रताड़ित करने व मारने पीटने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायती पत्र पाकर पति विनय कुमार, जेठ विजय, जेठानी सावित्री, ननद माया व संजू के खिलाफ धारा 85, 115(2), 191(2), 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पुष्पा देवी की तहरीर पर पति समेत कुल चार लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राम बुझारत आत्मदाह प्रकरण की हाईकोर्ट में सुनवाई कल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गैड़ास बुजुर्ग के बहुचर्चित राम बुझारत आत्मदाह प्रकरण में हाईकोर्ट की अगली सुनवाई से पहले प्रशासन ने गोपनीय रिपोर्ट तैयार की। दो वर्ष पूर्व 23 अक्तूबर 2023 को हुई घटना में अब हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। 8 अक्तूबर को लखनऊ खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा था कि आखिर अभियोजन स्वीकृति अब तक क्यों नहीं दी गई। इसी के मद्देनजर बलरामपुर प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने का निर्णय लिया। तीन नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में यह रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी।

जिला प्रशासन की ओर से तैयार रिपोर्ट में कई अहम बिंदु शामिल किए गए हैं। वहीं कार्रवाई में देरी पर बचाव का रास्ता भी निकाला गया है। यह रिपोर्ट अभियोजन स्वीकृति, विभागीय जांच और एसआईटी की अनुशंसाओं से जुड़ी है। शासन के निर्देश पर इसे लखनऊ भेजे जाने की प्रक्रिया देर शाम तक जारी रही। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में तत्कालीन थानाध्यक्ष पवन कुमार कनौजिया के खिलाफ एसआईटी की जांच टिप्पणियों का विस्तृत उल्लेख किया गया है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने विभागीय कार्रवाई, साक्ष्य संकलन और पीड़ित परिवार से हुई पूछताछ के बिंदुओं को भी शामिल किया है। एसपी कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय के बीच दिनभर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की कवायद होती रही। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि घटना के बाद जिलाधिकारी न्यायालय पर एक प्रकरण की सुनवाई हो रही है, जो अभी विचाराधीन है। साथ ही पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर भी तत्कालीन थानाध्यक्ष ही दोषी मिले थे, जिन्हें निलंबित किया गया था। इन तथ्यों को शामिल किया गया है।


**तीन को तय होगी तत्कालीन थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की दिशा**

तत्कालीन थानाध्यक्ष पवन कुमार कनौजिया, जो वर्तमान में आईजी देवीपाटन कार्यालय में तैनात हैं, एसआईटी रिपोर्ट में आरोपी बनाए गए थे। अब हाईकोर्ट के आदेश पर उनकी अभियोजन स्वीकृति का मामला निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। मृतक की पत्नी कुसुमा देवी ने कहा कि प्रशासन और शासन के रवैये से वे निराश हैं, लेकिन अब न्यायपालिका से उम्मीद है। तीन नवंबर की सुनवाई में क्या प्रशासनिक रिपोर्ट न्याय के रास्ते को आगे बढ़ाएगी, इस पर पूरे जिले की निगाहें टिकी हैं।

# थाना महराजगंज तराई पुलिस द्वारा कानूनी पाठशाला का किया आयोजन

**●मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत छत्राओं, महिलाओं को किया जागरूक।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज तराई/बलरामपुर -** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे राज्य व्यापी नये अपराधिक कानूनों के प्रति जागरुकता अभियान 5-0 के तहत थाना महराजगंज तराई पुलिस द्वारा आज दिनांक 2-11-2025 को थाना क्षेत्र अंतर्गत रमाईडीह आदर्श बाल विद्या मंदिर विद्यालय व ग्राम रामस्वरूप पुरवा में जागरुकता कार्यक्रम चलाकर छात्राओं, महिलाओं को जागरुक कर 03 नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS) दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ( BNSS) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (BSA) के संबंध में जानकारी दी गयी, उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव कार्यक्रम में पूर्व प्रचलित अपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर नये कानून की आवश्यकता एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया , उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने कहा कि जहां पूर्व में दंड व्यवस्था को अत्यधिक महत्व दिया जाता था उसके स्थान पर नये कानून में न्याय व्यवस्था स्थापित करते हुए कानून को और अधिक व्यवहारिक एवं पीड़ित केंद्रित बनाया गया है, इस प्रकार पूर्व प्रचलित भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS) दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ( BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (BSA) को 1 जुलाई 2024 से लागू कर दिया गया है, विशेष रुप से शून्य एफ आई आर ( 0- FIR) E-FIR समय बद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी प्रावधान नये अपराधों की परिभाषा तथा फोरेंसिक विज्ञान एवं प्रोधोगिक के रुप में उपयोग से जुड़ा प्रावधानों पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला , मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव , आरक्षी प्रमोद कुमार , नीरज कुमार मिश्रा द्वारा मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना वृधा , विधवा पेंशन बेटी बचाओं बेटी पढाओ आदि योजना के बारे में जानकारी साझा की , महिला आरक्षी अनीता गुप्ता ,स्वेता मद्धेशिया ,सपना राज द्वारा बाल विवाह , दहेज , मिशन शक्ति , महिला साइबर सेल आदि पर विस्तृत जानकारी दी।

# संक्षिप्त खबरें

## भक्ति जागरण में झांकियों और भजनों से झूमे श्रद्धालु



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के खजूर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। इस मौके पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कानपुर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। मधुर भक्तिमय सुरों को सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। जय मां गंगा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और सीता की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। कलाकारों ने भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। कथा के समापन पर हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात तक भजन संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर संयोजक दीपक कुमार सविता, पवन सिंह, धुन्नर सिंह, दादा बबलू सोनी, गुड्डू सिंह, फाना मिश्रा, संजय सविता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरा गांव प्रभु नाम के जयकारों से गूंज उठा।

## गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार पुलिस ने मु0अ0सं0 172/2025 धारा 8/20 एन डीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ओमप्रकाश मिश्रा पुत्र श्रवण कुमार मिश्रा ग्राम महादेव मिश्रा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर तथा महिबुल्लाह पुत्र सैदुल्लाह गौरा बाजार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी है। जिनके पास से पुलिस ने 01 किलो 149 ग्राम गांजा व एक अदद एंड्रायड मोबाइल तथा एक मोटर साईकिल बरामद किया गया। अभियुक्त महिबुल्ला पुत्र सैदुल्ला साकिन गौरा बाजार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर का अपराधिक इतिहास मु0 अ0 सं0 55/2019 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मु0 अ0 सं0 1643/2016 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय हरेकृष्ण उपाध्याय, उ0नि0 मुनीन्द्र कुमार त्रिपाठी, हे0 का0 शैलेन्द्र गिरी, हे0 का0 बलराम राणा, का0 पन्ने लाल शामिल रहे।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बोलेरो पलटी, दो घायल; अयोध्या से दिल्ली जा रहे थे गाड़ी सवार

**लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार पलटी**
**दो लोग गंभीर रूप से घायल**
**अयोध्या से दिल्ली जा रही थी कार चालक को नींद की झपकी आने से गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें मृत्युंजय और राहुल चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उ**



**फतेहाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की रात अयोध्या से दिल्ली जा रही बोलेरो चालक को झपकी लगने से डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अयोध्या से दिल्ली जा रही थी बोलेरो**

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे हुए हादसे में बोलेरो सवार मृत्युंजय पुत्र इन्द्रकुमार, राहुल चोबे पुत्र कृष्ण कुमार निवासीगण अयोध्या गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीडा के सुधीश शुक्ला और चौकी प्रभारी लुहारी देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद घायलों को किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोलेरो में कुल पांच लोग सवार थे।

# अवैध व मानक विहीन हॉस्पिटलों की दहलीज से कब तक निकलती रहेगी लाशे, आखिर कब होगी मौत के खिलाड़ियों पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लहरपुर (सीतापुर)** तहसील क्षेत्र के कस्बे और गांवों में गरीबों की जिंदगी से खेलने के लिए मानकों को दरकिनार करके लगातार अस्पताल खोले जा रहे हैं, इनमें न तो चिकित्सक होते हैं और न ही किसी नियमों का पालन किया जाता है मरीज की हालत कैसी भी हो, बस पैसा ऐंठने के मकसद से भर्ती करके इलाज शुरू कर देते हैं बाद में स्थिति और ज्यादा बिगड़ने पर रेफर कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। इसी वजह से अधिकांश लोग गलत इलाज के कारण प्रतिदिन अपनों को खो रहे हैं। दिलचस्प पहलू ये है कि अधिकांश हॉस्पिटल सिर्फ अभिलेखों में ही मानक पूरा कर रहे हैं रजिस्ट्रेशन में नामित डॉक्टर हॉस्पिटल में उपस्थित नही रह रहे हैं उनकी जगह दूसरे डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहे हैं मानकों के अनुसार पंजीकृत डॉक्टर की हॉस्पिटल में उपस्थिति अनिवार्य होती है हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने के लिए संचालक को डॉक्टर की डिग्री जमा करना होता है। डॉक्टर के नाम से ही हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद हॉस्पिटल में नामित डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य है। सच्चाई के आइने में झांकें तो इन हॉस्पिटलों में जरूरत पड़ने पर बाहर से डॉक्टर बुलाकर मरीज का ऑपरेशन करा दिया जाता है और वह डॉक्टर ऑपरेशन करने के बाद अपना शुल्क लेकर चले जाते हैं। ऑपरेशन के पहले और बाद में अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथ से ही मरीज का इलाज हो रहा है जिले के अधिकांश निजी अस्पतालों में छोटे-बड़े ऑपरेशन तक की व्यवस्था है विभिन्न डिग्रियों के सहारे पंजीकरण वाले इन अस्पतालों में प्रसव के अलावा पथरी, हड्डी, गाल ब्लेडर, हाइड्रोसील, हार्निया आदि की सर्जरी भी कराई जा रही है। जानकारों की माने तो इन अस्पतालों के पंजीकरण में सर्जन का उल्लेख नहीं रहता है अस्पताल संचालक ऐसे मरीजों को भर्ती करने के बाद सर्जरी के लिए चिकित्सक बाहर से बुला लेते हैं इसी आधार पर छोटे स्तर के निजी अस्पतालों में भी मरीजों का ऑपरेशन कराया जा रहा है इस पूरे गड़बड़झाले मे स्थानीय स्तर से लेकर स्वास्थ्य महकमे के जिले तक के आला अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है!!

## धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाए गए श्रीश्याम जन्मोत्सव एवं भाव जान महोत्सव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)** कोतवाली बिसवां के निकट स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर और श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनीगंज में शनिवार को श्री श्याम जन्मोत्सव एवं भाव जान महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाए गए। दोनों स्थलों पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित भाव जान महोत्सव में लखनऊ से नेहा द्विवेदी और गोरखपुर से जीतू चक्रधारी ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर सेवा समिति के सेवादारों ने श्रद्धालुओं का प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान बाबा का गजरा महोत्सव, छप्पन भोग और महा आरती का आयोजन हुआ। वहीं श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनीगंज में भजन गायकों अनुराग अखण्ड, योगिता गुप्ता, मयूर वर्मा, अम्बर श्रीवास्तव और कपिल गुप्ता ने सुरीले भजनों से समां बांध दिया। भक्त झूमते-नाचते बाबा के भजनों में लीन नजर आए। कार्यक्रम में अखंड श्याम ज्योति प्रज्ज्वलन, छप्पन भोग और मध्यरात्रि केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया।

दोनों आयोजनों में भक्तों ने देर रात तक 'श्याम तेरी बंसी पुकारे...' और 'जलती रहे ज्योति तेरी...' जैसे भजनों पर नृत्य कर बाबा श्याम से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खुद को निजी इंश्योरेंस कंपनी कर्मी बताकर अच्छे रिटर्न का दिया झांसा, डॉक्टर से ठगे 7 लाख रुपये

**लखनऊ।** आईआईएम रोड के श्री राम आश्रम कैंप निवासी लोक प्रशासन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्रद्धा चंद्रा ने गोमती नगर विस्तार थाने में चार लोगों के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों ने खुद को निजी इंश्योरेंस कंपनी का कर्मी बता अच्छे रिटर्न का झांसा देकर सात लाख रुपये ठगे थे। डॉ. श्रद्धा ने बताया कि उनकी बेटी गोमती नगर के एक निजी स्कूल में पढ़ती है। बेटी की सहेली ने उनकी मुलाकात अयोध्या के वजीरगंज निवासी अपनी मां सोनाली मिश्रा और पिता प्रदीप मिश्रा से कराई। सोनाली ने पति प्रदीप को निजी इंश्योरेंस कंपनी में अधिकारी बताया। आरोप है कि सोनाली, प्रदीप और उनके साथ मिलकर प्रवीण सक्सेना और तुषार ने झांसे में लेकर सात लाख रुपये ले लिए। इसके बाद पीड़िता ने कंपनी की डिटेल और पेपर मांगे तो कोई जवाब नहीं मिला। विरोध पर टाल-मटोल करने लगे। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर चारों के खिलाफ गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## डीएम ने देर रात सीएचसी का किया निरीक्षण दो अनुपस्थित डॉक्टरों का वेतन रोकने के निर्देश

**● गंदगी पर जताई नाराजगी व्यवस्था सुधारने को कहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया उनके अचानक पहुंचने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का गहनता से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अस्पताल में कई खामियां मिलीं। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि दो डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि नदारद डॉक्टरों का एक दिन का वेतन रोक दिया जाए और उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. राजा गणपति आर ने अस्पताल की ओपीडी आपातकालीन कक्ष और दवा भंडार कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत कर उपचार और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली मरीजों ने बताया कि कुछ सेवाएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं इस पर डीएम ने मौके पर ही सीएचसी प्रभारी को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कराने के आदेश दिए उन्होंने कहा कि अस्पताल जनता की सेवा के लिए है इसलिए यहां किसी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी निरीक्षण के दौरान मीडिया कर्मियों को अस्पताल परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जांच प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और किसी भी लापरवाह अधिकारी या कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई होगी उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो!!

## UP Kabaddi LeagueTaste Of Lucknow: लखनऊ के हर कोने पर दरख्त हैं खाने और खिलाने वालों के

**● यूनेस्को ने लखनऊ को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी से नवाजा है। यहां का खानपान विश्वस्तरीय है यह बात समझने में यूनेस्को को देर हो गई।**

**लखनऊ की लज्जत को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं, स्वाद से रची-बसी गलियों का यह शहर सदियों से जायके का मानक रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** प्रदेश के बाकी शहरों में जब चाट वाले घर लौटने की तैयारी कर रहे होते हैं, लखनऊ के गोपाल बाबू तब अपना ठेला लेकर चौक में इलाहाबाद बैंक के पास प्रकट होते हैं। रात नौ बजे। ठेले पर देसी घी से बनी चाट होती है, जिसे खाने का सिलसिला आधी रात के बाद तक चला करता है। कुछ समझे आप! खिलाने वाला जितना लाजवाब है, खाने वाले भी उतने ही बेजोड़ हैं, जो रात के खाने के बाद चाट उड़ाने चौक पधारते हैं और जितने प्रेम से रोटी या पराठे खाकर आए होते हैं, उतना सम्मान पानी वाले बताशों को देते हैं। यूनेस्को को बड़ी देर लगी लखनऊ को जानने में, हम लखनऊ वाले तो गली कोने घूम-घूम कर बरसों पहले अपने शहर के खानपान को नंबर वन का दर्जा दे चुके थे।

जैसे बनारस लस्सी की राजधानी है, ठीक वैसे ही लखनऊ चाट की राजधानी है। जैसे बनारस में मशहूर दुकानों के अलावा भी सब जगह आपको लस्सी की बहार मिलेगी, वैसे ही लखनऊ का हर कोना टिक्की और उसके भाई-बहनों से मुस्कुराता मिलेगा। न हो भरोसा तो किसी दिन लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति आवास और कैलाश हास्टल के बीच वाली सड़क से मनकामेश्वर मंदिर की तरफ कूच कर जाएं। राह में तिकुनिया पार्क के पास एक ठेला खड़ा मिलेगा। उसके तवे के आलू और बन-मटर खाने के बाद छप्पन व्यंजन फेल न लगें तो बनाने और लिखने वाले पर लानत।

खाने के शौकीन हैं तो सितारा होटल जाकर चाट मंगा ही नहीं सकते, क्योंकि किचन से कमरे तक आते-आते करारी टिक्की बुझी मोमबत्ती हो जाती है। बेजान और लस्त-पस्त। चाट खानी है तो निकलिए घर से और पहुंच जाइए राजा बाजार जहां बीच चौराहे धनिया के आलू और सुहाल मटर प्रतीक्षा में हैं। आलू कड़वे लगें तो पास ही हाजिर है त्रिवेदी जी की दूध वाली बर्फी। यहां से पहले सिटी स्टेशन के पास आज भी चूल्हे पर बना खस्ता मिलता है।

**पुराने आरटीओ के सामने तिवारी के दही बड़े और टिक्की के दीवाने**

पुराने शौकीनों से बात करेंगे तो फौरन वे आपको अमीनाबाद ले जाएंगे जहां कभी डीसीएम गली में केसरवानी चाट के लिए वैसी ही कतारें लगती थीं जैसी आईपीएल के समय इकाना के बाहर दिखती हैं। लाटूश रोड पर पुराने आरटीओ के सामने तिवारी के दही बड़े और टिक्की के दीवाने इतने कि दोने रखने के लिए जगह कम पड़ जाती। अब तो वहीं श्यामलाल आ गए हैं।ह्य

## ईंट मारकर भाई ने भाई का सिर फोड़ा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के शोभापुर गांव में रविवार को मामूली बात को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। भाई ने भाई के ही सिर पर ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव निवासी मोबिन ने बताया कि रविवार को उसके भाई मुकीम से मामूली कहा सुनी हो रही थी। इसी बीच वह आक्रोशित हो गया। मुकीम में ईंट के प्रहार से उसका सिर फोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## मृत पड़े गौवंशों के शवों की दुर्गंध से परेशान आसपास के लोग प्रशासन ने जेसीबी से गड्ढे खुदवाकर किया डिस्पोज


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना मार्ग स्थित पूरे अवसेरी मज़रे मोन के पास सड़क किनारे दो दिन से मृत पड़े गौवंशों के शवों की दुर्गंध से परेशान आसपास के लोगों की शिकायत व आक्रोश को देखते हुए स्थानीय पुलिस व जिम्मेदार प्रशासन ने जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाकर डिस्पोज करा दिया है। दो दिनों से सड़क किनारे पड़े गौवंशीय शवों से उठती तेज़ दुर्गंध के कारण राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो रहा था। जिसकी शिकायत करते हुए स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने मोन ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी अमरेंद्र कुमार को मृत पड़े गौवंशीय शवों को डिस्पोज कराने के निर्देश दिए थे। मामले में हल्का दरोग़ा सुनील चौहान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार व ग्राम विकास अधिकारी अमरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाकर मृत पड़े तीन गौवंशीय शवों को डिस्पोज करा दिया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब डेढ़ माह से रोजाना सुबह यहां एक दो गौवंशो के शव पड़े पाए जाते हैं। जिससे पूरे गांव में दुर्गंध बनी रहती है। गौवंशीय शवों के दफनाने के लिए किसी दूसरी जगह स्थान चिन्हित कराकर समुचित व्यवस्था कराई जाए।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराज़गी दिशा की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राकेश राठौर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार देर शाम सम्पन्न हुई इस दौरान सांसद धौरहरा आनंद भदौरिया और सांसद मोहनलालगंज आरके चौधरी भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसदों ने अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद राठौर ने मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता, कौशल विकास मिशन के प्रचार-प्रसार और प्रशिक्षित युवाओं की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के अनुसार कार्यवाही करने को कहा गया उन्होंने पेंशन योजनाओं के निस्तारण में विलंब न होने, पेंशन अंतरण समय से कराने और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में सांसदों ने सीएमओ को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो और जिला अस्पताल में रात्रिकालीन आपात सेवाएं सुचारु रूप से चलें पशुपालन विभाग को लंपी रोग की रोकथाम हेतु विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। सांसद राकेशनराठौर ने सड़कों के निर्माण कार्यों को मानक के अनुरूप पूरा करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लाभार्थियों की सत्यापन के बाद ही आवास देने और जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मरों के शीघ्र प्रतिस्थापन, लोड सर्वे कराने और जर्जर तारों के बदलने का आदेश दिया गया। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बने शौचालयों की जांच, मंडी समितियों द्वारा निर्मित सड़कों के रखरखाव, पेंशन एवं पारिवारिक लाभ योजनाओं के तहत पात्रों को कैम्प लगाकर लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए बैठक में मंत्री सुरेश राही, विधायक आशा मौर्य, निर्मल वर्मा, रामकृष्ण भार्गव, ज्ञान तिवारी व शशांक त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए अंत में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि माननीयों के निर्देशों का पालन पूर्ण निष्ठा से किया जाएगा!!

## वन विभाग की टीम में दो सांपों को किया रेस्क्यू सुरक्षित जंगल में छोड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद/ लखनऊ** राजधानी लखनऊ के अंतर्गत रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदिया खेड़ा में अचानक एक दुकान में दो सांप निकलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने दोनों सांपों को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र को रविवार सुबह 9 बजे गदिया खेड़ा दौलतपुर रोड पर बनी दुकानों में अचानक सांप निकलने से हड़कंप मच गया गदिया खेड़ा निवासी छोटू पुत्र प्यारे लाल की मार्केट में अमर कुमार मोहन ने दुकान को किराए पर ले रखा है आज जब कस्टमर फर्मा लेने गदिया खेड़ा आया तो अमर कुमार मोहन अपनी दुकान जाकर शटर खोल कर फर्मा उठाने लगा तो देखा उसके नीचे नाग नागिन के जोड़े बैठे हुए थे। यह देख वहां फर्मा छोड़ कर बाहर भाग गया और वह अफरा तफरी मच गई। थोड़ी देर में ही भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं दुकानदार ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर देवेश परांजपे वन दरोगा ताहिर खान, जयराम आर्या व माली गुड्डू ने कड़ी मशक्कत के बाद सफल तरीके से दोनों सांपों को रेस्क्यू किया जब डिप्टी रेंजर देवेश परांजपे से बात की गई तो बताया कि या दोनों नाग नागिन है और यह बहुत ही खतरनाक सांप है ये बहुत ही विषैले सांप होते हैं दोनों सांपों को रेस्क्यू किया जिससे क्षेत्र वासियों को सुरक्षित कर दोनों को ले जाकर रहीमाबाद के जालामऊ स्थित जंगल में छोड़ दिया जिससे किसी को जन माल को कोई खतरा नहीं हुआ और क्षेत्र वासियों से डिप्टी रेंजर देवेश परांजपे ने अपील की यदि किसी भी जानवर या वन जीव दिखे तो उसकी सूचना वन विभाग को दे खुद ही उसको रेस्क्यू करने की कोशिश न करे यदि खुद रेस्क्यू करते हैं तो कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है इस लिए वन विभाग के लोग स्पॉट होते हैं और उनके पास पकड़ने के इस्टयूमेट होते हैं जिससे सभी को सुरक्षित पकडा जा सकता हैं और अनहोनी से बचा जा सकता है।

## सोने की चेन और जेवर पहने हैं तो संभालकर ऑटो में बैठें, महिलाओं का गैंग कर देता है सब पार, सिपाही हुई शिकार



**आगरा।** कन्नौज में तैनात ताजगंज के गोबर चौकी क्षेत्र की रहने वाली महिला सिपाही ऑटो गैंग की महिलाओं का शिकार बन गई। पीड़िता प्रियंका ने बताया कि 31 अक्टूबर को वह पांच दिनों का अवकाश लेकर अपनी सास और बच्चों के साथ घर आ रही थी।

**ऑटो में तीन महिलाएं और बच्चे पहले से थे सवार**

बिजलीघर से ऑटो में बैठकर भगवान टाकीज चौराहे पर उतरी थी। ऑटो में तीन महिलाएं और एक 11 वर्ष की बच्ची पहले से बैठी थी। बच्ची बार-बार उनके पैर पर पैर रखकर ध्यान भटका रही थी। उनके ऑटो से उतरते ही महिलाएं भी तुरंत भाग गई। आगे बढ़ते ही देखा तो उनके गले में पहनी हुई 15 ग्राम की चेन गायब थी। इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देख आरोपित महिलाओं की तलाश की जा रही है।

## सीएम योगी ने बहराइच में नाव हादसे से प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, बोले- सरकार हर कदम पर उनके साथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में नाव दुर्घटना में अपनों की जान गंवाने वाले पीड़ित परिवारों से रविवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवदेना व्यक्त की। साथ ही पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की राहत राशि की चेक सौंपी। सीएम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े हैं। इससे पहले सीएम योगी ने हवाई सर्वे कर हालात का बारीकी से जायजा लिया।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक माह के अंदर भरथापुर के पीड़ित परिवारों को विस्थापित किया जाए। इसके लिए 21 करोड़ 55 लाख की राशि भी स्वीकृत कर दी गयी। इस दौरान अफसरों को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित परिवारों को धनराशि, जमीन और आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि भरथापुर के विस्थापित होने वाले सभी परिवारों को गांव के नाम से कॉलोनी बनाकर विस्थापित किया जाए। इसके अलावा बहराइच में भरथापुर जैसे अन्य गांव के लोगों को भी विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए और विस्थापन के लिए जरूरी बजट को शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि उन्हे भी जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जा सके।

सीएम योगी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। हमारी सरकार और जनप्रतिनिधि हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर सभी गांववासियों को उनके गांव के नाम पर कॉलोनी को विकसित कर विस्थापित किया जाएगा, जहां पर उन्हे हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके दुख की इस घड़ी में सरकार संवेदना और सहयोग के साथ खड़ी है। इससे पहले सीएम योगी ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से बारीकी से घटना की जानकारी हासिल की। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पीड़ित परिवारों समेत गांववासियों के लिए कॉलोनी बनाकर एक माह में व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क और आवास सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया को एक महीने के अंदर पूरा कर लिया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कार्य शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बहराइच में जो लोग घने जंगलों के बीच रहने के लिए मजबूर हैं, उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने की व्यवस्था की जाए।

# कब खत्म होगा भगदड़ में मौतों का सिलसिला?

हमारे देश में भीड़ में मची भगदड़ में आम आदमी का दब कुचलकर मरना अब एक नियती सी बन गयी है। कुंभ के मेले से लेकर खेल के मैदान, राजनेताओं की सभा, फिल्म सितारों के जश्न, कथावाचकों के पांडालों और धार्मिक आस्था के केंद्र मंदिरों तक बार बार इन घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। ऐसी घटनाओं में हर बार आम आदमी ही मारा जाता है। बार बार हो रहे ऐसे हादसों से फिलहाल तो कोई सबक नहीं लिया गया है लेकिन अब समय आ गया है कि भीड़ नियंत्रण के लिए राष्ट्र व्यापी ठोस रणनीति बनायी जाए ।अब ऐसा ही दुखद वाक्या आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को सामने आया है इसमें आठ महिलाओं और एक बच्चे समेत नौ की जान गयी है। देश के किसी न किसी हिस्से से कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती है। दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए इसको रोकने के लिए कदम कम ही उठाये जाते हैं। आपको याद रहे पिछ्ले दिनों तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में 40 से अधिक लोगों की जान गई। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके पर साजिश का आरोप लगाया था । इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। आपको बता दें देश में पिछ्ले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें गई हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। 2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। साल की शुरुआत 8 जनवरी, 2025 तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए। इससे पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ ??नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई.। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 को रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, 20 घायल हो गए। दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले 13 अक्तटूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर, 2012 को पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए। 8 नवंबर, 2011को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए थे। 14 जनवरी, 2011केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए। 4 मार्च, 2010 उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में लगभग 63 लोग मारे गए। 30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में



नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए। 25 जनवरी, 2005 महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर मेंथा मे थे वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालु कुचलकर मारे गए। 27 अगस्त, 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं है और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए। विशेष कर मंदिरों मेलों धार्मिक आयोजनों में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के सही इंतजाम इन घटनाओं को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। इस के साथ ही भीड़ एकत्र करने वाले आयोजन कर्ताओं की भी साफ एवं स्पष्ट जबावदेही तय की जाए। प्रशासन जुटने वाले लोगों का सही अंदाजा लगा कर व्यवस्था व अनुमति प्रदान करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# कार्तिक पूर्णिमा जैन चातुर्मास का समाप्ति दिवस

कार्तिक मास की पूर्णिमा अत्यंत शुभ मानी जाती है,।जब भगवान विष्णु और चंद्र देवता की विशेष पूजा का विधान है। इस दिन स्नान, दान और दीपदान का विशेष महत्व है और इसे देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है। हिंदू सनातन परंपरा में प्रत्येक मास की पूर्णिमा तिथि को अत्यंत शुभ और पूजनीय माना गया है। इस दिन भगवान श्री विष्णु और चंद्र देवता की विशेष आराधना करने का विधान है। पूर्णिमा का दिन वैसे तो हर महीने शुभ फल देने वाला होता है, लेकिन जब यह तिथि श्रीहरि विष्णु को समर्पित पवित्र कार्तिक मास में आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। कार्तिक पूर्णिमा में जैन समाज मे चातुर्मास की समाप्ति का दिवस है।कार्तिक पूर्णिमा का दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण है।अनेक सत्पुरुषों का सम्बंध इस दिन से जुड़ा है।आज के दिन अनेक महान आत्माओं ने जन्म लिया और हमारे आदर्श बने।इनका पुण्य स्मरण हमारे मन मे नई प्रेरणा और स्फूर्ति का संचार करता है।हमारी समस्त संस्कृति पर उनका उपकार है।उपकारी जनों के उपकार को याद करना,कृतज्ञता है।पावन प्रसंग पर सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित मे कुछ विशिष्ट सम्पादित करके दिलाए।आज के दिन सत्पुरुष इस धरती पर हुए है।इन सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ पर हम भी अपने आपको गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्?गुणों से ही सुसज्जित बनता है। जो भी इन महापुरुषों का अनुकरण करेंगे, उनका जीवन महान बनेगा, विशिष्टता ग्रहण करेगा। भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर राक्षस का वध करने के उपलक्ष्य में, जिसे 'त्रिपुरारी पूर्णिमा' भी कहते हैं। गुरु नानक देव जी के जन्मदिन के रूप में, जिसे 'गुरु पर्व' कहा जाता है; और देवी तुलसी के पृथ्वी पर जन्म के सम्मान में। इस दिन को 'देव दीपावली' भी कहा जाता है, जब देवता पृथ्वी पर आते हैं और उनके स्वागत के लिए दीपक जलाए जाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का महत्व कई गुना है, क्योंकि यह पापों से मुक्ति, मोक्ष की प्राप्ति और देवताओं का आशीर्वाद पाने का एक विशेष अवसर माना जाता है। इस दिन गंगा में स्नान करने से पूरे वर्ष स्नान करने का पुण्य मिलता है। इसके अतिरिक्त, इस दिन दान-पुण्य करने से विशेष लाभ मिलता है, जो स्वर्ग में संरक्षित रहता है और जीवन में सुख-समृद्धि लाता है। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का जन्म कार्तिक पूर्णिमा को हुआ था, इसलिए इसे सिखों के लिए 'गुरु पर्व' या 'गुरु पूरब' के रूप में मनाया जाता है। कुछ मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा भगवान कार्तिकेय के जन्म का भी दिन है। कुछ पौराणिक मान्यताओं में यह भी माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही पुष्कर में भगवान ब्रह्मा का अवतरण हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है और मोक्ष प्राप्त होता है। यह मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर देवता पृथ्वी पर आकर गंगा स्नान करते हैं, इसलिए इस दिन स्नान करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। पूरे वर्ष का पुण्य शास्त्रों के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने के बराबर पुण्य मिलता है। पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के बाद अन्न, वस्त्र और धन का दान करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। जो दान इस दिन किया जाता है, वह स्वर्ग में संरक्षित रहता है और मृत्यु के बाद प्राप्त होता है। इस दिन दीपदान का विशेष महत्व है, जिससे सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। कार्तिक माह में गंगा स्नान के साथ भगवान विष्णु की आराधना करना भी शुभ माना जाता है। यह दिन सिख धर्म में गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है, जो गुरु नानक देव जी का जन्मदिन है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा जी का पुष्कर में अवतरण हुआ था, इसलिए लाखों लोग पुष्कर नदी में स्नान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दीप दान, हवन, यज्ञ आदि करने से सांसारिक पाप और ताप का शमन होता है। इस दिन किये जाने वाले अन्न, धन एव वस्त्र दान का भी बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन जो भी दान किया जाता हैं। बिल्कुल कार्तिक पूर्णिमा का स्नान काफी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इस दिन गुरु नानक देव जी का जन्मदिन भी होता है तो इसे गुरु पूर्णिमा के पर्व में भी मनाया जाता है और ऋषिकेश के गंगा घाटों पे काफी दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा का महत्व सनातन धर्म में कार्तिक माह और पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह में गंगा स्नान और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया है। वैदिक पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान और दीपदान अवश्य करना चाहिए। हिन्दू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का बहुत अधिक महत्व होता है. यह दिन अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक माना जाता है. ये दिन लोगों को सकारात्मक सोच और अच्छे कर्मो के लिए प्रेरित करता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का महत्व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवता हर की पौड़ी पर गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। जिससे गंगा का जल अमृतमय हो जाता है। मान्यता है कि इस दिन देवता पवित्र नदियों में धरती पर अवतरित हुए थे। यही कारण है कि कार्तिक पूर्णिमा के दौरान भक्त पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और मानते हैं कि उन्हें देवताओं का आशीर्वाद। हिंदू पौराणिक कथाओं में कार्तिक पूर्णिमा कई किंवदंतियों से जुड़ी है। सबसे लोकप्रिय किंवदंतियों में से एक भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र कार्तिकेय की कहानी है। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव और देवी पार्वती एक संतान चाहते थे, और भगवान शिव ने देवताओं से एक पुत्र उत्पन्न करने में मदद करने का अनुरोध किया। देवताओं ने कार्तिकेय की रचना की, जिनका जन्म कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को हुआ था। इसलिए, कार्तिक पूर्णिमा को उनके जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा से जुड़ी एक और कथा भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की है। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने वेदों को बचाने के लिए मछली का रूप धारण किया था, जिन्हें एक राक्षस ने चुरा लिया था। भगवान विष्णु राजा सत्यव्रत, जो बाद में मनु कहलाए, के सामने प्रकट हुए और उन्हें आने वाली बाढ़ से खुद को और वेदों को बचाने के लिए एक नाव बनाने को कहा। मछली रूपी भगवान विष्णु ने नाव को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। धर्मप्राण क्रान्तिकारी वीर लौंकाशाह जैसी महान आत्मा आज के ही दिन अवतरित हुई। उस युग में धार्मिक क्षेत्र में गहन अंधकार परिव्याप्त था। धर्म के नाम पर कई तरह के पाखण्ड और आडंबरों को पुष्ट किया जा रहा था। लौंकाशाह ने जब यह सब कुछ देखा तो उनका अंतर उद्वेलित हुए बिना नहीं रहा। उन्होंने शास्त्रों का लिपिकरण करते हुए गहरा अध्ययन-अनुशीलन किया एवं निर्ग्रन्थ संस्कृति में तेजी से प्रविष्ट होते जा रहे शिथिलाचार और विकृत आचार का उन्मूलन करने के लिए एक क्रांत-द्रष्टा के रूप में स्वयं को प्रस्तुत किया।

**कांतिलाल मांडोत**

# साफ ऊर्जा का सपना या कागज़ी वादा?

सुबह की पहली किरण दिल्ली की गलियों में धुंध के पर्दे को चीरती है, लेकिन सूरज का उजाला धुएँ में दम तोड़ देता है। बच्चे स्कूल जाते हैं, मास्क चेहरे पर चिपका, आँखें जलन से लाल। राजस्थान में रेत तपती है, 50 डिग्री की गर्मी में पसीना सूख जाता है। बिहार में बाढ़ गाँवों को निगल रही, हिमालय की बर्फ़ पिघलकर समंदर में समा रही। यह 2025 की तस्वीर है—क्लाइमेट क्राइसिस का चेहरा, जो अब किसी किताब की बात नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की हकीकत है। भारत ने प्रतिज्ञा ली है—2030 तक आधी बिजली सूरज और हवा की ताकत से पैदा करने की, कार्बन उत्सर्जन को निर्णायक रूप से घटाने की, सड़कों को बिजली से चलने वाली गाड़ियों से सजाने की, और हरित ऊर्जा के नए युग की शुरुआत करने की। यह सुनने में एक सुनहरा स्वप्न लगता है—उम्मीद और नवप्रगति का संगम। मगर सवाल अब भी वही है—क्या यह सपना सिर्फ़ कागज़ों पर चमकेगा, या धरती पर उतरकर हमारे फेफड़ें को सचमुच राहत देगा? पहली नज़र में तस्वीर उम्मीद से दमकती दिखती है। भारत की स्वच्छ ऊर्जा की रफ्तार ने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। अब सौर पैनल सिर्फ़ छतों तक सीमित नहीं, बल्कि झीलों और बाँधों पर तैरकर सूरज की हर किरण को पकड़ रहे हैं—ज़मीन की कमी को मात देते हुए। खेतों के बीच घूमती पवन चक्कियाँ जैसे भविष्य का संगीत गा रही हों। हरित हाइड्रोजन का सपना अब कल्पना नहीं, बल्कि उद्योगों की वास्तविक ज़रूरत बनता जा रहा है—फैक्ट्रियाँ साफ ईंधन की राह पर कदम बढ़ा रही हैं। सड़कों पर बदलाव की रफ्तार साफ़ दिखती है—इलेक्ट्रिक स्कूटर और कारें अब सिर्फ़ शहरों की शोभा नहीं, बल्कि नए भारत की पहचान बन चुकी हैं। ओला, एथर और हीरो ने बाज़ार की धड़कन बदल दी है, जबकि टाटा और महिंद्रा की फैक्ट्रियाँ दिन-रात भविष्य को आकार दे रही हैं। शहरों में चार्जिंग स्टेशन मानो नई पीढ़ी के 'बिजली के कुएँ' बनकर उग रहे हैं। विदेशी निवेशक भारत के हरित भविष्य में भरोसा जता रहे हैं—निवेश बढ़ रहा है, प्रोजेक्ट फलीभूत हो रहे हैं, रोज़गार के नए अवसर जन्म ले रहे हैं। 2030 का लक्ष्य अब कोई दूर का सपना नहीं लगता—बस कुछ कदम और, और भारत हरित युग की दहलीज़ पर खड़ा होगा। पर हर सिक्के का दूसरा पहलू होता है — और इस कहानी का दूसरा पहलू धुंधला नहीं, बल्कि काला है। सूरज और हवा से बिजली तो बन रही है, मगर गाँवों तक पहुँचने से पहले ही रास्ते में कहीं खो जाती है। पुराना और कमजोर ग्रिड इस क्रांति की रीढ़ तो है, पर अब बोझ सहने लायक नहीं रहा। तार जर्जर हैं, बिजली चोरी आम है, और सप्लाई टूटती-बिखरती रहती है। सोलर पार्कों के लिए ज़मीन चाहिए, पर किसानों के खेत ही उनका जीवन हैं — वे उन्हें छोड़ने को तैयार नहीं। विरोध की आवाज़ें उठती हैं, परियोजनाएँ फँस जाती हैं, और हरी ऊर्जा के सपने धूल खाने लगते हैं। इस बीच, कोयला अब भी ऊर्जा का राजा बना बैठा है — नई कोयला इकाइयाँ खुल रही हैं, धुआँ बढ़ रहा है, और हवा फिर से भारी हो रही है। शहरों की सड़कों पर इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ शान से दौड़ती हैं, लेकिन गाँवों में चार्जिंग पॉइंट ढूँढ़ना आज भी कल्पना जैसा है। बैटरियाँ महँगी हैं, ज़्यादातर चीन से आती हैं, और सवाल उठता है — अगर बिजली ही कोयले से बनी हो, तो 'ग्रीन गाड़ी' कितनी हरित रह जाती है? ऊर्जा कंपनियाँ घाटे में डूबी हैं, वसूली मुश्किल है, ट्रांसमिशन महँगा पड़ रहा है। ऊपर से हर राज्य की नीति अलग—कोई एक दिशा नहीं। यह विसंगति उस राह में बिछे काँटें जैसी है, जिस पर हरित भारत का सपना चलने की कोशिश कर रहा है। फिर भी, अँधेरे के बीच उम्मीद की किरण अब भी चमक रही है। राह कठिन है, पर नामुमकिन नहीं। ज़रूरत है—इरादों की मज़बूती और कदमों की निरंतरता की। हमें अपने ऊर्जा तंत्र की रीढ़ को सशक्त बनाना होगा—स्मार्ट तकनीक अपनाकर, बैटरी स्टोरेज बढ़ाकर, और ट्रांसमिशन लाइनों को मज़बूत बनाकर। किसानों को सोलर पार्कों का साझेदार बनाओ—उनकी ज़मीन पर सौर पैनल लगें, वे किराया पाएँ, और विकास में हिस्सेदार बनें, विरोध नहीं। हर गली, हर पेट्रोल पंप और हर छोटे कस्बे तक चार्जिंग स्टेशन पहुँचाओ, ताकि बिजली की गाड़ियाँ सच में 'जनता की सवारी' बन सकें। कोयले पर निर्भरता धीरे-धीरे घटाओ—वरना स्वच्छ ऊर्जा का सपना अधूरा रह जाएगा। हरित हाइड्रोजन को सुलभ बनाओ, ताकि उद्योगों की भट्टियाँ भी स्वच्छ ईंधन से जलें। पुराने सोलर पैनल और बैटरियों को रिसाइकल करने की ठोस नीति लाओ—एक सर्कुलर इकोनॉमी बनाओ, जो कचरे को संसाधन में बदले। अंतरराष्ट्रीय सहयोग से लिथियम, कोबाल्ट जैसे खनिजों की लागत घटाओ और नई प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाओ। नीतियों को एकसमान बनाओ, ताकि दिशा साफ़ रहे और प्रयास बिखरेंनहीं। छोटे-छोटे कदम आज उठाए जाएँ, तो कल का भारत न सिर्फ़ बदलेगा, बल्कि पूरी दुनिया को दिखाएगा कि साफ ऊर्जा सिर्फ़ सपना नहीं—संभव हकीकत है। 2030 कोई जादुई तारीख नहीं—यह उस यात्रा का पड़ाव है जहाँ भविष्य हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। अगर हमने आज चूक की, तो कल फिर वही धुंध भरा आसमान, वही जलती धरती, वही डूबते गाँव हमारी नियति बन जाएँगे। मगर अगर आज हर छत पर सूरज का पैनल चमके, हर गली में चार्जर जगमगाए, और हर फैक्ट्री से स्वच्छ ऊर्जा बहे—तो 2030 का भारत न सिर्फ़ साँस लेगा, बल्कि पूरी दुनिया को नई दिशा दिखाएगा। यह मौका है—विकास और पर्यावरण को एक साथ चलाने का। बच्चों को मास्क से आज़ादी, नदियों को साफ पानी, और हवा को धुएँ से मुक्ति देने का। अब सवाल यह नहीं कि 'क्या किया जा सकता है', बल्कि यह है कि 'हम क्या करने जा रहे हैं।' समय तेजी से निकल रहा है—हमें सिर्फ़ नीतियाँ नहीं, इच्छाशक्ति चाहिए। हर घर, हर गाँव, हर शहर को इस हरित क्रांति का हिस्सा बनना होगा। सरकार, उद्योग और नागरिक—सभी को मिलकर इस अभियान को गति देनी होगी। वक्त आ गया है सपने को हकीकत में बदलने का। आज से ही शुरुआत करें—एक सोलर पैनल, एक चार्जर, और एक साफ साँस से। क्योंकि अगर आज नहीं जागे, तो कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## शाकाहार का प्रयोग भारत-वर्ष की संस्कृति में महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अध्याय

मांसाहार मानव प्रकृति से सर्वथा विरूद्ध है। वह किसी भी अवस्था में मानव के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता । मांस-भक्षी पशुओं की शरीर रचना से मनुष्य के शरीर की रचना नितान्त भिन्न प्रकार की है। विशेषज्ञों के मतानुसार मनुष्य के उदर की रचना इस प्रकार की है कि वह मांस को पचाने के योग्य नहीं है। अतएव मांस खाने की जो प्रवृत्ति मानव में देखी जाती है, वह उसका नैगिक रूप नहीं, किंतु विकृति-जन्य रूप है।कभी कभी तो मानव को परिस्थितियों से विवश होकर भी मांस खाना पड़ता है। मांसाहार का अन्य कारणों के साथ-साथ एक मुख्य प्रयोजन यह भी रहता है कि ठंडे मुल्कों में, पहाड़ों और जंगली प्रदेशों में जो बहुसंख्यक मानव समाज रहता है, उसे अन्न उपलब्ध नहीं हो सकता, वहां खेती भी संभव नहीं लगती और वहाँ के वातावरण में मांस जैसी गर्मी देने वाली वस्तु के बिना काम नहीं चल सकता । इस समस्या का हल शाकाहार के द्वारा कैसे हो सकता है, इसके अनुसंधान का प्रयत्न नहीं हुआ। यह कमी हमें हमारी कमी माननी होगी।ये कुछ स्थितियाँ होते हुए भी यह सर्व मान्य सिद्धान्त तो सभी को एक स्वर में स्वीकार करना ही होगा कि मानव निसर्गतः मांसाहारी नहीं, शाकाहारी है। अनुभव से भी यह स्पष्ट है कि शिशु अवस्था में मनुष्य मुख्यतः दुग्ध एवं घृत का आहार करता है और बड़ा होने पर वहअन्न का आहार करता है। वर्तमान काल में भी बच्चों को जन्मते ही दूध बच्चे के मुंह में डाला जाता है, इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य का मुख्यभोज्य पदार्थ दुग्ध एवं घृत ही है। परन्तु ये पदार्थ जीवन पर्यन्त सभी के लिए पर्याप्त नहीं, अतः बड़ा होने पर उनको अन्न खाना सिखाया जाता है। वस्तुतः मानव का आहार दुग्ध व अन्न ही है। तभी तो अन्न की महत्ता बताते हुए उपनिषद्?कार को कहना पड़ा-'अन्न व प्राणाः' अर्थात् अन ही प्राण है, जीवन है। इसके बिना मानव जीवन का टिकना संभव नहीं, अधिकाधिक अन्न उपजाना ही राष्ट्रीय व्रत माना है। यह तो सुविदित है कि मांसाहार का आम प्रचलन अनार्य लोगों के अतिरिक्त भारतवर्ष में कहीं नहीं था। अनार्य तथा विदेशियों के संपर्क से ही भारत में इस कुप्रथा को अधिक प्रश्रय मिला है। उनके दीर्घ-कालीन संपर्क सूत्र ने आर्य लोगों के मानस को विकृत बना डाला और मांस का खाद्य पदार्थ के रूप में खुल्लम-खुला प्रयोग किया जाने लगा। जो कि आर्य संस्कृति के विघात के लिए पूर्ण घातक सिद्ध हुआ है यह पहले कोई नहीं जानता था। परन्तु दुष्काल आदि विषम समय में सभ्य बस्तियों से दूर रहने वाले अनार्य लोगों ने पेट की ज्वाला शांत करने के लिए आरण्यक जानवरों को मार कर उनका मांस खाने की प्रथा चलाई, और इस प्रथा का शिकार करने वाले क्षत्रिय वर्ग को भी चेप लग गया। जो कि पहले मानव-रक्षा के लिए केवल हिस्त्र-पशुओं का ही शिकार करना उनके कर्तव्यों में सम्मिलित था, परन्तु डायोनिसस् आदि विदेशी आक्रमणकारियों के सम्पर्क से यहाँ के क्षत्रिय लोग भी धीरे-धीरे मांस-मदिरा खाना सीख गये थे, फिर भी आर्य जातियों में यह पदार्थ सर्वमान्य कभी नहीं हो सका। ' वैदिक धर्म के सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ 'ऋग्वेद' में पशु यज्ञों तथा ब्राह्मणों को मांस खाने का अधिकार नहीं है। वेदों का अनुशलीन करने वाले ब्राह्मण भी अश्वमेध करते और उसका मांस खाते थे, यह कथन कोई सत्यता नहीं रखता । इतिहास के झरोखे से देखने पर यह भी ज्ञात होगा कि उत्तर भारत सदा से सभ्य आर्यो से बसा हुआ था, और वह पूर्ण शाकाहारी था। यह तथ्य भारत वर्ष का भ्रमण करने वाले विदेशी यात्रियों ने जो अपनी यात्रा के संस्मरण उट्टकित किए हैं, उनसे स्पष्ट हो जाता है। ग्रीकयात्री मेगास्थनीज जो चन्द्रगुप्त मौर्य की राज-सभा में राजदूत के रूप में वर्षो तक रहा था, और उत्त भारत के अनेक देशों का भ्रमण किया था, उसके यात्रा विवरण से भी उत्तर भारत में आर्यो की प्रधानता और वनस्पत्याहार की मुख्यता थी। उसके वृत्तान्तों के अनुसार वहाँ पहाड़ी अनार्यो को छोड़ कर नागरिक लोग खास प्रसंग के विना माँस-मदिरा कर उपयोग नहीं करते थे। बौद्धयात्री फाहियान, जो ईसा की पाँचवी शताब्दी के लगभग भारत में आया था, वह उत्तर भारत के सीकाश्य देश के विषय में लिखता है।देशभर में कोई मांसाहारी नहीं है। नहीं कोई मादक द्रव्यों का उपयोग करता है। वे प्याज और लहसुन नहीं खाते । केवल चांडाल लोग ही इस नियम का उल्लंघन करते हैं। वे सब बस्ती के बाहर रहते हैं। और अस्पृश्य कहाते हैं। इनको कोई छूता भी नहीं, नगर में प्रवेश करते समय लकड़ी से कुछ संकेत और आवाज़ करते हैं। जिसको सुनकर नागरिक हट जाते हैं। इस देश के लोग सुअर नहीं पालते । बाजार में मांस और मादक द्रव्य की दुकानें भी नहीं है। व्यापार हेतु यहाँ के निवासी कौड़ी का व्यवहार करते हैं। केवल चंडाल मात्र ही मांस, मछली मारते और शिकार करते हैं। वैदिक परंपरा में भारत वर्ष की प्राचीन सभ्यता के इतिहास के अनुसार वेद-कालीन यज्ञ भी बहुत सीधे-सादे होते थे, उनमें जीवित प्राणियों की आहुति नहीं दी जाती थी, और न देवता ही मांस-भक्षण करते थे । वैदिक काल में जौ और गेहूं खेत की खास पैदावार और भोजन की खास वस्तु जान पड़ती है। ऋग्वेद में अनाज के जो नाम मिलते हैं, वे कुछ सन्देह उत्पन्न करने वाले हैं, क्योंकि पुराने समय में जो उनका अर्थ था वह आजकल बदल गया है। आजकल संस्कृत में 'यव' शब्द का अर्थ केवल 'जी' है, पर वेद में इसी शब्द का मतलब गेहूं और



यव से लेकर अन्नमात्र से है। इसी तरह आज कल 'धान' शब्द का अर्थ कम से कम बंगाल में चावल से है, पर ऋग्वेद में यह शब्द भुने हुए जौ के लिए आया है जो कि भोजन के काम में आता था, और देवताओं को भी चढ़ाया जाता था। ऋग्वेद में ब्रीहि चावल का उल्लेख नहीं है। हम लोगों को इन्हीं अनाजों से बनी हुई कई तरह की रोटियों का भी वर्णन मिलता है, जो खाई जाती थी, और देवताओं को भी चढ़ाई जाती थी । पकी हुई रोटी इसके सिवाय कई दूसरे शब्द मिलते है।इस प्रकार मान्य वैदिक ग्रन्थों का पर्यवेक्षण करने से भी हम इसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि देव और मानव का भोजन घृत तथा दुग्ध एवं वनस्पतिजन्य पदार्थ ही रहे हैं। भारत वर्ष हजारों लाखों वर्षो से विश्व को शाकाहार का दिव्य सन्देश देता रहा है। यही कारण है कि आज अहिंसा के सम्बन्ध में सूक्ष्मतम चिन्तन करने वाले तथा शाकाहारी जीवन बिताने वाले व्यक्ति भारत में सबसे अधिक मिलते हैं। शाकाहार का प्रयोग भारत-वर्ष की संस्कृति में महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अध्याय है। सम्यता के आदि संस्कर्ता भगवान् ऋषभदेव का शाकाहार की परंपरा में विशेष अवदान रहा है। कृषि कर्म के माध्यम से मांसाहार के स्थान पर शाकाहार की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देकर उन्होंने विश्व को एक महान् देन दी है। उनका यह उपकार अविस्मरणीय है। किन्तु खेद है कि शाकाहार का महान् सिद्धान्त विश्व में अधिक व्यापक न बन सका । जबकि आवश्यकता इस बात की थी कि यह सिद्धान्त विश्वव्यापी होकर जन-जन के मन का आकर्षण केन्द्र बनता, पर यह नहीं हो सका। यदि यों कह दें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस युग में तो इस सिद्धान्त का विकास न होकर प्रतिदिन ह्रास ही होता जा रहा है। अब भी समय है, भारत के जो शाकाहारी हैं, वे अहिंसा के प्रत्यक्ष प्रयोग द्वारा मांसाहारी जन-समाज को शाकाहार की ओर आकर्षित करें, उनके जीवन में अहिंसा की आस्था जगाए। खोई हुई चेतना का पुनः सम्पादन करें। निराश होना मनुष्य का धर्म नहीं है। कहा भी है। उन पर जिम्मेदारी है जो स्वयं शाकाहारी होते हुए भी मांसाहारियों कोप्रभावित नही कर सकते है।

**कांतिलाल मांडोत**

# भारत-अमेरिका रक्षा समझौताः 10 वर्षीय साझेदारी के नए आयाम

हिंद महासागर की अथाह गहराइयों में, जहां हर लहर वैश्विक शक्ति-संतुलन की कहानी कहती है, वहीं भारत और अमेरिका का नया रक्षा समझौता एक उदित सूर्य की भांति प्रकट हुआ है — जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और सामर्थ्य की अविचल आभा बिखेर रहा है। 31 अक्टूबर को कुआलालंपुर में आयोजित आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए। यह दस वर्षीय समझौता केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक रणनीतिक क्रांति है — जो भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर के हर क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह साझेदारी 2015 के पुराने ढांचे को पीछे छोड़ते हुए एक मुक्त, समतामूलक और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता का द्योतक है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस पहल को 'द्विपक्षीय संबंधों का अटल रक्षा स्तंभ' बताया, वहीं हेगसेथ के शब्दों में — 'भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी अब अभूतपूर्व ऊँचाइयों पर पहुँच चुकी है।' यह महत्त्वपूर्ण समझौता न केवल रणनीतिक समीकरणों को नई दिशा और गति प्रदान करेगा, बल्कि आने वाले दशक में वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी को भी पुनर्परिभाषित करेगा। इस ऐतिहासिक साझेदारी की जड़ें 1995 तक जाती हैं, जब भारत और अमेरिका ने पहली बार रक्षा सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाया था। समय के साथ यह संबंध और प्रगाढ़ हुआ—2016 का लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ) और 2020 का बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) इस विश्वास की मजबूत नींव बने। अब यह नया फ्रेमवर्क सैन्य अंतरसंचालनीयता, सूचना साझेदारी, और तकनीकी नवाचार को नई गति देगा। तथ्य स्वयं बोलते हैं—भारत ने पिछ्ले दशक में अमेरिका से 22 अरब डॉलर से अधिक के रक्षा उपकरण खरीदे हैं, जिनमें सी-17 ग्लोबमास्टर, पी-8आई पोसाइडन, और अपाचे हेलीकॉप्टर जैसे अत्याधुनिक हथियार शामिल हैं। यह समझौता न केवल रणनीतिक विश्वास को गहरा करता है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। उदाहरणस्वरूप, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और जीई एयरोस्पेस के बीच एफ-414 जेट इंजन का संयुक्त उत्पादन 2026 तक शुरू होगा — यह भारत की रक्षा स्वावलंबन यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। अमेरिकी पेंटागन के अनुसार, मालाबार और टाइगर ट्रायम्फ जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच तालमेल और विश्वास को और प्रगाढ़ करेंगे — जो क्षेत्रीय संतुलन और निवारण का दृढ़ आधार बनेंगे। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता—विशेषकर दक्षिण चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य में—के बीच यह समझौता एक सशक्त संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभरता है। अमेरिकी रक्षा सचिव हेगसेथ ने चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून से भेंट के दौरान इसे 'क्षेत्रीय स्थिरता का कोरस्टोन' करार दिया, जो इसके रणनीतिक महत्व को स्पष्ट करता है। यह नया फ्रेमवर्क रक्षा सहयोग को केवल सीमित दायरे में नहीं रखता, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, और साइबर सुरक्षा जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में साझेदारी को प्राथमिकता देता है।

इंडस-एक्स जैसे मंच भारत-अमेरिका के स्टार्टअप्स और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ते हुए स्वदेशी उत्पादन और रोजगार सृजन को नई उड़ान देंगे — अनुमानतः लाखों नई नौकरियां उत्पन्न होंगी। इस सहयोग की बुनियाद पहले ही रखी जा चुकी थी — 2016 में भारत को मेजर डिफेंस पार्टनर का दर्जा और 2018 में स्ट्रैटेजिक ट्रेड ऑथराइजेशन (एसटीए टियर-1) की मान्यता ने इसे संस्थागत मजबूती दी। आज यह साझेदारी केवल सैन्य तालमेल का प्रतीक नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि और तकनीकी स्वावलंबन का भी आधार बन रही है, जो भारत को आने वाले वर्षों में वैश्विक रक्षा नवाचार का केंद्र बना देगी। चुनौतियाँ भी कम नहीं रहीं। अगस्त 2025 में ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50% तक टैरिफ वृद्धि ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा किया। इसके जवाब में भारत ने अमेरिकी रक्षा खरीद को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया। साथ ही, रूस से तेल आयात को लेकर वाशिंगटन की आलोचना ने स्थिति को और पेचीदा बना दिया। इन नीतिगत मतभेदों के कारण लगभग 48 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी, जिसके चलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की वाशिंगटन यात्रा रद्द करनी पड़ी। फिर भी, भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग इन अस्थायी विवादों से ऊपर उठा। 27 अक्टूबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की कुआलालंपुर में हुई मुलाकात ने संबंधों में नए सिरे से विश्वास और संवाद का द्वार खोला। अक्टूबर में अमेरिका द्वारा रूस की तेल कंपनियों — रोसनेफ्ट और लुकोइल — पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद भारत ने रूसी तेल आयात घटाकर 1.8 मिलियन बैरल प्रतिदिन से कम कर दिया। परिणामस्वरूप, भारतीय रिफाइनरियों की अमेरिकी कच्चे तेल पर निर्भरता 2022 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान ट्रंप ने यह संदेश दिया कि, 'भारत के साथ निष्पक्ष व्यापार समझौता हमारी प्राथमिकता है।' यह बयान संकेत देता है कि मतभेदों के बावजूद भारत-अमेरिका साझेदारी का सामरिक व आर्थिक भविष्य सशक्त और दीर्घकालिक है। यह दस वर्षीय रणनीतिक फ्रेमवर्क केवल एक समझौता नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली घोषणा है — जिसकी गूंज वैश्विक मंचों पर सुनाई देगी। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद के माध्यम से भारत और अमेरिका अब जलवायु परिवर्तन, साइबर युद्ध, और हाइपरसोनिक हथियारों जैसे उभरते खतरों का संयुक्त रूप से सामना करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता क्वांटम कंप्यूटिंग, स्वायत्त प्रणालियों, और उन्नत रक्षा तकनीकों के क्षेत्र में साझेदारी का नया अध्याय खोलेगा। यह साझेदारी भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति से इस तरह जोड़ती है कि क्षेत्रीय और वैश्विक हितों की एक नई धारा प्रवाहित होती दिखती है। यह गठबंधन केवल सुरक्षा का करार नहीं, बल्कि लोकतंत्र, स्वतंत्रता और नियम-आधारित व्यवस्था जैसे साझा मूल्यों का उत्सव है। तनाव और मतभेदों के बावजूद, यह साझेदारी सिद्ध करती है कि रणनीतिक आवश्यकताएँ हमेशा व्यापारिक विवादों पर विजय प्राप्त करती हैं। आने वाला दशक इस सहयोग का स्वर्णयुग होगा — जहाँ भारत और अमेरिका मिलकर न केवल क्षेत्रीय शांति सुनिश्चित करेंगे, बल्कि वैश्विक व्यवस्था में नया संतुलन स्थापित करेंगे। जैसे हिंद महासागर की लहरें अनंत क्षितिज तक फैलती हैं, वैसे ही यह साझेदारी भारत और अमेरिका को एक सुरक्षित, समृद्ध और शक्तिशाली भविष्य की ओर अग्रसर करेगी — जहाँ सहयोग प्रतिस्पर्धा से ऊपर होगा, और शांति ही विश्व की नई पहचान बनेगी।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने मणिन्द्र सिंह मोनू



**रुद्रपुर, देवरिया।** विद्यार्थी परिषद सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के विभिन्न पदों पर रहे, मणिन्द्र नारायण सिंह मोनू को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की संस्तुति एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के अनुमोदन पर प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री अश्वनी कुमार सिंह 'लालू सिंह' और जिलाध्यक्ष राजेश सिंह श्रीनेत के द्वारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा देवरिया जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन हुआ। मणिन्द्र नारायण सिंह मूल रूप से द्वाबा के सचौली पटवनिया गांव के रहने वाले है। मोनू छात्र संघ के अध्यक्ष और महामंत्री पद अखिल विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बने। उसके बाद भाजपा के युवा संगठन में जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर प्रदेश संयोजक तक का सफर किए। वर्तमान में रुद्रपुर कस्बे में निवास करते हैं। इनके मनोनयन से क्षत्रिय समाज में एक जुटता और क्षत्रिय स्वाभिमान की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मणिन्द्र के मनोनयन पर एमएलसी डा रतनपाल सिंह, प्रोफेसर डॉ शैलेन्द्र राव, अश्वनी द्विवेदी, कैप्टन विरेन्द्र सिंह,वैभव सिंह, ऋषि कुमार सिंह, राम कुमार सिंह, दिलीप जायसवाल, संजीव कुमार गुप्त, तेज प्रताप, राजू सिंह आदि लोगों ने बधाई दी।

### सीएम योगी से मिले विनय जायसवाल, पडरौना विकास की पकड़ेगी रफ्तार



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने रविवार को यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर नगर के विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सौंपी। मीडिया को जानकारी के क्रम में पालिकाध्यक्ष जायसवाल ने बताया कि पूज्य महाराज ने नगर विकास की कार्यप्रगति में संतोष जाहिर किया। साथ ही नपाध्यक्ष ने नगर के चहुंमुखी विकास के लिए जलनिकासी के लिए बड़े ड्रेनेज तंत्र, नहर पटरी पर पाथवे निर्माण, श्री बुढ़िया माता मंदिर किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण, सीवरेज व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, चौराहों का सुंदरीकरण, पेयजल व्यवस्था के साथ ही विस्तारित क्षेत्र में शामिल हुए सभी गांवों में सड़क व्यवस्था सुदृढ़ करने संबंधी डीपीआर सौंपा। जिसपर मुख्यमंत्री ने जल्द ही धन आवंटन करने का आश्वासन दिया। सूबे के मुखिया ने इस दौरान पालिकाध्यक्ष जायसवाल के पुत्र सूर्यांश कान्हा जायसवाल से भी बातचीत की और परिवार के अन्य सदस्यों का हालचाल भी जाना। नपाध्यक्ष ने बताया कि आगामी योजनाओं के लिए धन आवंटन होने के साथ ही जल्द ही टेंडर जारी कर कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा ताकि नागरिक हित में सुविधाओं का प्रसार हो सके।

### पुलिस ने अभियान चलाकर पांच वाहनों का किया ई-चालान



**कागजात में त्रुटि पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत पांच वाहनों का हुआ ई-चालान**

**रतनपुर/महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सेवतरी चौकी पुलिस ने रविवार की दोपहर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी प्रभारी गोविंदर यादव व एसएसबी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के सेवतरी स्थित बार्डर डेवलपमेंट रोड पर चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों को गहनता से जांच-पड़ताल किया। वाहन चेकिंग में पुलिस के द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजातों की जांच की गई। वहीं वाहन के कागजातों में त्रुटि पाए जाने पर कुल पांच वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गोविंदर यादव ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान यातायात उलंघन में कुल पांच वाहनों का ई-चालान किया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो वांछित बदमाश गिरफ्तार, एक को गोली लगी - असलहा, कारतूस और पिकअप वाहन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना एम्स पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना एम्स, शाहपुर और कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात बुढ़िया माता मंदिर रोड पर हुई मुठभेड़ में दो वांछित बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा मौके पर दबोच लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है। थाना एम्स प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि रात में पुलिस गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी पिकअप वाहन से इलाके में घूम रहे हैं। सूचना पर थाना एम्स, शाहपुर और कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने बुढ़िया माता मंदिर रोड पर घेराबंदी की। थोड़ी देर बाद एक पिकअप आती दिखाई दी। रोकने पर वाहन सवार 3-4 युवक पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागने लगे और फायरिंग करने लगे। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर किया, जिसमें एक बदमाश को गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान जवाहिर यादव पुत्र दुखी यादव निवासी विशुनपुरा बुजुर्ग, थाना जटहा बाजार, जनपद कुशीनगर (हाल दवनहा थाना धनहा, बिहार) के रूप में हुई। दूसरा बदमाश रामू यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी दवनहा, थाना धनहा, बिहार मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार जवाहिर यादव पर विभिन्न जनपदों में हत्या, लूट, गोवध, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित 28 मुकदमे दर्ज हैं। वह पशु तस्करी और गोवध गिरोह से भी जुड़ा बताया जा रहा है। रामू यादव पर भी गोरखपुर में दर्ज मामलों में वांछित था। दोनों के खिलाफ थाना एम्स में मुकदमा मु.अ.सं. 447/2025 धारा 109(1), 3(5) BNS व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस टीम में थाना एम्स प्रभारी संजय कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय (शाहपुर), उ.नि. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अजय कुमार यादव, सत्यम मिश्रा, आकाश शुक्ला, आशीष दूबे, अवनीश पांडेय, सुधांशु सिंह समेत एम्स, शाहपुर व कैंट थाना के 22 पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसएसपी राज करन नय्यर ने इस सफल मुठभेड़ में शामिल टीम की सराहना करते हुए कहा कि गोरखपुर में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की तत्परता से एक बड़े अपराध की संभावना टल गई है।

## सनसनी: पढ़ने निकलीं दो सगी नाबालिग बहनें रहस्यमयी ढंग से गायब, मां की तहरीर पर पुलिस हरकत में - पूरे इलाके में दहशत!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** - जनपद के गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार दोपहर से दो सगी नाबालिग बहनें अचानक लापता हो गई, जिसने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। 16 और 17 साल की ये मासूम बहनें रोज की तरह सुबह पढ़ाई के लिए घर से निकली थीं, लेकिन शाम तक लौटकर नहीं आई। परिजनों की तलाश नाकाम रहने पर मां ने रात में थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके बाद गोला पुलिस ने तुरंत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बच्चियों की खोजबीन में जुट गई। यह दिल दहला देने वाली घटना ने गांव से लेकर कस्बे तक अफरा-तफरी मचा दी है -

**कहीं अपहरण तो नहीं?**

सुबह निकलीं, शाम तक गायब - परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है मामले की गहराई में उतरें तो गोला क्षेत्र के उस गांव की पीड़ित मां ने थाने में दी तहरीर में खौफनाक ब्योरा सुनाया। उसकी दोनों बेटियां - एक 16 साल की और दूसरी 17 साल की - शनिवार सुबह उपनगर गोला के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने गई थीं। शाम 4 बजे तक जब घर नहीं लौटीं, तो घरवालों की चिंता चरम पर पहुंच गई। मां खुद स्कूल पहुंची, लेकिन वहां बच्चियां नहीं मिलीं। रिश्तेदारों, दोस्तों और सहपाठियों से संपर्क किया, पर कोई सुराग नहीं! थकी-हारी मां ने रात में थाने जाकर गुहार लगाईः 'हमारी बच्चियां सुबह पढ़ने गई थीं, लेकिन अब तक नहीं लौटीं। हर जगह ढूंढ लिया, कोई खबर नहीं। दिल घबरा रहा है - न जाने किस हाल में हैं! कृपया उन्हें जल्द ढूंढो और दोषियों पर सख्त एक्शन लो!' मां का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हो। गांव में अफवाहों का बाजार गर्म - कोई कहता है अपहरण, कोई भागने की बात!

**पुलिस की फुल स्पीड एक्शनः मुकदमा दर्ज, टीमें गठित**

घटना की गंभीरता भांपते हुए थानाध्यक्ष राहुल शुक्ल ने रातोंरात कार्रवाई शुरू कर दी। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज! पुलिस की कई टीमें मैदान में उतर चुकी हैंः स्कूल, बाजार, बस अड्डा और CCTV फुटेज खंगाले जा रहे। दोनों लड़कियों के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की जा रही है । पड़ोसी, रिश्तेदार और परिचितों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

थानाध्यक्ष शुक्ल ने जोर देकर कहाः पुलिस पूरी ताकत से लगी है। बहुत जल्द बच्चियों को सकुशल बरामद कर लेंगे - कोई कसर नहीं छोड़ेंगे!

**इलाके में दहशत, लोग मांग रहे फास्ट जस्टिस**

इस रहस्यमयी गुमशुदगी से पूरे गोला क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग पुलिस से तुरंत कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। क्या यह कोई साजिश है? या कोई और राज? पुलिस की जांच से जल्द खुलासा होने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल परिवार की आंखें नम और दिल बेचैन हैं।

## गोण्डा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर तो हालात और भी गंभीर हैं - यहाँ लकड़ियों के अड्डे खुलेआम संचालित

**●जिले के सभी राजमार्गों पर लड़कियों के अवैध अड्डे सड़क सुरक्षा और पर्यावरण सहित दोनों को खतरा जिम्मेदार कौन ?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौत को दावत दे रहा है और विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। हरे-भरे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र की हरियाली खतरे में पटी हुई है और राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सुरक्षा और पर्यावरण दोनों पर संकट मडरा रहा है कटरा वन रेंज के अंतर्गत ब्लॉक रूपईडीह के कई ग्राम पंचायतों में हरे-भरे वृक्षों पर लगातार आरा चल रहा है। जिन सड़कों के किनारे कभी घने पेड़ छाया करते थे, वहाँ अब सूनी ज़मीन और उड़ती धूल रह गई है। गोण्डा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर तो हालात और भी गंभीर हैं – यहाँ लकड़ियों के अड्डे खुलेआम संचालित हो रहे हैं, जहाँ से रोज़ाना ट्रक भर-भरकर लकड़ी अन्य ज़िलों में भेजी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में पेड़ों की कटाई कर लकड़ी को ट्रकों में लादा जाता है और सुबह होते ही जंगल के टुकड़े शहरों में पहुंच जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद वन विभाग और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के मुताबिक, इन अवैध लकड़ी अड्डों से प्रति माह 'सुविधा शुल्क' के नाम पर रकम वसूली की जाती है, जो कथित रूप से कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों तक पहुंचती है। यही कारण है कि यह अवैध व्यापार वर्षों से निर्भय होकर फल-फूल रहा है।

**पर्यावरणीय संकट और सुरक्षा खतरा**

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वृक्षों की कटाई से अब सड़क सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। पेड़ों की अनुपस्थिति से सड़क किनारे छाया खत्म हो चुकी है, जिससे गर्मी के मौसम में तापमान असामान्य रूप से बढ़ रहा है। वहीं, बरसात में कटे पेड़ों के स्थान पर मिट्टी का क्षरण और जलभराव दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन का स्रोत हैं, बल्कि सड़क किनारे उनका होना वाहन चालकों को सुरक्षा और दिशा प्रदान करता है। पेड़ों के हटने से दृश्यता कम हो जाती है, जिससे हादसे की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

**वन विभाग की चुप्पी पर सवाल**

वन विभाग की भूमिका इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है। विभागीय अधिकारी निरीक्षण के नाम पर कागज़ों में खानापूर्ति कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। अधिकारियों की यह उदासीनता न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के साथ विश्वासघात भी है।जनजागरण की जरूरत पर्यावरणविदों का कहना है कि जब तक आम जनता अपनी आवाज़ नहीं उठाएगी, तब तक हरियाली का यह ह्रास रुकने वाला नहीं। स्थानीय युवाओं और सामाजिक संगठनों को आगे आकर वृक्षों की सुरक्षा की मुहिम चलानी चाहिए। अब वक्त आ गया है कि वन विभाग, पुलिस प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधि इस अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई करें। वरना वह दिन दूर नहीं जब यह क्षेत्र हरे पेड़ों की जगह केवल उजड़े ठूंठों और गर्म हवाओं के लिए पहचाना जाएगा।

## पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

**प्रतापगढ़।** थाना फतनपुर पुलिस द्वारा 04 जिन्दा नाजायज देशी बम के साथ 01 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।इस अन्तर्जनपदीय अभियुक्त पर जनपद प्रतापगढ़, प्रयागराज में धोखाधड़ी, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट जैसे लगभग 11 गंभीर अपराध पंजीकृत है।इस अभियुक्त को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत जगतपुर बैरियर के पास पकड़ी मोड़ की तरफ से गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी फतनपुर के उप निरीक्षक राजनारायण यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत जगतपुर बैरियर के पास पकड़ी मोड़ की तरफ से इस अन्तर्जनपदीय अभियुक्त जितेन्द्र पटेल पुत्र स्व0 लालजी पटेल निवासी ग्राम चकिया धम्मौर थाना बहरिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 40 वर्ष को 04 जिन्दा देशी बम नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के पास से 04 जिन्दा देशी बम नाजायज की बरामदगी के संबंध में थाना फतनपुर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## महिला के नाम पर फेक आईडी बनाकर क्या करता था व्यक्ति? विवाहिता ने शिकायत के बाद दी आत्महत्या करने की धमकी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सलेमपुर।** विवाहिता के नाम से फेसबुक की फेक आईडी बनाकर बदनाम करने की साजिश का मामला सामने आया है। इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहे अश्लील फोटो व टिप्पणी से आहत होकर पुलिस से शिकायत की है। साथ ही कार्रवाई नहीं किए जाने पर आत्महत्या करने की धमकी दी है। पुलिस को दिए गए तहरीर में महिला ने आरोप लगाया है कि तीन महीने से उनके नाम से कोई व्यक्ति फेसबुक की फेक आईडी बनाकर उस पर अश्लील फोटो व अनाप-शनाप टिप्पणी लिखकर प्रसारित कर रहा है। आईडी बनाने वाला व्यक्ति फेसबुक पर लिख रहा है कि यदि हमारी बात नहीं मानोगी तो मैं इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ भी कर सकता हूं। आईडी पर सैकड़ों परिचित मित्र जुड़े हैं, जो रोज फोन कर मुझसे पूछ रहे हैं। मुझे बदनाम करने की साजिश करने वाले व्यक्ति का पता नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल इस पर रोक नहीं लगी तो वह कुछ भी कर सकती है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं आया है। इसकी पता कर जानकारी ले रहा हूं। इस तरह का कृत्य करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पीपल के पेड़ पर करेंट की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत - गर्भवती पत्नी और दो बेटियों पर टूटा दुखों का पहाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी (गोरखपुर)।** खजनी थाना क्षेत्र के भखरा गांव में रविवार को दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बिजली के करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी गर्भवती है और दो नन्ही बेटियों के साथ अब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम भखरा निवासी प्रमोद कुमार कनौजिया पुत्र ओमप्रकाश कनौजिया रविवार को गांव के ही टोला सहजूपार में रामपुकार बढ़ई के घर बिजली का काम करने गया था। प्रमोद प्राइवेट तौर पर बिजली का काम करता था और इसी से परिवार का भरण-पोषण चलाता था। घर के बाहर बिजली का तार पीपल के पेड़ की डालियों में फंसा हुआ था। तार हटाने के लिए वह पेड़ पर चढ़ा ही था कि ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही प्रमोद ने डाल काटने की कोशिश की, तभी करंट की तेज लहर उसके शरीर में दौड़ गई। वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना खजनी पुलिस को दी।

सूचना पर थाना खजनी की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि प्रमोद की दो बेटियां हैं और उसकी पत्नी गर्भवती है। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में बिजली के खुले तार और लटकते कनेक्शन पहले से ही खतरा बने हुए हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों ने घटना पर गहरा शोक जताते हुए प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि प्रमोद मेहनती और व्यवहारकुशल युवक था। वह अक्सर आसपास के घरों में बिजली का काम करता था और सभी के काम आता था। रविवार की यह घटना पूरे गांव के लिए दर्दनाक हादसा बन गई। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## गर्भ में ही बोए जाते हैं ज्ञान, संस्कार और चेतना के बीज : एस.के. त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** - क्या बच्चे का संस्कार जन्म के बाद शुरू होता है ? नहीं – आधुनिक विज्ञान और भारतीय परंपरा दोनों का मत है कि संस्कार, ज्ञान और चेतना का बीजारोपण गर्भ में ही हो जाता है। आधुनिक अनुसंधान और प्राचीन ग्रंथ – दोनों एक ही सत्य की ओर संकेत करते हैं कि गर्भस्थ शिशु केवल शरीर नहीं, बल्कि अनुभूति, लय और भावना से भी जुड़ा होता है। फ्रांस की पिकार्डी जूल्स वर्ने यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता सहर मोघिमी और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि समय से पहले जन्मे शिशुओं के मस्तिष्क में भी लयबद्ध ध्वनियाँ केवल सुनने की प्रक्रिया को ही नहीं, बल्कि गतिशीलता से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों को भी सक्रिय कर देती हैं। यानी, गर्भस्थ शिशु ध्वनि और गति के संबंध को जन्म से पहले ही समझने लगता है।

यह तथ्य सुनते ही भारतीय संस्कृति के अभिमन्यु, अष्टावक्र और प्रह्लाद जैसे प्रसंग जीवंत हो उठते हैं। अभिमन्यु की कथा बताती है कि गर्भ में ही उसने अर्जुन से चक्रव्यूह का प्रवेश-पथ सुन लिया था – वह ध्वनि की लय थी, जिसे उसकी भ्रूण-चेतना ने ग्रहण किया। निकास-पथ वह नहीं समझ पाया क्योंकि वह बौद्धिक जटिलता थी, जो गर्भस्थ मस्तिष्क की सीमाओं से परे थी। आज का न्यूरोसाइंस भी यही कहता है कि भ्रूण जटिल अर्थ नहीं, परंतु ध्वनि-पैटर्न और लय को ग्रहण कर सकता है। अष्टावक्र की कथा इस धारणा को और पुष्ट करती है। वेदांत चर्चा सुनते हुए गर्भस्थ अष्टावक्र ने एक त्रुटि पर आपत्ति की थी – चाहे यह रूपक हो या यथार्थ, यह दर्शाता है कि भारतीय चिंतन ने गर्भस्थ चेतना की संवेदनशीलता को युगों पहले ही स्वीकार किया था। इसी प्रकार, प्रह्लाद ने अपनी माँ कयाधु के माध्यम से नारद मुनि के उपदेश सुने और गर्भ में ही भक्ति-भाव को आत्मसात किया। आधुनिक विज्ञान भी यही कहता है कि माँ की भावनाएँ, उसकी आवाज़ और परिवेश का वातावरण भ्रूण के भावनात्मक मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ते हैं। दरअसल, ये कथाएँ कोई चमत्कार नहीं, बल्कि गर्भस्थ मस्तिष्क-विकास के सूक्ष्म अनुभवों का सांस्कृतिक रूपांतरण हैं। विज्ञान बताता है कि ध्वनि और लय से मस्तिष्क में शुरुआती नेटवर्क बनते हैं – जिसे हमारी परंपरा ने गर्भ-संस्कार कहा।

आज के माता-पिता के लिए यह समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है कि गर्भस्थ शिशु केवल पोषण से नहीं, बल्कि भावनाओं, संगीत और घर की लय से भी आकार लेता है। माँ की शांति, पिता की उपस्थिति और पारिवारिक माहौल ही बच्चे का पहला संसार बनाते हैं। यदि माता-पिता अपने मन में थोड़ी-सी सजगता और कोमलता जोड़ लें, तो पेरेंटिंग कोई कठिन विज्ञान नहीं रहती – बल्कि प्रेम, लय और संवेदना का सहज संगीत बन जाती है।

## श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में रासलीला प्रसंग ने बांधा समां, गोपेश्वर महादेव की महिमा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में ख़जनी क्षेत्र बदरा गांव में कथा आयोजक मनोज त्रिपाठी व राजकुमार तिवारी,प्रदीप तिवारी, नागेश तिवारी यज्ञाचार्य सन्तोष महाराज रहे कतः में श्रद्धालुओं ने दिव्य रासलीला प्रसंग का रसपान किया। श्रीधाम अयोध्या से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य गौरव कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने अपने मधुर वचनों से भगवान श्रीकृष्ण की पावन रासलीला का मनोहारी वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। महाराज जी ने कहा कि रासलीला कोई सामान्य लीला नहीं, बल्कि यह जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। जब गोपिकाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को गहन आर्तभाव से स्मरण किया, तब प्रभु ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में अपनी मधुर बंसी बजाई। बंसी की ध्वनि केवल उन्हीं गोपियों ने सुनी, जिनके हृदय में प्रभु के प्रति सच्चा प्रेम और समर्पण था। वे सब बंसी की पुकार सुनकर अपने-अपने घर-आँगन, पतियों और समाजिक बंधनों को त्यागकर वन में प्रभु के पास पहुँच गई।

श्रीकृष्ण ने जब उनसे पूछा कि इतनी रात गए वे क्यों आई हैं, तो गोपिकाओं ने विनम्रता से उत्तर दिया - 'जिन्हें छोड़कर हम आई हैं वे पंचभौतिक शरीरधारी जीव हैं, और आप उन जीवों के परमात्मा हैं। अतः हम अपने प्रियतम परमात्मा के पास आई हैं।' यह सुनकर भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न हो उठे और वही रासलीला आरंभ हुई, जिसमें आत्मा और परमात्मा का अद्वितीय मिलन हुआ। कथा व्यास ने आगे बताया कि जब माँ पार्वती को इस दिव्य रास का समाचार मिला, तो वे भी रास में सम्मिलित होने पहुँचीं और प्रभु संग नृत्य करने लगीं। कुछ समय बाद भगवान भोलेनाथ भी रास में भाग लेने की इच्छा से वहाँ पहुँचे, परंतु द्वारपालों ने उन्हें रोक दिया कि यह रास केवल स्त्रियों के लिए है। तब भोलेनाथ ने माँ पार्वती की सहायता से गोपी का रूप धारण किया और लीला में प्रवेश किया। जब श्रीकृष्ण को इस दिव्य रहस्य का पता चला, तो उन्होंने वहीं पर भोलेनाथ को गोपेश्वर महादेव नाम से अभिषिक्त किया।

महाराज जी ने कथा के अंत में कंस वध और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का जीवंत वर्णन करते हुए भव्य झाँकियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल 'हरे कृष्ण, हरे राधे' के जयघोष से गूंज उठा। भक्तगण नृत्य, भजन और भक्ति के सागर में डूबे नजर आए। कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण वातावरण में दिव्य अनुभूति का अनुभव किया।

## किसानों को राहत देने के लिए युद्धस्तर पर शुरु हुआ फसल क्षति सर्वे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** बेमौसम बारिश होने के कारण बेचैन हुए किसानों को राहत देने के लिए जिले में राजस्व टीमों ने युद्धस्तर पर सर्वे शुरु कर दिया है। साथ ही किसानों की क्षति की वास्तविक जानकारी एकत्र करने के लिए सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को भी क्षेत्र भ्रमण कर खेतों तक जाने के निर्देश दिए गए है। जिले में तीन दिनों तक हुई बारिश के कारण किसानों की फसल को क्षति पहुंची है। खासतौर पर धान की खेती करने वाले किसानों का नुकसान हुआ है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहले समाधान दिवस में ही यह मामला आया था। जिसके चलते समाधान दिवस के बाद डीएम ने स्वयं बनाड़ी गांव जाकर असमय बारिश के हुई फसल की क्षति का जायजा लिया था। साथ ही उन्होंने प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व टीमों को तत्काल सर्वे करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा है कि जिला प्रशासन को किसानों के साथ पूरी सहानुभूति है। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को भी सर्वे करने वाली टीमों का पर्यवेक्षण करने के लिए कहा गया है। इसके चलते रविवार को कर्वी, मऊ, मानिकपुर व राजापुर के उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फसल क्षति की रिपोर्ट प्राप्त होते ही तत्काल नियमानुसार किसानों को मुआवजा वितरित कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** आओ करके सीखें ग्रुप द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें लगभग 5,000 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कर्वी ब्लॉक के लगभग 50 पब्लिक स्कूल व इण्टर कॉलिजों में राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता के तहत सामान्य ज्ञान, चित्रकला, मेहंदी, योगा और नृत्य प्रतियोगिताएं हुई। चित्रकूट इण्टर कॉलिज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ फूलचंद चंद्रवंशी और संयोजक हीरालाल सोनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के जरिए अपने अंदर छिपी नृत्य कला, मेहंदी कला, योग कला, चित्रकला को मंच में बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिताएं जनपद के लगभग 1800 विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर विभिन्न चक्रों में आयोजित की जा रही हैं, जिसमें पहले चक्र में यह 26 अक्टूबर को दूसरे चक्र में दो नवंबर को, तीसरे चक्र में नौ नवंबर को व चौथे चक्र में 16 नवंबर को आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य जनपद के विभिन्न विद्यालयों तथा विभिन्न गांवों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाना, उन्हें निखारना, उनको एक मंच प्रदान करना और उनको प्रतियोगिता के लायक बनाना है। बताया कि कर्वी ब्लॉक के 50 विद्यालयों में लगभग 5000 बच्चों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। जिसमें प्राइमरी के 1000, जूनियर के 2000 और सीनियर के 2000 बच्चे शामिल हुए। चित्रकूट इण्टर कॉलेज कर्वी के परीक्षा केंद्र प्रभारी फूलचंद चंद्रवंशी, जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी के प्रभारी दिनेश सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राठौर साहू मोदी का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 7 दिसंबर को



**बरेली/**राठौर साहू वैवाहिक परिचय सम्मेलन बरेली के जोगी नवादा में स्थित बनखंडी नाथ में आयोजित किया जाएगा इसके लिए समाज के गढ़ मान्य लोग कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य होगी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लक्ष्मी नारायण राठौर। मुन्नालाल राठौर सचिन राठौर संतोष राठौड़ कृष्णा साहू और पप्पू मोहनलाल साहू मथुरा प्रसाद राठौर ओमप्रकाश राठौर रामदास राठौर इस कार्यक्रम की व्यवस्था के जिम्मेदार कार्य करता है इस कार्यक्रम का व्यवस्था उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू होंगे इस कार्यक्रम में युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन कराया जाएगा। इस के लिए समाज के लोगों को परेशानी न हो इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसमें शुजात बंधुओ से अपील की जाती है भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें यह जानकारी समाज के अध्यक्ष विजय कुमार साहू ने दी है इस कार्यक्रम में कई जनपदोंके सुजातबांधों को आमंत्रितक।या गया है।

### जिले के आरक्षियों ने यूपी पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी



**बलरामपुर।** सीतापुर में आयोजित 50वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता-2025 में जनपद के आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। आरक्षी रितेश सिंह और सारंग कनौजिया की जोड़ी ने बेहतरीन निशानेबाजी से प्रतियोगिता में सबका ध्यान आकर्षित किया। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और 5000-5000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी ने दोनों जवानों की सराहना करते हुए कहा कि बलरामपुर पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आगे है, बल्कि खेलकूद और शारीरिक दक्षता के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली जवान विभाग के गौरव हैं और इनकी सफलता अन्य पुलिस कर्मियों को भी प्रेरित करेगी। वहीं, आरक्षी रितेश और सारंग ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का क्षण है और भविष्य में भी वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### बलिया सीडीओ ने अधिकारियों संग किया स्नान घाट का निरीक्षण:कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का जायजा लिया



**बलिया-** कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ओजस्वी राज ने रविवार की शाम अधिकारियों के साथ स्नान घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी और सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय बैरिकेडिंग का कार्य चल रहा था, जिसे सीडीओ ने कल रात तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सांस्कृतिक और आरती मंच के लिए आवश्यक टेंट व अन्य व्यवस्थाओं की सामग्री कल तक स्थल पर पहुंचाने और रात तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। प्रकाश व्यवस्था के संबंध में ठेकेदार को आज रात तक कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया गया। मार्ग की मरम्मत के लिए अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड को बोरी डालकर कार्य करने और लोक निर्माण विभाग को भी सड़क सुधारने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को आज से कैंप लगाकर युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया, ताकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान की सभी तैयारियां समय पर पूरी हो सकें।

# योग भारत की प्राचीन देन है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग दिखाता है

**● सरदार पटेल का स्वर्ण जयन्ती वर्ष में आई ई आर टी कालेज में योग का महत्व पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का स्वर्ण जयन्ती वर्ष आई ई आर टी कालेज प्रयागराज में ज्ञान आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर मोबाइल एडिक्शन तथा योग का महत्व विषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। साथ ही लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ विमल मिश्रा, निदेशक (आई ई आर टी कालेज ) प्रयागराज नेकिया तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कार्यों को याद किया गया । निदेशक डॉ विमल मिश्रा ने भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र आदि के साथ सम्मानित किया। जिनमें मुख्य रूप से डॉ जी के शांगलू डॉ राजेश श्रीवास्तव डॉ अखिल निगम डॉ सुनील कुमार पटेल डॉ काशीराम डॉ संजय सिंह डॉ श्री भगवान केशरी डॉ कपूर केसरवानी डॉ एस के खुराना अविनाश कुमार केसरवानी आरती यादव आदि रहे। योग प्रतियोगिता मे बकासन, शीर्षासन, धनुरासन, मयूरासन , शीर्षासन, चक्रासन आदि आसन हुए। प्रतियोगिता मे योगाभ्यास केंद्र के प्रशिक्षु उज्वल कुमार (प्रथम) को स्वर्ण पदक , शगुन सिंह (द्वितीय) को रजत पदक , अनुज कुमार (तृतीय) को कास्यं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय सदस्य डॉ भंवर सिंह ने मोबाइल एडिक्शन विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मोबाइल की लत ने पारिवारिक संबंधों और स्वास्थ्य दोनों पर गहरा प्रभाव डाला है। पहले जहाँ परिवार के सदस्य एक-दूसरे से बातचीत में समय बिताते थे, अब सभी अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, जिससे आपसी समझ और स्नेह कम हो गया है। लगातार मोबाइल उपयोग से आँखों में दर्द, सिरदर्द, नींद की कमी और गर्दन की तकलीफ जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं। मानसिक रूप से भी व्यक्ति तनाव, चिंता और अवसाद का शिकार हो रहा है। परिवारिक जीवन की गर्माहट और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मोबाइल के उपयोग पर नियंत्रण और वास्तविक संवाद को प्राथमिकता देना आवश्यक है। सबसे खतरनाक प्रभाव सड़कों पर देखने को मिलता है, जहाँ लोग मोबाइल पर बात करते या संदेश भेजते हुए हादसों का शिकार हो जाते हैं। इस लापरवाही से कई जानें चली जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि मोबाइल का उपयोग संयमित और जिम्मेदारी से किया जाए। मुख्य अतिथि डॉ विमल मिश्रा निदेशक आई ई आर टी कालेज ने कहा कि आज का युवा , सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहा है विकसित भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है। युवाओं को भी अपनी-अपनी बात कहने का अवसर प्रदान किया गया। आयोजन समिति के संयोजक योगाचार्य कौशल किशोर मिश्रा ने कहा कि , योग भारत की प्राचीन देन है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग दिखाता है। नियमित योग अभ्यास से शारीरिक लचीलापन बढ़ता है, रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और मन को शांति मिलती है। प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति तनाव, चिंता और अवसाद से मुक्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करता है। योग न केवल स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है जो अनुशासन, एकाग्रता और आत्म-जागरूकता सिखाती है। आज विश्वभर में योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार माना जा रहा है। आयोजन समिति के सहसंयोजक डॉ कपूर चन्द्र केशरवानी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी आगंतुक अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# सपा ने नेहा यादव और मुहम्मद साजिद को सौंपी प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी, मयंक शुक्ला का नाम हटाया

**●समाजवादी पार्टी ने नेहा यादव और मुहम्मद साजिद को फिर से प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। पार्टी ने युवा और सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता दी है। दोनों प्रवक्ता अब पार्टी का पक्ष रखेंगे। कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। पहले जारी सूची से मयंक शुक्ला का नाम हटा दिया गया। मयंक शुक्ला ने कहा कि वह पार्टी की हर जिम्मेदारी निभाएंगे।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेली।** समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार शाम प्रवक्ताओं की सूची जारी की है। इसमें शहर के दो चेहरों को दोबारा जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने नेहा यादव और मुहम्मद साजिद को एक बार फिर प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। राजनीति के बदलते स्वरूप और चुनावी तैयारियों को देखते हुए सपा संगठन ने इस बार भी युवा और सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता दी है। पार्टी ने पिछली बार जिले के तीन युवाओं को यह जिम्मेदारी दी थी। शुक्रवार शाम को आई सूची में सपा महिला सभा की उपाध्यक्ष नेहा यादव और मुहम्मद साजिद के नाम की ही घोषणा की गई।

**मुहम्मद साजिद को भी दोबारा किया शामिल, मयंक शुक्ला हटाए**

दोनों युवा प्रवक्ता अब टीवी चैनलों की डिबेट, प्रेस कांफ्रेंस, इंटरनेट मीडिया मंचों और सार्वजनिक विमर्श के दौरान समाजवादी पार्टी का पक्ष मजबूती से रखेंगे। इनकी नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं, युवा नेताओं और क्षेत्रीय संगठनों ने बधाई संदेश भेजे हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि बरेली से दो प्रवक्ताओं का शामिल होना, संगठन के लिए गर्व और ऊर्जा दोनों का प्रतीक है।

**सूची से हटाया मोंटी शुक्ला का नाम**

सपा में उथल-पुथल नई नहीं है। पार्टी की ओर से कुछ मिनटों के अंतराल में ही प्रवक्ताओं की दो सूचियां जारी की गईं। पहली सूची में जिले के तीन युवाओं के नाम की घोषणा की गई थी।

उसमें मयंक शुक्ला मोंटी का नाम भी शामिल था। दूसरी सूची में उनका नाम हटा दिया गया। उनका कहना है कि पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के किए हुए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है।

# 321 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह, हिंदू और मुस्लिम युवक-युवतियों को मिले जीवनसाथी

**●एक सामूहिक विवाह समारोह में 321 जोड़ों ने एक साथ शादी की, जिनमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के युवक-युवतियां शामिल थे। इस कार्यक्रम ने सांप्रदायिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया। यह सामूहिक विवाह कई परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विकास भवन के पीछे स्थित उद्यान विभाग की नर्सरी में रविवार सुबह से माहौल बदल गया था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शादियां करने के लिए हिंदू और मुस्लिम जोड़े सज-संवर कर अपने स्वजन के साथ पहुंचे। हजारों लोगों की भीड़ इस समारोह में शामिल हुई। प्रदेश सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री भी आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित थे। कुल 321 जोड़े एक साथ जीवन के बंधन में बंधे। एक ओर विप्रजन ने मंत्रोच्चारण के बीच 252 हिंदू जोड़ों की शादी कराई, वहीं दूसरी ओर मौलवियों ने 69 जोड़ों का निकाह कराया। सुबह साढ़े नौ बजे मंत्री जयवीर सिंह ने समारोह में पहुंचकर कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से गरीब परिवारों को विवाह की चिंता से मुक्ति मिली है। 2024-25 में वधू के परिवार की अधिकतम आय सीमा दो लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर अब तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले वधू के खाते में 35 हजार रुपये भेजे जाते थे, जबकि इस वर्ष 60 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। यह सरकार की गरीबों के प्रति चिंता को दर्शाता है। इसके बाद शादी की परंपराएं शुरू हुईं। फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से सभी जोड़ों की बायोमैट्रिक कराई गई। सभी जोड़ों को गहनों के साथ गृहस्थी का सामान भी भेंट किया गया। इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर, टूंडला विधायक प्रेम पाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, डीएम रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम विशु राजा, एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी केएम सिंह और पीडी डीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

**मंत्री ने किया योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**

मंत्री ने योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ भी किया। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में 47.46 लाख की लागत से चार मल्टीपर्पज हाल और दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण का उद्घाटन किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 8573.38 लाख की लागत से ग्रामीण संपर्क मार्ग, खेल मैदानों और पार्क निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया। राजकीय इंटर कालेज नसीरपुर में 65.32 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का उद्घाटन भी किया गया। इसके बाद मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

# 100 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास की कवायद तेज:कार्यवाहक प्राचार्य ने परिवहन मंत्री से की चर्चा, जल्द शिलान्यास की तारीख होगी घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास और निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। गाजीपुर मेडिकल कॉलेज के स्थायी और बलिया के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. धनंजय सिंह ने जिले का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. सिंह ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। प्राचार्य ने बताया कि शिलान्यास और कार्य शुरू करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो एक महीने के भीतर शिलान्यास कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पुष्टि की कि प्राचार्य के साथ मेडिकल कॉलेज से संबंधित सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय लेकर शिलान्यास की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। मंत्री ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से भी बात की। मंत्री ने बताया कि कार्य शुरू होने के दो साल के भीतर मेडिकल कॉलेज अपना काम करना शुरू कर देगा। बलिया के मेडिकल कॉलेज में 100 सीटें होंगी, जहां प्रतियोगी परीक्षा में चयनित छात्र पढ़ाई करेंगे। दयाशंकर सिंह ने यह भी बताया कि नए जेल की जमीन खरीद के लिए पैसा जारी हो गया है। प्रयास है कि मेडिकल कॉलेज और नए जेल दोनों का शिलान्यास एक साथ कराया जाए। नारायनापाली में 67 एकड़ भूमि पर जेल का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त, बैरिया में अंतर्राज्यीय बस अड्डे के लिए भी बजट आवंटित हो चुका है। उसका शिलान्यास भी इन्हीं के साथ कराया जाएगा।

# सिरफिरे ने पहले मां को जिंदा जलाया, फिर मामा को हंसिया से काटकर उतारा मौत के घाट, इस बात पर कर दिया कांड

**● एक सनकी व्यक्ति ने अपनी मां को जिंदा जलाकर और फिर अपने मामा को हंसिया से काटकर मार डाला। आरोपी का अपनी मां से विवाद हुआ था जिसके बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरनियां।** कलयुगी बेटे ने पहले अपनी मां को जिंदा जला दिया। अस्पताल में उनकी मौत के बाद अंत्येष्टि पर पहुंचे मामा पर हंसिया से ताबड़तोड़ प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिखकर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। घटना देवरनियां क्षेत्र के मुहल्ला शाहबाद की है। यहां रहने वाले कड़े राम ने बताया कि करीब आठ माह पहले पीलीभीत के गांव जमनिया निवासी उनकी बहन सुशीला देवी और बहनोई सेमीखेडा आकर किराये के मकान में रहने लगे थे। कुछ दिन सेमीखेड़ा में रहे के बाद वह मुडिया जागीर में दो महीने किराए के मकान में रहे। उसी दौरान सुशीला ने देवरनियां में पांच बिश्वा जमीन खरीद ली। उस पर मकान बनाने की तैयारी थी। कड़े राम ने बताया कि गांव में ही मकान बना रही थी, इसलिए सुशीला को अपने घर में ही एक कमरा रहने को दे दिया था। भांजा सोमपाल नशे का आदी था।

**पेट्रोल डालकर लगाई आग**

26 अक्टूबर को सोमपाल ने शराब के नशे में अपनी बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब सुशीला बुझाने पहुंची तो उसे भी आग में झोंक दिया। सुशीला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। सुशीला के शव को उसके ही प्लाट में लाकर रखा गया। कड़े राम और उनके छोटे भाई मोती राम बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में भांजा सोमपाल मिल गया। मोतीराम ने गुस्से में उसे सुशीला की मौत का जिम्मेदार बताया और उसे डंडे से मार दिया। इस पर सोमपाल आग बबूला हो गया। उसने हंसिए से मामा मोतीराम पर ताबड़तोड़ प्रहार किया, जिससे मौके पर ही मोतीराम की मौत हो गई। घटना होने से वहां अफरा-तफरी मच गई और आरोपित सोमपाल फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और स्वजन के शिकायती पत्र पर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आरोपित सोमपाल को देर रात रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि मेरे पिता भीमसेन ने पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद दूसरी शादी की थी। मामा ने ही अपनी बहन की शादी मेरे पिता से कराई।

**शराब के नशे में मामा से हुआ था विवाद**

आठ माह पहले परिवार पीलीभीत से यहां आकर रहने लगा था। बीते रविवार को छोटे मामा मोतीराम से शराब के नशे में विवाद हो गया था। गुस्से में मैंने अपनी मोटरसाइकिल में आग लगा दी थी। उसी दौरान मां झुलस गई थीं। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में आ रहे दोनों मामा रास्ते में मिल गए। उन्होंने अपनी बहन की मौत का जिम्मेदार मुझे बताया तो गुस्से में आकर हंसिया से वार कर दिया। प्रकरण में आरोपित के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

## 3.30 लाख खातों में जमा 88 करोड़ रुपये निकालना भूले लोग, खाताधारकों को ढूंढ रहे बैंक

**● देश के बैंकों में 3.30 लाख से ज़्यादा खाते हैं जिनमें 88 करोड़ रुपये जमा हैं, पर लोग निकालना भूल गए। बैंक अब इन खाताधारकों को ढूंढ रहे हैं ताकि वे अपनी जमा राशि प्राप्त कर सकें। आरबीआई ने बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैंक सक्रिय रूप से खाताधारकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** लोग अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने एवं उसमें वृद्धि के लिए बैंकों में जमा कराते हैं। कुछ लोग हैं जो महीने में कई बार जाकर अपने खाते में लेनदेन की जानकारी करते हैं। जिले में 3.30 लाख खाताधारक ऐसे हैं, जो खातों में धनराशि जमा करके भूल गए हैं। इनके खातों में 88 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन, उन्होंने 10 वर्षों या उससे अधिक समय से कोई लेनदेन नहीं किया है। जिससे इनके खातों में जमा राशि रिजर्व बैंक के पास चली गई है। आरबीआइ के निर्देश पर अब बैंक ऐसे खाताधारकों को खोजने में लग गई हैं। जिससे उनकी जमा राशि उन्हें वापस की जा सके।

**केस-1** हिमांयूपुर निवासी सब्जी विक्रेता के पिता का एक खाता भारतीय स्टेट बैंक में था। पिता की मृत्यु 14 वर्ष पूर्व हो गई थी। दीपावली पर घर की सफाई के दौरान उन्हें पासबुक मिली तो वे उसे लेकर बैंक पहुंचे। पता चला कि उसमें 1.15 लाख रुपये जमा था। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैंक ने उन्हें भुगतान कर दिया।

**केस-2** उर्वशी टाकीज के पास रहने वाली 55 वर्ष की विधवा 15 दिन पहले बाइपास रोड स्थित बैंक में पेंशन निकालने गई तो वहां आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान की जानकारी हुई। अगले दिन वह अपने पति की पासबुक लेकर पहुंचे तो बैंककर्मी ने बताया कि खाते में 93 हजार रुपये जमा हैं, जो बैंककर्मियों ने उन्हें दे दिए। जमा राशि वर्षों से क्लेम न किए जाने से बैंकों की मुश्किल बढ़ गई है। पुराने होने के कारण बहुत से खातों में या तो खाताधारक का फोन नंबर लिखा ही नहीं या फिर लिखा है तो वह अब लग नहीं रहा। जिससे बैंककर्मी उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। वहीं भारत सरकार की परेशानी ये है कि ये रकम बाजार में नहीं आ पा रही है। सरकार का मानना है कि यदि खातेधारक या उनके आश्रित इस रकम को निकालेंगे तो रकम बाजार में पहुंचेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। इसलिए आरबीआइ ने बैंकों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे खाताधारकों को खोजकर धनराशि की निकासी या खातों का संचालन कराया जाए।

इसके लिए देशभर में छह अक्टूबर से आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जगह-जगह शिविर लगाकर लोगों से अपने पुराने खातों के बारे में जानकारी कर बैंक में संपर्क करने के लिए कहा जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक अब तक 62 खाता धारकों को एक करोड़ रुपये वापस दे चुकी है।

## विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया दूध में जहर देकर मारने का आरोप

**● फिरोजाबाद में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दूध में जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** लंबे समय से बीमार विवाहिता की शनिवार रात मृत्यु हो गई। उसके मायके वालों ने ससुरालीजन पर दूध में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम घर पर सुबह दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गई। अरांव के गांव शादीपुर निवासी सियाराम ने अपनी 35 वर्षीय पुत्री शालिनी की शादी आठ वर्ष पहले गांव बामई निवासी विकास कुमार के साथ की थी। शालिनी के भाई विष्णुकांत ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन से पति और अन्य ससुरालीजन आए दिन मारपीट व प्रताड़ित करते थे। रात में दूध में जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई। विकास शराब पीने का आदी है, शालिनी उसका विरोध करती थी। इसी बात को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता था। शुक्रवार रात भी कहासुनी हुई थी। वह एक बेटी की मां थी। रविवार सुबह दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। अरांव इंस्पेक्टर ऋषि कुमार ने



ससुरालीजन से मिली जानकारी के हवाले से बताया कि महिला की तबीयत खराब रहती थी। अक्सर उसे सांस लेने में परेशानी होती थी। उसका उपचार कराया जा रहा था। डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है। शिकायती पत्र नहीं मिला है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर जान देने जा रही वृद्ध महिला को पीआरवी6745 के पुलिसकर्मियों ने तत्परता पूर्वक बचा लिया



दिनांक 02.11.2025 की सुबह करीब 10.00 बजे थाना ऊंज पर सूचना प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कलिंजरा रेलवे क्रासिंग पर मायके में आयी वृद्ध महिला उम्र करीब 60 वर्ष निवासी बैरीपरवां थाना सुरियावां घरेलु कलह की वजह से ट्रेन से कटकर अपनी जान देने जा रही है। सूचना पर पीआरवी 6745 व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध महिला को तत्समय ही बचा लिया गया व महिला के परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। महिला के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है। अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिसकर्मियों की तत्परतापूर्वक कार्यवाही की प्रशंसा की गई।

पुलिसकर्मियों का विवरण-
1.प्र0नि0 विजय प्रसाद गुप्ता
2.आरक्षी संतोष सागर
3.आरक्षी धीरेन्द्र यादव
4.म0आ0 नेहा व पीआरवी 6745 के पुलिसकर्मी।

### सौरभ पुजारी की अध्यक्षता में नैनागढ़ यूथ ब्रिगेड की बैठक आयोजित



**चुनार मिर्जापुर।** रविवार को नयनागढ़ यूथ ब्रिगेड की बैठक बालूघाट पर यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सौरभ पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सचिव विकास कश्यप,मिडिया प्रभारी अखिलेश पांडेय की उपस्थिति में सदस्यों को कार्य भार सौंपा गया। इस दौरान राम बचन ,आशीष यादव, धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग छात्रा ने की स्कूल बस चालक से शादी, बाद में दोनों ने खाया जहर

**गुलरिहा के थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अभी तक दोनों परिवारों ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। कोई भी कानूनी कार्रवाई शुरू करने से पहले लड़की की उम्र का सत्यापन किया जा रहा है।**



**गोरखपुर** जिले के गुलरिहा क्षेत्र में 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने स्कूल के एक बस चालक से मंदिर में शादी कर ली। पकड़े जाने के डर से दोनों ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नाबालिग छात्रा ने अपने ही स्कूल के 23 वर्षीय बस चालक अभिषेक शर्मा उर्फ हैप्पी के साथ जाकर एक स्थानीय मंदिर में शादी कर ली और बृहस्पतिवार को पकड़े जाने के डर से दोनों ने कीटनाशक खा लिया। सूत्रों ने बताया कि दोनों ने अपनी कलाई भी काट ली। उन्होंने बताया कि छात्रा और बस चालक को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां अभिषेक की हालत गंभीर बताई जाती है। वहीं, लड़की की हालत स्थिर है।

सूत्रों ने बताया कि जहर खाने से पहले अभिषेक ने लड़की के साथ एक वीडियो रिकॉर्ड किया और ''उसमें उसने कहा कि वे साथ नहीं रह सकते लेकिन उन्हें साथ मरने से कोई नहीं रोक सकता।'' सूत्रों के मुताबिक, वह वीडियो अभिषेक के रिश्तेदारों को भेजा गया जिन्होंने तुरंत उसके पिता को सूचित किया। वह मौके पर पहुंचे और दोनों को बेहोश पाया। गुलरिहा के थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अभी तक दोनों परिवारों ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। कोई भी कानूनी कार्रवाई शुरू करने से पहले लड़की की उम्र का सत्यापन किया जा रहा है।

# सुबह की हवा सौ रोगों की दवा- भदोही बनेगा स्वास्थ्य की राजधानी- अताउल अंसारी

**● नन्हे नौनिहालों संग निकली साइकिल यात्रा**

**पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में रविवार को गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से एक भव्य साइकिल यात्रा निकाली गई।**

**क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** साइकिल यात्रा को संबोधित करते हुए अताउल अंसारी ने कहा कि युवा देश की रीढ़ की हड्डी है। अगर आप चाहते हैं कि परिवार के साथ हमारा देश भी तरक्की करें तो सभी लोग महीने में एक वृक्ष लगाए, सप्ताह मे एक दिन पर्यावरण स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा में भाग ले और प्रतिदिन आधे घंटे का योग व्यायाम करें। इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और लोग भी जागरूक होंगे। साइकिल यात्रा आरंभ होकर कांजी हाउस, आजाद नगर, झीलियापुल, शिवनगर, शहीद तिराहा, मिर्जापुर रोड, काली देवी, खड़हड़ी मोहाल, छोटी चौराहा, पश्चिम मोहाल, स्टेशन रोड, पड़ाव, लाई बाजार, नगर पालिका, फूलबाग, सोनखरी के आसपास का भ्रमण करते हुए "वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पूरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम" का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए फूलबाग मे इसका समापन हुआ। यहाँ अताउल अंसारी ने उपस्थित युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और कहा हमारा लक्ष्य है पूरे भदोही को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। जब तक हर व्यक्ति इस मुहिम से नहीं जुड़ता, तब तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

नन्हे नौनिहाल अबू हुरैरा अंसारी, विराट चौधरी और अबू दर्दा अंसारी रहे आकर्षण का केंद्र। इन्होंने भी उत्साहवर्धक नारा लगाकर लोगों को किया जागरूक। साइकिल यात्रा में प्रवीण श्रीवास्तव, अधिवक्ता राम श्रृंगार चौधरी, बनारसी बिंद, श्यामसुंदर बिंद, सरफराज अहमद, पंकज सिंह, कमलेश कश्यप, प्रमोद मौर्या, महमूद आलम, प्रेम गुप्ता, महेंद्र यादव, अबरार हाशमी, कार्तिक सुनील, विजय मौर्य, मोहम्मद इमरान, जीत सिंह, सुंदरम चौधरी, फैज आलम, गोपाल चौधरी, विपिन मौर्य, हिमांशु चौधरी, सिद्धार्थ मौर्य, आर्यन यादव समेत आदि रहे।

## मृतक के घर इब्राहिमपुर पहुंचे तहसीलदार, आर्थिक मदद का दिया आश्वासन



**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र के इब्राहिमपुर में शनिवार की रात में एक सड़क दुर्घटना में इब्राहिमपुर गांव निवासी जय श्री उर्फ भीम (45) की मृत्यु हो गई थी। घटना की जानकारी होने पर ज्ञानपुर तहसीलदार अजय सिंह रविवार को सुबह ही इब्राहिमपुर गांव मृतक जयश्री के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाक़ात की और यथासंभव नियमानुसार आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया। ज्ञानपुर तहसीलदार अजय सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाख की आर्थिक सहयोग का प्रावधान है। सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण होने के बाद मृतक के परिजन को आर्थिक मदद दी जाती है। इब्राहिमपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माता सेवक निषाद समेत ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

## विंध्याचल मीरजापुर गजिया बस्ती मे जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन नगर कि बैठक सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विंध्याचल मीरजापुर।** गजिया बस्ति कंतित मे जय हिंद मानवधिकार एसोसिएशन कि नगर कि बैठक गजिया नई बस्ति विंध्याचल नियर दूधनाथ तिराहा कार्यालय मे बैठक सम्पन्न हुआ बैठक कि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष टीपू जी ने किया एवं संचालन नगर सचिव युवा इमरान जी ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता उपस्थित रहे बैठक को सम्बोधित जिला अध्यक्ष मीरजापुर राहुल गुप्ता ने सभी नगर के पदाधिकारीगण व सदस्यगण से संगठन को मजबूती पर चर्चा किया गया एवं जय हिंद मानवाधिकार मे नये लोगो को शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा और गांव मे बहुत जल्द नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। नेशनल सेल्फ केयर के संस्था के योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी। जिसमे लड़कियों की शादी के समय 5 लाख आर्थिक सहयोग एवं माता पिता के मृत्यु पर 50 लाख तक की आर्थिक सहयोग परिवार वालो को संस्था के द्वारा किया जायेगा। गांव के समस्या पर भी चर्चा किया गया तो गजिया बस्ती वार्ड नम्बर 28 के निवासियों का कहना है कि 10,15 सालो से लगभग 50 घरो मे बिजली का कनेक्सन ही नही है। सम्बधित अधिकारी को कई बार सूचित किया गया। तब पर भी आज तक कोई सुनवाई नही हुई बैठक मे सबके सहमति से निर्णय लिया गया कि सभी निवासिगण सम्बधित अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या अवगत कराएंगे अगर उनकी समस्या नही सूनी गई तो जय हिंद मानवाधिकार जन आनंदोलन करने को मजबूर होगा। बैठक मे उपस्थित जाहिद, इस्माइल, राजु, किशन, दशरथ, रियाज जी, इमरान जी,सावित्रि देवी, इंदु देवी, महगू , आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में जागरुकता अभियान

**● महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान**

**जनपद भदोही में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरू**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचाव और सतर्क रहने हेतु 1930हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पंपलेट वितरण कर जागरूक किया गया।

## प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार एवं भंडारे का आयोजन



**चुनार मिर्जापुर** शनिवार को श्री राघवजी सेवा समिति के तत्वाधान में गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघवजी मंदिर में प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी, गौरी नाथ दीक्षित, अंशु सेठ, सुजीत यादव, राजेश जायसवाल, अंशु अग्रवाल, सुमित रस्तोगी, प्रतिक राव वैद्य, सुमित सेठ,अमित सेठ समर्थ वैद्य, गोपीनाथ मिश्रा, अनिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मेला का आखरि दिन लगा भूतों का जमावड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अहरौरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाला त्रिदिवसीय मेले का आखिरी दिन भी काफी भीड़ भाड़ वाला रहा। मौसम भी लोगों के आस्था पर कोई प्रभाव नहीं डाल पाया लगातार 3 दिन से हो रहे रिमझिम बारिश के बावजूद बिहार,झारखंड,गाजीपुर और दूर-दूर से आए श्रद्धालु शीश नवा कर मन्नत मानते दिखे, और जिन श्रद्धालुओं के मनोकामना पूर्ण हो चुके हैं वह भी आकर बाबा को चढ़ावा चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किये। तमाम भूत प्रेत से पीड़ित पुरुष महिला उछलते कूदते बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते दिखे। बेचू वीर धाम की मान्यता है कि निसंतान महिलाएं यदि 3 साल आकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाये तो उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और जो प्रेतबाधा से पीड़ित है उन्हें भूत प्रेत से मुक्ति मिलती है। यह मेला दीपावली के बाद अष्टमी नवमी दशमी तक लगता है एकादशी की प्रातः 3:00 बजे मंगरी वादक यंत्र बजाकर मेले को समाप्त होने का संकेत दिया जाता है।

बेचू वीर बाबा के मुख्य पुजारी रोशन लाल यादव का कहना है हमारी 6 पीढ़ी से बाबा बेचू वीर की सेवा की जा रही है। बाबा बेचू वीर हमारे वंशज थे जो की भैंस चराते थे। एक शेर के द्वारा भैंस पर हमला करने पर बेचू वीर बाबा शेर से लड़ गए और 3 दिन तक लगातार शेर से लड़ते-लड़ते काफी जख्मी हो गए, लेकिन शेर को उन्होंने मार डाला। ज्यादा घायल होने की वजह से स्वयं भी प्राण त्याग दिए जहां उनकी समाधि बनी हुई है ,बाबा बेचू वीर को वहीं सशरीर जमीन में दबाया गया और चौरी बनाकर पूजा करने का प्रचलन प्रारंभ हो गया था। तब से लेकर अब तक हमारी छह पीढ़ियों उनका पूजा और सेवा किया जा रहा है।लगातार उनके पराक्रम के तीन दिन मेले जैसा उत्सव मनाते हैं लोग संतान के लिए मन्नत मानते हैं और प्रेत बाधा से भी मुक्ति मिलती है। 2 तारीख की प्रातः 3:00 बजे मंगरी बजाने के साथ ही मेले का समापन हुआ दूर-दूर से आए श्रद्धालु गंतव्य को रवाना होने लगे।

# बेमौसम बरसात के बाद क्रय केंद्रों पर क्यों पहुंचे यूपी के किसान? सुबह से ही लग गई लंबी लाइन

**● उत्तर प्रदेश में बेमौसम बारिश के बाद किसान क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बेचने के लिए पहुंचे। बारिश से फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के कारण किसानों को परेशानी हो रही है। क्रय केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था न होने से भी किसानों को दिक्कतें आ रही हैं। किसान सरकार से व्यवस्था सुधारने और गुणवत्ता मानकों में ढील देने की मांग कर रहे हैं। सरकार ने किसानों को मदद का आश्वासन दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कलवारी (मीरजापुर)।** स्थानीय तहसील मड़िहान के अंतर्गत कलवारी स्थित राजकीय क्रय केंद्र पर शुक्रवार की रात से किसानों का जमावड़ा क्रय केंद्र पर टोकन लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी रही जबकि क्रय केंद्र प्रभारी जय प्रकाश यादव ने 1 नवंबर से धान खरीद का टोकन वितरित करने की बात कही।

शनिवार के सुबह से ही किसान टोकन लेने के लिए राजकीय क्रय केंद्र पर पहुंचकर लाइन में लगकर टोकन प्राप्त किया। क्षेत्र में हो रही बरसात से धान की फसले जलमग्न है। क्षेत्र में बरसात की वजह की वजह से कटाई मड़ाई का कार्य बाधित है। राजकीय क्रय केंद्र पर शनिवार की सुबह टोकन के लिए पहुंचे किसान पानी में भींगते हुए धान बेचने के लिए नंबर लगाया। राजकीय क्रय केंद्र पर किसानों की सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया। क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो होमगार्ड की तैनाती की गई थी।

इस संबंध में क्रय केंद्र प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि क्रय केंद्र पर आठ सौ किसानों को टोकन वितरित किया गया है।धान की फसल सूखने के बाद किसानों से उपज की खरीद की जाएगी। क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने वाले किसानों को वरीयता दी जाएगी। नमी मापक यंत्र ने धान की नमी मापी जाएगी।

## श्री मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव कार्यक्रम में दुल्हन की तरह सजा मंदिर

**● मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण के कोने कोने में टिमटिमाते दीपक आसमान के सितारे प्रतीत हो रहें थे**

**मंदिर की सजावट देखने पर प्रतीत हो रहा था मानो स्वर्ग से भी सुंदर अपना विंध्याचल मां विंध्यवासिनी मंदिर हो**

**मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार रहें**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** शनिवार को श्री मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव विशाल देवी जागरण भव्य श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। दीपदान का कार्यक्रम विद्वान पंडितों के स्वास्तिक वाचनों से शुभारंभ किया गया। देखते ही देखते पूरा मंदिर प्रांगण दीपों के टिमटिमाते रोशनी से विंध्य धाम में अपनी अलग ही छटा बिखेर रहें थे। जागरण का कार्यक्रम वाराणसी से आए अमलेश शुक्ला ने "गणेश वंदना" से शुभारंभ किया इसके बाद उन्होंने "विंध्याचल दरबार में खुशी मिलती है।"

दिव्या मां गोरखपुर से आकर "प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी" गाकर सबको खूब झुमाया, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित अयोध्या से आई गौरांगी गौरी (रूपक पांडेय) ने भी अपने भजन के माध्यम से भक्तों को खूब सराबोर किया। कार्यक्रम के अंत में गोरखपुर से आए भजन सम्राट नंदू मिश्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का संचालन जय चौरसिया ने किया इस दौरान उन्होंने भी ' 'मां विंध्यवासिनी की जयकार बोलिए, जीवन सफल बनेगा बार बार बोलिए' गाकर खूब तालियां बटोरी। मंदिर प्रांगण में राधा कृष्ण और माता काली तथा शिव और पार्वती की झांकी देख भक्त खड़े होकर झूमने लगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, एस पी सिटी नितेश सिंह, एसडीएम संजीव सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार , विंध्याचल इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र, धाम सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह, सुदृष्टि पांडेय जी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान आए हुए सभी अतिथियों को माला और अंगवस्त्र तथा मां की तस्वीर और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य व्यवस्थापक/ कार्यक्रम संयोजक पंडित शेखर शरण उपाध्याय (प्रधान पुजारी, श्रृंगारिया मां विंध्यवासिनी मंदिर)

इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभु सिंह (धनबाद), प्रमोद कुमार (हैदराबाद) उपस्थित रहें।

**संयोजक-** पंडित राजन पाठक, पंडित रघुवर दयाल उपाध्याय,राघवेंद्र उपाध्याय (श्रृंगारिया मां विंध्यवासिनी मंदिर) श्री मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव कार्यक्रम में प्रबोधिनी एकादशी को मंदिर में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया

मां विंध्यवासिनी मंदिर तथा कॉरिडोर परिसर में घी और तेल के दीपक ऐसे अपनी चमक बिखेर रहें थे मानो आसमान से टिमटिमाते सितारे मंदिर प्रांगण में उतर आए हो जो हर श्रद्धालुओं को अपने ओर आकर्षित कर रहें और सबके मुंह से बरबस निकल रहा था अदभुत, अलौकिक, अद्वितीय इस पर कलाकारों और गायकों के कार्यक्रम प्रस्तुत से मानो मंदिर स्वर्ग के जैसा प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम के अतिरिक्त भव्य और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जहां एक तरफ मंदिर पर जागरण का कार्यक्रम चल रहा था तो वहीं पुरानी वी आई पी के पास स्थित एक भवन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों भक्तों ने खूब छक कर प्रसाद ग्रहण किया।

# बिहार विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव की एंट्री, बोले- खेसारी की जीत पक्की, NDA पर किया तीखा प्रहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार सारण जिले की छपरा विधानसभा सीट से भोजपुरी एक्टर और राजद प्रत्याशी खेसारी लाल यादव चुनाव लड़ रहे हैं. रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खेसारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला. साथ ही छ्रा के विकास और रोजगार मॉडल पर भी तीखा प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा कभी भी लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने की बात नहीं करती है. रोजगार कभी भाजपा का एजेंडा नहीं रहा है, यही वजह है कि बिहार से आज भी पलायन जारी है. बिहार के युवा रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख कर रहे हैं. छ्रा सरकार यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह से नाकाम रही है. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हर घर में सरकारी नौकरी क्यों नहीं दी जा सकती?

**खेसारी जीतेंगे तो मिलकर गाएंगे जीत का गाना**

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि यह भीड़ बता रही है, छपरा से खेसारी भाई की बड़ी जीत होगी. इस बार वोट छप्पर फाड़कर पड़ेगा और खेसारी भाई की जीत पक्की है. उन्होंने इस दौरान लोगों से कहा कि जब खेसारी जीतेंगे तो हम सब मिलकर जीत का गाना गाएंगे. अखिलेश ने इस दौरान एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि छपरा का विकास रुका हुआ है. एनडीए सरकार के विकास के दावे छपरा में खोखले साबित हो रहे हैं. इस बार महागठबंधन की सरकार बनने के बाद पूरे बिहार का विकास होगा।

**हिंदुत्व, मंदिर-मस्जिद और पाकिस्तान पर बहस**

राजद उम्मीदवार खेसारी लाल यादव ने भी मंच से बीजेपी पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि छ्रा के लोग कभी भी रोजगार की बात नहीं करते. कभी भी बिहार के युवाओं की जिंदगी को बेहतर करने की बात नहीं करते हैं. छ्रा के लोग हमेशा हिंदुत्व, मंदिर-मस्जिद और पाकिस्तान पर बहस करते रहते हैं. खेसारी ने कहा कि पिछले 20 सालों में बिहार में एक भी फैक्ट्री नहीं लगी, यहां के लोगों को मजबूरी में अपने घर से बाहर पलायन करना पड़ता है. ट्रेन तो मिल जाती है बाहर जाने के लिए, लेकिन बिहार में रोजगार नहीं. उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव की लहर चल रही है और बदलाव होकर रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## नैनी जेल में पेड़ से लटकी मिली कैदी की लाश



**प्रयागराज।** कौशांबी में हत्या की, उम्रकैद की सजा काट रहा था; कुछ देर पहले भाई से मिला था प्रयागराज नैनी सेंट्रल जेल में शनिवार देर शाम सनसनी फैल गई। उम्रकैद की सजा काट रहा बुजुर्ग कैदी पेड़ से फंदे पर लटका मिला। वह कौशांबी जिले का रहने वाला था। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। जेल प्रशासन ने इसे आत्महत्या बताया है, जबकि पुलिस का कहना है कि मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा। घटना से कुछ देर पहले ही कैदी ने जेल में बंद अपने भाई से मुलाकात की थी।दरी गोदाम के पास उसका शव आम के पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस दोनों जांच में जुटे हैं।

**कैदियों की गिनती में खुली घटना की पोल**

मृतक की पहचान कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा के बरुआ गांव निवासी उदय राज लोध के रूप में हुई। शाम के वक्त कैदियों की गिनती के समय एक बंदी कम निकला। खोजबीन शुरू हुई तो दरी गोदाम के पास आम के पेड़ से लटका शव मिला। जेल सूत्रों के मुताबिक, घटना से पहले उदयराज ने जेल में बंद अपने भाई ज्ञान सिंह से मुलाकात की थी। थोड़ी देर बाद वह गायब हो गया।

## सतना में सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में सांसद विधायक हुए शामिल



**रीवा मध्यप्रदेश।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में आज सतना में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। एकता यात्रा मेंसतना सांसद गणेश सिंह मध्य प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री प्रतिभा बागड़ी और विधायक महापौर योगेंद्र ताम्रकार शामिल थे।

## सिद्धार्थनगर : शव को सड़क पर रख कर स्वजन व ग्रामीणों ने किया इटवा-बेलवा मार्ग जाम



**मृतक की पत्नी की कर रहे गिरफ्तारी की मांग**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम भगवतपुर निवासी संतोष गुप्ता के मौत के मामले में रविवार देर रात परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस से शव को घर पर लाकर इटवा बढ़या मार्ग जाम कर परिजनों एवं ग्रामीणों ने मृतक की पत्नी सुनैना की गिरफ्तारी की मांग।मृतक संतोष की पत्नी की गिरफ्तारी के लिए परिजन सहित भगवतपुर गांव के लोग भारी संख्या में एकत्रित होकर सड़क जाम कर दिए ।मृतक संतोष गुप्ता के पत्नी का मायका गोल्हौरा थाना क्षेत्र स्थित बनौली गांव में है बनौली निवासी बहरैची उर्फ पूजन की पुत्री सुनैना का विवाह भगवतपुर गांव निवासी लवकुश गुप्ता के बड़े पुत्र संतोष के साथ चार साल पूर्व हुई थी। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह मार्ग जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर परिजनों को मृतक के पत्नी पर कार्यवाही करने की दिया आश्वासन। समाचार लिखे जाने तक रास्ता जमा कर ग्रामीण मृतक की पत्नी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

# मोकामा हत्याकांड पर चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, SP समेत 4 अफसरों पर गिरी तबादले की गाज, 1 निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**ब्यूरो प्रयागराज।** मोकामा हत्याकांड के बाद बिहार में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. इसी बीच केंद्रीय चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोकामा और बाढ़ के कई अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है. आयोग ने कहा है कि चुनावी माहौल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चुनाव आयोग ने मोकामा और बाढ़ के तीन अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया है. यह कार्रवाई साजिश, लापरवाही और घटनाओं पर समय पर नियंत्रण न पाने के आरोपों के बाद की गई है. आयोग ने इनमें से एक अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं. इसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी आदेश दिया गया है।

स्थानीय एसपी का भी तबादला कर दिया गया है. चुनाव आयोग ने साफ किया कि कानून-व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह कदम जरूरी था.चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से कहा है कि वह इस कार्रवाई पर कल दोपहर 12:00 बजे तक 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' (ATR) सौंपे. इसमें सभी कदमों का विस्तृत ब्योरा देना अनिवार्य होगा। इससे पहले चुनाव आयोग ने बिहार में आचार संहिता सख्ती से लागू करने के आदेश दिए थे. इसके तहत राज्य की सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने, अराजक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखने और उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है. संवेदनशील और महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे. साथ ही स्ट्रांग रूम और ईवीएम की सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई है, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुरक्षित और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सके। मोकामा में जन सुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के बाद चुनावी माहौल और तनावपूर्ण हो गया है. इस बीच घटना से जुड़े एक और मामले में तीसरी स्नढ्ढक्रदर्ज की गई है.RJD उम्मीदवार वीणा देवी के समर्थकों ने पंडारक थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सुमित, सोनू और गोलू को आरोपी बनाया गया है. आरोप है कि दुलारचंद यादव की शव यात्रा के दौरान हुए बवाल में वीणा देवी के काफिले पर हमला किया गया और उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। इस मामले में पहले से ही तीन स्नढ्ढक्र दर्ज की जा चुकी हैं. दुलारचंद के पोते नीरज कुमार ने अनंत सिंह, उनके भतीजों राजवीर और कर्मवीर, साथ ही छोटन सिंह और कंजय सिंह को नामजद किया है. इधर, अनंत सिंह के समर्थक जितेंद्र कुमार की शिकायत पर जन सुराज उम्मीदवार प्रियदर्शी पीयूष और उनके समर्थकों-लखन महतो, बाजो महतो, नीतीश महतो, ईश्वर महतो और अजय महतो को आरोपी बनाया गया है।

# विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया गया रक्तदान कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शंकरगढ़ (प्रयागराज)।** हुतात्मा दिवस रक्तदान कार्यक्रम जिले के शंकरगढ़ प्रखंड में दिनांक 2 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ मे सम्पन्न हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला टोली के कार्यकर्ताओं से लेकर प्रखंड टोली के कार्यकर्ताओं ने इस रक्तदान के महाअभियान में हिस्सा लिया एवं 11 यूनिट रक्तदान किया ' रक्त की कमी से- न जाएं किसी के प्राण 'अयोध्या में निहत्थे रामभक्तों पर हुए गोली कांड में बलिदान हुए रामभक्तों की याद में ' न भूले हैं न भूलेंगे ' हुतात्माओं को श्रद्धांजलि के रूप में बजरंग दल प्रत्येक वर्ष रक्तदान का कार्यक्रम पूरे देश में करता आ रहा है इसी क्रम में 2 नवंबर को यमुनापार शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आहुत किया गया जिसमें मुख्य रूप जिला संयोजक बजरंग दल शुभम पांडेय के नेतृत्व में रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विशेष उपस्थिति यमुना पार जिला अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय , जिला मंत्री रवि जिला सह मंत्री मनोज , मंदिर अर्चक पुरोहित सुजीत, जिला सह संयोजक मनीष,बजरंग दल बोलो उपासना प्रमुख अंशु , जिला मिलन केंद्र प्रमुख विन, जिला गौ रक्षा प्रमुख आदर्श , जिला सुरक्षा प्रमुख दिनेश शुक्ला प्रचार प्रसार प्रमुख राम सिंह ,नारीबारी प्रखंड संयोजक सौरभ केसरी , शंकरगढ़ प्रखंड संयोजक शिवांशु शुक्ला , प्रखंड



अध्यक्ष प्रमोद नारीबारी प्रखंड अध्यक्ष बाला, जसरा प्रखंड संयोजक प्रमोद सोनकर , युवा बजरंगी विजय लाल प्रधान , युवा बजरंगी दिवाकर आदि कई बजरंगी उपस्थित रहे।

# सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर कोलाज प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रेस विज्ञप्तिः** इफको घियानगर फूलपुर के सामुदायिक केन्द्र में सतर्कता विभाग ने सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर कोलाज प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तथा अपशिष्ट से सर्वोत्तम बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चों में रचनात्मक कला का विकास हो यही प्रतियोगिता का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह सतर्कता विभाग सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पूर्व में इंडेंटर के लिए सतर्कता गोष्ठी,सतर्कता विषय पर



कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी, केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के लिए लघु नाटिका प्रतियोगिता तथा संस्कारशाला गोष्ठी , कर्मचारियों के लिए फ्रेम ऑफ इंटीग्रिटी शार्ट विडियो प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए रंगोत्सव-फेस्टिवल ऑफ कलर्स एंव वैल्यूज पर रंगोली प्रतियोगिता, कक्षा 3 तक के बच्चों के लिए लिटिल हैंडस- बिग वैल्यूज चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी, महिलाएं तथा बच्चों ने प्रतिभागिता दिखाई।

# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, सहूलियत के हिसाब से घटा-बढ़ा सकते अपनी उम्र', कांग्रेस ने कसा तंज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो पयागराज।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री और तारापुर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रत्याशी सम्राट चौधरी पर सुविधानुसार उम्र घटाने और बढ़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अभी तक सम्राट चौधरी की डिग्री को लेकर विवाद और संदेह था, लेकिन अब उनकी उम्र को लेकर भी बहुत सारे झूठ सामने आ रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने पटना में एक प्रेस वार्ता में सम्राट चौधरी को बीजेपी का पोस्टर बॉय बताते हुए तंज कसा कि वे ऐसे 'मानव' हैं जो अपनी सहूलियत के हिसाब से अपनी उम्र घटा-बढ़ा सकते हैं, ऐसी खासियत और किसी में नहीं मिल सकती है। सुप्रिया श्रीनेत ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में सम्राट चौधरी ने अपने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र 56 वर्ष घोषित की है। उनका कहना है कि वे 1968 में पैदा हुए थे, लेकिन 16 अक्टूबर 2003 में सुप्रीम कोर्ट का निर्णायक ऑर्डर है, जिसमें सम्राट चौधरी का जन्म 1981 में बताया गया है, जिसके हिसाब से उन्हें 44 साल का होना चाहिए था। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने सम्राट चौधरी को अयोग्य घोषित किया था और उस समय उनके निर्वाचन को रद्द किया था, जिसके कारण उन्हें मंत्री पद से भी इस्तीफा देना पड़ा था। उन्होंने यह भी बताया कि न्यायालय ने यह फैसला उनके बिहार सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड के एक सर्टिफिकेट के आधार पर सुनाया था। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी बिहार में जादू से उम्र घटा-बढ़ा रही है, ऐसे में देखना है कि चुनाव आयोग क्या करता है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक हत्याकांड का भी जिक्र करते हुए कहा कि 1995 में तारापुर में एक हत्याकांड हुआ था, जिसमें सम्राट चौधरी की भी संलिप्तता सामने आई थी। उस वक्त उन्होंने लिखित में एफिडेविट देकर अपनी उम्र 15 साल बताई थी। इसी आधार पर उन्हें बेल मिली थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 के हलफनामे में सम्राट चौधरी ने खुद को 28 साल का बताया था। ऐसे में वे आज 56 साल के कैसे हो गए? ये एक गुत्थी है।

# नारी सुरक्षा , सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त अपर पुलिस आयुक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नोडल अधिकारी मिशन शक्ति पुलिस उपायुक्त नगर पुलिस उपायुक्त गंगानगर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एवं समस्त क्षेत्राधिकार एसीपी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभा किया गया इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के विभिन्न जोनों में एंटी रोमियो टीम मिशन शक्ति टीम एवं महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**जोन नगर-** गोपाल पार्क रानी मंडी पार्क थाना तारसूया पत्थर गिरजाघर विशाल मेगा मार्ट सिविल लाइंस तिरुपति मार्केट सुभाष चौराहा मैक्स मॉल महिला थाना द्वारा खुसरो बाग थाना खुल्दाबाद तपोवन पार्क अंबेडकर चौ, खुसरो बा ग नई जनता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**जो न गंगा नगर-** कस्बा नवाबगंज सांसो बाजार जुनेदपुर सरस्वतीपुर थाना सराय नायक में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

**जो न यमुना नगर-** ग्राम खैरी ग्राम चिंतापुर थाना लालापुर ग्राम मांडा खास थाना मांडा मंडा मजा चौराहा करछना बाजार थाना करछना लोहार पंचायत भवन



खानापारा थाना 12 ग्राम टाइमसरिया मैं मिशनशक्ति एवं एंटी रोमियो में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

# किसानों के हित में बड़ा फैसला : 16 जिलों में बचे हुए किसानों का धान पंजीयन अब 6 नवंबर तक होगा

**● खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पहल पर मुख्यमंत्री का निर्णय।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रीवा- मध्य प्रदेश।** किसानों के हित में मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। यह निर्णय प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लिया है। मप्र के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों द्वारा भेजे गए इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए।

**पंजीयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी :**

खाद्य संचालनालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर खाद्य, सहकारिता, राजस्व एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही बचे हुए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। केन्द्रवार केवल उन शेष कृषकों का ही पंजीयन होगा, जिनके नाम जिला प्रस्ताव में उल्लेखित हैं। किसान पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि 6 नवंबर तक शेष रहे किसानों का पंजीयन हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित न रह जाए, यह हमारा दायित्व



है। इसीलिए पंजीयन अवधि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खरीफ उपार्जन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाया जा रहा है ताकि किसान को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हमेशा किसानों को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा है। धान उपार्जन पंजीयन अवधि बढ़ाए जाने का यह निर्णय इसी दृष्टि का विस्तार है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राज्य का कोई भी किसान समर्थन मूल्य का लाभ पाने से वंचित न रहे। सरकार के इस फैसले से उन किसानों को राहत मिलेगी, जो अभी तक पंजीयन नहीं करा पाए थे। अब वे 6 नवंबर तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते है।

# सरकारी जमीन पर पूर्व विधायक की मूर्ति लगाने का मामला, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर हटाने की रिपोर्ट तलब की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सितंबर में सरकारी भूमि पर बिना अनुमति मूर्तियां लगाए जाने की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका (PIL) दर्ज की है। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पूर्व विधायक इंद्रभद्र सिंह (धनपतगंज, सुल्तानपुर) की मूर्ति से संबंधित याचिका को जनहित याचिका में बदलते हुए इसका शीर्षक रखा – 'In ReÑ Installation of Statue etc. on Public Land and Their Removal'। याचिकाकर्ता अमित वर्मा ने आरोप लगाया था कि पूर्व विधायक की मूर्ति सुल्तानपुर की सरकारी भूमि पर लगाई गई है। राज्य पक्ष ने इसे राजनीतिक प्रेरित बताया, जिसे याचिकाकर्ता ने खारिज किया। 5 सितंबर को अदालत ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर मूर्तियों की स्थापना या हटाने को लेकर बार-बार मामले आते हैं,





इसलिए इस पर स्वतः संज्ञान लेकर अलग पीआईएल दर्ज की जाए। अदालत ने राज्य सरकार और जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी कि मूर्तियां सरकारी भूमि पर हैं या नहीं, और यदि हैं तो उन्हें हटाने की प्रक्रिया क्या होगी।

खंडपीठ ने 1997 और 2008 के सरकारी आदेशों तथा Union of India vs. State of Gujarat & Others में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि हाईकोर्ट की जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माणों को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश लागू करे। 31 अक्टूबर को अदालत ने पाया कि जिलाधिकारी के हलफनामे में मूर्तियों को हटाने की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है। अदालत ने जिलाधिकारी को पूरक हलफनामा दाखिल करने और नगर पालिका से यह बताने को कहा कि मूर्तियां किसने और किन परिस्थितियों में लगाई। अब मामला 25 नवंबर 2025 को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

# बिहार चुनावः ' 56 इंच की छाती वाले डरपोक हैं', राहुल गांधी का PM मोदी पर बड़ा हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार के बेगूसराय में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभ में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, '56 इंच की छाती में कुछ नहीं रखा। 56 इंच की छाती वाले डरपोक हैं।' राहुल गांधी ने अपने भाषण में विदेश नीति से लेकर युवाओं, अडानी-अंबानी, सोशल मीडिया और चुनाव आयोग तक पर मोदी सरकार को निशाने पर लिया। राहुल गांधी ने कहा कि 1971 में जब अमेरिका ने इंदिरा गांधी को धमकी दी थी, तब उन्होंने डरने के बजाय पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश बनाया। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नरेंद्र मोदी से कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' बंद कर दो, तो मोदी ने दो दिन में ऑपरेशन रोक दिया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी सिर्फ ट्रंप से ही नहीं डरते। मोदी का कंट्रोल अडानी-अंबानी जैसे लोगों के हाथों में है। 'राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी युवाओं को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर 'रील बनाने' के लिए कहते हैं ताकि वे असल मुद्दों से ध्यान न दें। उन्होंने कहा, 'मोदी नहीं चाहते कि युवाओं को समझ आए कि उनकी अडानी के साथ साझेदारी है। जिस दिन युवाओं को यह बात समझ में आ गई, उसी दिन मोदी और अडानी की दुकान बंद हो जाएगी। ' राहुल गांधी ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'नरेंद्र मोदी वोट के लिए स्टेज पर डांस भी कर देंगे। चुनाव के दिन तक जो भी आप कहेंगे, वो करेंगे। लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद वह सिर्फ अडानी-अंबानी के लिए काम करेंगे। 'राहुल गांधी ने दावा किया, 'कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में BJP-



RSS ने पूरा चुनाव चोरी किया है। अब बिहार में भी यही कोशिश की जा रही है। 'उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बिहार में महागठबंधन के वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं। हमने इसका सबूत पहले भी दिया था, अब फिर से देंगे। राहुल गांधी ने बिहार की जनता से एक वादा भी किया। उन्होंने कहा, 'जब भी बिहार को मेरी जरूरत होगी, बस मुझे आदेश देना है- राहुल यहां आओ, हमारा काम करो। मैं आपके आदेश का पालन करूंगा। '

# मानक मंथन IS 5405:2025 पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो पयागराज।** भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के नोएडा शाखा कार्यालय द्वारा IS 5405:2025 - डिस्पोज़ेबल सेनेटरी नैपकिन पर एक मानक मंथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाइसेंसधारकों, गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) के प्रतिनिधियों तथा BIS मानक क्लबों से संबद्ध विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विक्रांत, निदेशक एवं प्रमुख, नोएडा शाखा कार्यालय द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने महिला स्वास्थ्य एवं गरिमा से जुड़े उत्पादों में उच्च स्तर की स्वच्छता, सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया।

कार्यक्रम का संयोजन श्री रसुजीत चोंगदर, सहायक निदेशक/वैज्ञानिक-बी, नोएडा शाखा कार्यालय द्वारा किया गया। धर्मवीर, वैज्ञानिक-डी (टेक्सटाइल विभाग) एवं संबंधित अनुभागीय समिति के अध्यक्ष द्वारा विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति दी गई, जिसमें IS 5405:2025 में किए गए प्रमुख संशोधनों की जानकारी दी गई।



प्रस्तुति में डिस्पोज़ेबल सेनेटरी नैपकिन, पैंटी लाइनर, मैटरनिटी पैड एवं पीरियड पैंटी के निर्माण संबंधी तथा प्रदर्शन संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। साथ ही नए परीक्षण मानकों और उत्पाद वर्गीकरण में किए गए अद्यतन को भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मानक के जैव-अवक्षयनीय (बायोडिग्रेडेबल) पहलुओं पर भी विचार आमंत्रित किए गए, ताकि पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों और अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया जा सके। प्रतिभागियों को BIS CARE ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से उपभोक्ता बिना ढ्ढस्ढ्ढ मार्क वाले उत्पादों की शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिससे उपभोक्ता संरक्षण और मानकीकरण के अनुपालन को बढ़ावा मिलता है। अंत में एक सक्रिय संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने क्षेत्रीय अनुभव, चुनौतियाँ और सुझाव साझा किए। इस मंथन से मानक के प्रभावी क्रियान्वयन, उत्पाद गुणवत्ता में सुधार तथा सुरक्षा अनुपालन को और सुदृढ़ करने के लिए उपयोगी सुझाव प्राप्त हुए। सत्र का समापन BIS के उपभोक्ता जागरूकता, उद्योग सहयोग एवं गुणवत्ता मानकों के प्रसार हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना के साथ हुआ।


## संक्षिप्त खबरें

### बादलों के बीच झलकी धूप, ठंडी हवा के एहसास से लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बेमौसम वर्षा के बाद शनिवार को पाकुड़िया में मौसम ने करवट ली। आसमान में बिखरे-बिखरे बादलों के बीच चमकीली धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। हवा के हल्के झोंकों ने ठंड का एहसास दिलाया, जिससे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। इधर, लगातार हुई बारिश से पाकुड़िया बाजार क्षेत्र की कई कच्ची और जीर्ण सड़कों पर जलजमाव हो गया था। वहीं, पंचायत द्वारा पक्की नालियों की सफाई नहीं किए जाने से गंदगी और दुर्गंध ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी। हालांकि, दो नवंबर की सुबह निखरी धूप ने इन तमाम परेशानियों के बीच लोगों को कुछ सुकून जरूर दिया। मौसम में आई हल्की ठंड और सुनहरी धूप ने पूरे क्षेत्र में एक सुखद एहसास फैला दिया।

### कंप्लेंट केस के अभियुक्त के घर पर बरही पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरही :** रविवार को बरही पुलिस ने कंप्लेंट केस संख्या 1737/24 के अभियुक्त अब्दुल कलाम आजाद पिता इजहार मियां धनवार निवासी पोस्ट बरसोत थाना बरही जिला हजारीबाग के घर पर न्यायालय के आदेशानुसार पंचायत भवन, अभियुक्त के घर समेत सार्वजनिक जगहों पर इश्तेहार चिपकाया। बताया गया कि अभियुक्त लगातार न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिसके बाद न्यायालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार की देखरेख में की गई।

### करियातपुर में धूमधाम से मनाया गया बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव



**बरही :** बरही प्रखंड के करियातपुर गांव में देवउठनी एकादशा के पावन अवसर पर श्याम प्रेमियों ने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ बाबा खाटू श्याम (बर्बरीक) का जन्मोत्सव मनाया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल छाया रहा। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम भक्तों द्वारा बाबा श्याम की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से की गई। मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, खाटू नरेश की जय जैसे उद्घोषों से वातावरण को श्याममय बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे और बाबा श्याम से आशीर्वाद की कामना की। कार्यक्रम में दीपक केसरी, प्रदीप केसरी, दीपू केसरी, आशीष केसरी, अमित जायसवाल, सनी जायसवाल, राजेश भगत, अरविंद केसरी, नितेश केसरी, पवन केसरी, प्रिया रानी केसरी, राखी केसरी, पल्लवी केसरी, पायल केसरी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।

### कांग्रेस सृजन संगठन की बैठक में संगठन सुदृढ़ करने पर जोर



**करों, देवघर, झारखंडः-** बीते रविवार को कांग्रेस सृजन संगठन के तहत के करों प्रखण्ड के एतिहासिक गांव करों स्थित कांग्रेस के प्रदेश सचिव अवधेश प्रजापति ने कार्यकर्ता के साथ बैठक कियाद्य इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता से कहा कोई भी संगठन का रीड पार्टी का कार्यकर्ता ही होता हैद्य संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता की जान से जुट जाएं और एक-एक गांव जा जाकर लोगों को कांग्रेस के एजेंडा को जानकारी देने का कार्य करेंद्य तभी पार्टी और मजबूत होगीद्य इसके साथ संगठन और आगे बढ़ेगाद्य सभी कार्यकर्ता पार्टी के हित को देखते हुए कार्य करें द्य मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजीव चौधरी, हीरालाल राय, राजू शाह, मनोज राय, अजीत पंडित, चंद्र देवदासराजू शाह, , दीपक चौधरी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

# गांव-गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगी वीडियो वैन, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज ( बिहार )-** 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को दो वीडियो वैन को जिला मुख्यालय से रवाना किया गया, जो विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करेंगी। जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने दोनों वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश राय, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार चौबे और, सहायक नोडल सुभाष पांडेय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। सभी विभागों के ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह वीडियो वैन भी मतदाताओं को जागरूक करेगी।

**तीन विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी एक वीडियो वैन**

एक जागरूकता वैन तीन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव में कार्यक्रम करेगी। पहली जागरूकता वीडियो वैन 101 गोपालगंज, 100 बरौली और 99 बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण करेगी. इसका रूट जादोपुर बाजार, बिशनपुर पुल, नवादा मोड़, जागीरी टोला, मौनिया चौक, अंबेडकर चौक, थावे बाजार, वृंदावन, तकिया, कोंहवा, श्यामपुर बाजार, उचकागांव, नारायणपुर, कबिलासपुर बाजार, धोबवलिया, परशुरामपुर, मांझा, नवादा, कहला, माधोपुर, रतन सराय, बरौली, बढेया, मोहनपुर, सरफरा, कोइनी, भड़कुइयां, बरहिम, मोहम्मदपुर चौक, सिधवलिया, दीघवा दुबौली, राजापट्टी, रेवतीथ, देवकुली, गंगवा और शेरिया बाजार होगा वहीं दूसरी जागरूकता वीडियो वैन कुचायकोट, भोरे और हथुआ विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इसका भ्रमण मार्ग सिपाया, सासामुसा, कुचायकोट बाजार, फुलवरिया गांव, खुटवनियाँ, बथना, नरहवाँ, बसवनापुर, राजापुर बाजार, सेमरा बाजार, करवतहीं, डेरवा मोड़, जमुनहां बाजार, पंचदेवरी, सुकसेनवा, भागीपट्टी झील, गौरा, कटेया बाजार, पकहाँ, सोहनरिया, कोरेया, भोरे, विजयपुर, जगतौली, लामीचौर, हुस्सेपुर, मजिरवा कला, श्रीपुर, बथुआ बाजार, फुलवरिया, माड़िपुर, मीरगंज, हथुआ, चैनपुर, बड़कागांव, फतेहपुर, पेउली, कुसौन्धी, बंका मोड़ और बदरजिमी होगा।

# पहाड़ टोला कर्मोनाला से चांदना पावर सब स्टेशन पथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड के बीच-बीच पहाड़ी पंचायत अंतर्गत पहाड़ टोला कर्मोनाला पीसीसी रोड से चांदना ग्राम स्थित बिजली पावर सब स्टेशन तक की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित इस सड़क पर आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने 2 नवंबर को बताया कि कई वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। गांव की महिलाओं ने बताया कि यह सड़क संयुक्त बिहार काल में बनाई गई थी। झारखंड राज्य के गठन को पच्चीस वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक इस मार्ग के नवनिर्माण की स्वीकृति न तो किसी विभाग से मिली है, न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई पहल की है। महिलाओं ने बताया कि वर्षा के दिनों में इस जर्जर मार्ग से गुजरना बेहद मुश्किल हो जाता है। सिदो-कान्हू मोड़, पाकुड़ पीडब्ल्यूडी रोड, दुमका मुख्य मार्ग या खागाचुंआ होकर सोल्ला ग्राम तक जाने में काफी परेशानी होती है। बाइक, साइकिल, ऑटो या टोटो से यात्रा करने में अधिक समय और खर्च दोनों लगते हैं। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि यदि इस पथ का नवनिर्माण कर दिया जाता, तो तालवा सिदो-कान्हू मोड़ बस स्टैंड से पाकुड़, दुमका या अन्य नगरों तक पहुँचना आसान हो जाता।

उन्होंने कहा कि सड़कें बेहतर हो जाएँ, तो गांव की महिलाएं भी सड़क किनारे लघु व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और जीविकोपार्जन के अवसर बढ़ सकते हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय नेता लोग वोट मांगने जरूर आते हैं, लेकिन सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं का समाधान करने या हालचाल लेने नहीं आते। सड़क निर्माण में लापरवाही से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है।

# बिहार में चुनाव प्रचार पर निकले कांग्रेस नेता का मिला शव, टूटे हुए थे दांत; हत्या की आशंका

**● रोहतास के नौहट्टा में कांग्रेस नेता वीर कमलेश सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। उनका शव करमडीहा गांव के पास एक गड्ढे में पाया गया, जिसके चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौहट्टा (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के करमडीहा गांव के उत्तर सड़क किनारे पानी के गड्ढे में कांग्रेस नेता टरपा निवासी वीर कमलेश सिंह 63 वर्ष का शव रविवार की सुबह बरामद हुआ। सिर सड़क किनारे पानी में था। भौंह के पास से खून निकला था तथा दांत टूटा हुआ था। हत्या की आशंका को लेकर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद जब तक थानाध्यक्ष दीवाकर कुमार पहुंचते, तब तक ग्रामीण शव को निकालकर सड़क पर रख दिए थे। थानाध्यक्ष ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम वे कांग्रेस पार्टी के पर्चा के साथ बैजलपुर की ओर गए थे। उन्हें घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित पुलिया के पास करीब सात बजे शाम बैठे देखा गया था। रात में वीर कमलेश घर नहीं लौटे थे। सुबह में उनका शव करमडीहा गांव के उत्तर में देखा गया। एसडीपीओ टू वंदना मिश्र को स्वजनों ने बताया कि वीर कमलेश से किसी की दुश्मनी नहीं थी। वे नशा का सेवन भी करते थे तथा कभी कभार घर पर रात में भी नहीं लौटते थे। चुनाव का समय चल रहा है, जिसके कारण रात में उनकी खोजबीन नहीं की गई। एसडीपीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना संभव है। ग्रामीणों के अनुसार वीर कमलेश कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता थे तथा आत्मा व कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके थे। पिछले दिनों कांग्रेस की बैठक में कहा था कि जिला में 10 हजार से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह द्वारा बिना घूस के लोन दिलाए थे। वीर कमलेश की मृत्यु से टीपा गांव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मातमी माहौल छा गया है।

# बरही विधायक मनोज यादव ने किया दौरवा-कुंडवा मुख्य मार्ग के पथ निर्माण का शिलान्यास

**● विधानसभा के हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता : मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही:** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दौरवा-कुंडवा मुख्य मार्ग के बासुदेव के दुकान से जगदीश उरांव के घर तक 1.650 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिसके बाद विधायक श्री यादव ने नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और जतरा मेला आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। बीते दिनों हुई भारी बारिश से क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए विधायक ने तुरंत अनुशंसा कर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई। यह मार्ग न केवल आदिवासी जतरा मेला स्थल को जोड़ता है, बल्कि दौरवा, कुंडवा और पांचमाइल के सैकड़ों ग्रामीणों का दैनिक आवागमन इसी रास्ते से होता है। अब तक खराब सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी होती थी।

विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क ही विकास की सबसे बड़ी कड़ी होती है। यह सड़क बन जाने से क्षेत्रवासियों को न केवल सुगम आवागमन मिलेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे। हमारी प्राथमिकता है कि बरही प्रखंड के हर गांव तक पक्की सड़क पहुंचे। जनता की सुविधा के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, वार्ड सदस्य मोनी टोप्पो, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, पूर्व उपमुखिया प्रतिनिधि जगदीश उरांव, सोमर उरांव, वरिष्ठ समाजसेवी परमेश्वर यादव, अरुण कुमार सिंह, अरुण प्रजापति, अशोक बाड़ा, गुलेंद्र यादव, रामप्रवेश यादव, प्रकाश यादव, शिवकुमार प्रसाद, महेश यादव, तुलसी यादव, दिनेश यादव, दयानंद यादव, उमेश राम, राजेंद्र यादव, बुधन उरांव, कैलाश पंडित, राजेश यादव, प्रदीप पासवान, महादेव बाड़ा, जगदीश मेहता, राहुल यादव, हीरालाल यादव, संतोष मेहता, प्रदीप यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घाटशिला उपचुनाव को ले झामुमो की रणनीति तय, हेमंत और कल्पना सोरेन कल से करेंगे धुआंधार प्रचार

**● घाटशिला उपचुनाव के लिए झामुमो ने कमर कस ली है। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन कल से ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। पार्टी नेताओं ने उपचुनाव में जीत का दावा किया है और जनता से समर्थन की अपील की है। झामुमो अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतरने को तैयार है।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विधायक कल्पना सोरेन तीन नवंबर से घाटशिला उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में धुआंधार प्रचार करेंगे। पार्टी ने दोनों के कार्यक्रम का शेड्यूल तय कर दिया है। इसके तहत हेमंत तीन नवंबर को अपराह्न एक बजे मुसाबनी के कुइलीसूता मार्शल ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह, चार नवंबर को कल्पना सोरेन गालूडीह आंचलिक मैदान तथा सिंहपूरा जयघंटापुर मैदान में अलग-अलग समय में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। छह एवं सात नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम क्रमशः दामपाड़ा, धालभूमगढ़ में क्रमशः गंधाइनी हाट मैदान तथा नरसिंहगढ़ उच्च विद्यालय मैदान में होगा। आठ नवंबर को दोनों का कार्यक्रम तय किया गया है। दोनों घाटशिला के मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मैदान में संभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन झामुमो के दोनों स्टार प्रचारक दोनों रोड शो भी करेंगे, जिसके तहत जादूगोड़ा सिदो कान्हो चौक, सुरदा क्रासिंग तथ मुसाबनी बस स्टैंड में नुक्कड़ सभा करेंगे।

# पटना में पीएम मोदी ने किया 40 मिनट का रोड शो, NDA प्रत्याशियों के लिए बनाया माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** विधानसभा चुनाव में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) प्रत्याशियों के पक्ष में रविवार की शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य रोड शो हुआ। राजेंद्र नगर स्थित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिनकर गोलंबर से रथ पर सवार हुए। प्रधानमंत्री के साथ जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह एवं राजग के छह प्रत्याशी भी रथ पर सहयात्री बन लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। स्थानीय जनता के साथ ही कई विधानसभा क्षेत्र से आए राजग एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे बने स्वागत द्वार प्रधानमंत्री का स्वागत किया। वहीं, घरों के बालकनी व झरोखे से भी लोगों ने प्रधानमंत्री की उतारी, पुष्पवर्षा कर किया भव्य अभिनंदन किया। भारत के इतिहास में मात्र 18 महीने के अंतराल पर पटना में प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा चुनावी रोड शो था। इससे पहले पटना में प्रधानमंत्री मोदी का पहला रोड शो 2024 के लोकसभा चुनाव के समय हुआ था। रोड शो कार्यक्रम के शुभारंभ स्थल पर राजग के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**1600 मीटर रोड शो का आयोजन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार की राजधानी पटना में 40 मिनट तक रोड शो किया। प्रधानमंत्री ने खुले रथ पर 1600 मीटर (लगभग पौने दो किमी) का रोड शो किया। पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र स्थित दिनकर गोलंबर से रोड शो शुरुआत हुई। वहीं, समापन बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित गांधी मैदान के पास उद्योग भवन पहुंचकर रोड शोक का समापन हुआ। दिनकर गोलंबर, ठाकुरबाड़ी, बारी पथ, बाकरगंज होते हुए गांधी मैदान के पास उद्योग भवन पर समाप्त हुआ। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आरा एवं नवादा की जनसभा को संबोधित किया।

**महिलाओं ने पीएम मोदी की आरती उतारी**

पटना में रोड शो के दौरान घरों की छतों और बालकनी में खड़े होकर महिलाओं ने पीएम नरेंद्र मोदी की आरती उतारी। प्रधानमंत्री ने सभी को हाथ हिलाकर और प्रणाम कर उनका अभिवादन किया। रोड शो के रास्ते में जगह-जगह मंच बनाए गए हैं, जहां पर अलग-अलग झांकियां और छठ गीत एवं अन्य लोक प्रस्तुतियों का मंचन किया गया।

**रथ पर कौन-कौन बने सहयात्री**

रोड शोक के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रथ पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद, राजग के प्रत्याशी नितिन नवीन, संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता, श्याम रजक, राम कृपाल यादव एवं रत्नेश कुशवाहा सहयात्री बने।

**गुरुद्वारा साहिब में टेका मत्था**

प्रधानमंत्री ने रोड शो के उपरांत पटना साहिब स्थित गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेका। गुरुद्वारा में भाजपा कई वरिष्ठ नेताओं, सिख समाज के प्रमुख लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

# हेमंत सरकार ने छात्रों को दी सौगात, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विकास के लिए मिले 200 करोड़ रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत कॉलेजों के विकास तथा नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने अलग-अलग योजनाओं के तहत इस राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इनमें कुछ योजनाएं पीएम-उषा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित हैं। राज्य सरकार ने गढ़वा के मेराल में डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण के लिए 15 करोड़, जामताड़ा के नाला में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए 15.76 करोड़, पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए 9.99 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। वहीं, रांची के सिल्ली में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए 25 करोड़, गोड्डा के ठाकुरगंगटी में डिग्री कॉलेज के लिए 39.21 करोड़ तथा गिरिडीह के बगोदर में डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण के लिए 1.04 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं, खूंटी में नए डिग्री महिला कॉलेज के निर्माण के लिए 58 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इसी तरह, चतरा स्थित महिला कॉलेज में छात्रावास के निर्माण के लिए 9.98 करोड़ तथा सीबी कॉलेज, बेड़ो के जीर्णोद्धार के लिए 4.10 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। रांची के जेएन कॉलेज, धुर्वा तथा पलामू के जीएल कॉलेज में विद्युतीकरण के लिए क्रमशः 74 लाख एवं 38 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इसी तरह, कई अन्य योजनाओं के लिए भी विभाग ने राशि की स्वीकृति दे दी है।

# 207 एंबुलेंस खस्ताहाल, नई खरीदेगी झारखंड सरकार; पुरानी होंगी नीलाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** राज्य में 108 आपात सेवा के तहत संचालित एंबुलेंस में 207 एंबुलेंस कंडम हो चुके हैं। राज्य सरकार इन एंबुलेंस की जगह इतनी ही नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खरीदेगी, जिनका संचालन 108 सेवा के तहत ही किया जाएगा। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 207 ऐसे एंबुलेंस क्रय करने का आदेश जारी कर दिया। इसके लिए कुल 103.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से इन एंबुलेंस का क्रय किया जाएगा। प्रत्येक एंबुलेंस के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये अनुमानित दर की गई है। वहीं, पुरानी एंबुलेंस को ई-आक्शन के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत बिक्री की जाएगी। इससे प्राप्त राशि राजकोष में जमा की जाएगी। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के अभियान निदेशक ने 108 सेवा के तहत संचालित 440 एंबुलेंस में 207 एंबुलेंस के कंडम होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी है। ये एंबुलेंस आठ वर्ष से अधिक पुराने हैं या 1.5 लाख किमी से अधिक दूरी तय कर चुकी है। इनमें अधिसंख्य एंबुलेंस वर्तमान में क्रियाशील नहीं हैं।

**108 सेवा की समीक्षा कर रहा विभाग**

स्वास्थ्य विभाग 108 एंबुलेंस सेवा की समीक्षा कर रहा है। दरअसल, विभाग को मरीजों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने की शिकायतें मिली हैं। हाल ही में विभाग



के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने एक बैठक में संबंधित एजेंसी को सेवा में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मरीजों को समय पर एंबुलेंस की सेवा मिलनी चाहिए। इससे पहले 207 नई एंबुलेंस के क्रय की स्वीकृति विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली योजना प्राधिकृत समिति ने इस शर्त के साथ दी थी कि स्वास्थ्य विभाग 108 एंबुलेंस के संचालन की स्थिति की समीक्षा करेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## जिलाधिकारी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित परीक्षा का आज जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने एस. एन. सेन डिग्री कॉलेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र पर की गई व्यवस्थाओं को देखा - जैसे परीक्षा कक्षों की तैयारियाँ, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे, नियंत्रण कक्ष एवं प्रवेश मार्ग आदि का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजित 'कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए' परीक्षा 'पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक)' एवं 'पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा)' परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

## गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार पुलिस ने मु0अ0सं0 172/2025 धारा 8/20 एन डीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ओमप्रकाश मिश्रा पुत्र श्रवण कुमार मिश्रा ग्राम महादेव मिश्रा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर तथा महिबुल्लाह पुत्र सैदुल्लाह गौरा बाजार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी है । जिनके पास से पुलिस ने 01 किलो 149 ग्राम गांजा व एक अदद एंड्रायड मोबाइल तथा एक मोटर साईकिल बरामद किया गया।अभियुक्त महिबुल्ला पुत्र सैदुल्ला साकिन गौरा बाजार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर का अपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 55/2019 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मु0अ0सं0 1643/2016 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय हरेकृष्ण उपाध्याय, उ0नि0 मुनीन्द्र कुमार त्रिपाठी, हे0 का0 शैलेन्द्र गिरी, हे0का0 बलराम राणा,का0 पन्ने लाल शामिल रहे।

## पुलिस के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में रविवार को रिक्रूट आरक्षियों द्वारा खोह स्थित चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। इस दौरान रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ओपी भाष्कर द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने शिविर में रक्तदान करने वाले रिक्रूट आरक्षियों से कहा कि उनके द्वारा दिए गए रक्त से आवश्यकतानुसार रक्त की कमी वाले रोगियों, थैलिसीमिया, हीमोफेलिया, सीकल सेल एनीमिया, एप्लास्टिक एमनिया, कैन्सर जैसे रोगों से पीड़ित व्यक्तियों तथा आकस्मिक आवश्यकता जैसे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को ससमय बिना प्रतिस्थानी के रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान रक्तदान करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक व चिकित्साधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रक्तकेन्द्र प्रभारी डॉ श्री कपिल त्रिवेदी, रक्तकेन्द्र चिकित्साधिकारी डॉ अजय द्विवेदी, केन्द्र परामर्शदाता डॉ शंकरदीन, प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेटी के सम्मान में गूंजा नारा सोनभद्र में सोन मैराथन दौड़ और प्रादेशिक कला प्रतियोगिता का महाआयोजन

**● धनवंतरी पतंजलि योग संस्था के द्वारा सोन मैराथन दौड़ और प्रादेशिक कला प्रतियोगिता का महा आयोजन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)-** स्वास्थ्य, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के त्रिवेणी संगम के रूप में, धनवन्तरी पतंजलि योग संस्थान ने ओबरा, सोनभद्र में अपना स्थापना दिवस एक भव्य उत्सव के रूप में मनाया। स्वर्गीय पंडित नागेश्वर पाठक की स्मृति में, 02 नवंबर 2025, दिन रविवार को सोन मैराथन दौड़ और एक भव्य प्रादेशिक कला प्रतियोगिता का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। इस आयोजन का केंद्रीय नारा बेटी बेटे से कम नहीं, उनके बिना हम नहीं था, जिसने महिला सशक्तिकरण की भावना को बल दिया। संस्थान के मुख्य संरक्षक और कार्यक्रम आयोजक रमेश कुमार सिंह ने इस पहल को फिट इंडिया की थीम पर आधारित स्वास्थ्य और संस्कृति का अनूठा संगम बताया। सोन-मैराथन दौड़ युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और शारीरिक श्रम के प्रति प्रेरित करना।मैराथन दौड़ का आरंभ प्रात 07 बजे हुआ, जिसमें 1000 से अधिक छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। चड्ढा मार्केट के पास, न्यू ऑडिटोरियम हॉल, क्लब 2 सेक्टर 08, ओबरा। पुरस्कार वितरण (नगद राशि) प्रथम पुरस्कार 12 किमी और छात्र सुदर्शन 11000 द्वितीय पुरस्कार बाबूलाल 5100, तृतीय स्थान मुकेश यादव?2100 और 10 प्रतिभागियों को 500 दिया गया और छात्रा प्रतियोगिता में सुमन ने 8 किलोमीटर प्रथम स्थान 11000 पुरस्कार द्वितीय स्थान खुशबू 5100 पुरस्कार तृतीय स्थान वंदना मोरिया 2100 और 10 प्रतिभागियों को ?500 दिया गया और सभी धावकों को टीशर्ट और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। प्रादेशिक कला प्रतियोगिता सृजनात्मकता को बढ़ावा देने वाली यह प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित की गई।प्रथम सिमरन 11,000, द्वितीय, अनामिका पांडे,5,100, तृतीय,सबा परवीन, 2,100 ,चतुर्थ, शकीरा 1,100, पाँचवाँ आकांक्षा तिवारी, 1,100 कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे विभिन्न राज्यों के प्रदेश प्रभारी गण और सदस्य उपस्थित रहे। चड्ढा मार्केट के पास, न्यू ऑडिटोरियम हॉल, सेक्टर 08, ओबरा-सोनभद्र। कार्यक्रम में सतीश सिंह, जयराम सिंह (DIOS), मुख्य संरक्षक रमेश सिंह और रमेश सिंह यादव (जलपुरुष) की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय पाठक, कार्यक्रम अध्यक्ष अनमोल सेठ, कार्यक्रम प्रभारी साक्षी कुमारी (दिल्ली), आयुष बंसल और अन्य प्रमुख सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने इस महाआयोजन के माध्यम से योग और आयुर्वेद की क्रांति को घर-घर तक पहुँचाने और हर व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अपना लक्ष्य दोहराया।

# परिवारिक सौहार्द व नारी सम्मान की दिशा में बलरामपुर पुलिस की सराहनीय पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बलरामपुर में पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक में परिवार परामर्श केंद्र में प्रस्तुत 05 पारिवारिक विवादों पर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी संवाद और समझौते की दिशा में प्रेरित किया गया। परामर्शदाताओं की सक्रिय मध्यस्थता से सभी मामलों में पति-पत्नी व परिजनों के बीच आपसी सुलह कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप 05 पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण हुआ। सभी पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रेमपूर्वक एक साथ जीवन यापन करने की सहमति जताई। परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को परस्पर समझ, सहयोग और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना के साथ जीवन की नई शुरुआत करने की सलाह दी। इस दौरान पारिवारिक विवादों के निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, वंदना मिश्रा, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव तथा महिला कांस्टेबल ज्योति का विशेष योगदान रहा।

निस्तारित पत्रावलियाँ:-1. खुशबू बनाम विजय - थाना गौरा चौराहा

2. पतीराम बनाम शिवा - थाना हरैया

3. आसमा बनाम शकील - थाना रेहरा बाजार

4. रूबी बनाम अमित - थाना ललिया

5. श्रीदेवी बनाम तुलाराम - थाना ललिया

मिशन शक्ति के तहत इस पहल से बलरामपुर पुलिस ने नारी सशक्तिकरण और परिवारिक सौहार्द की दिशा में एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# स्थानांतरण होने के बाद भी कांस्टेबल शैलेश शर्मा बड़ेवन चौकी पर काट रहे मलाई

**● शैलेश शर्मा कांस्टेबल का बड़ेवन चौकी से नहीं हो रहा मोह भंग**

**स्थानांतरण के बाद भी चौकी पर कांस्टेबल शैलेश शर्मा का डटे रहना व कोतवाली थाने से रिलीव न होने पर उठा रहा बड़ा सवाल**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोतवाली बस्ती ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेवन चौकी पर तैनात कांस्टेबल शैलेश शर्मा का स्थानांतरण सितंबर माह में 112 पुलिस सेवा में हुआ था पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के द्वारा स्थानांतरण किए जाने के बाद भी अभी तक बड़ेवन चौकी पर ही शैलेश शर्मा कांस्टेबल मलाई काट रहे है और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा किये गये बड़ेवन चौकी से 112 पुलिस सेवा में स्थानांतरण को रुकवाने के जुगाड़ में शैलेश शर्मा कांस्टेबल जुटे हुए हैं जबकि और अन्य स्थानांतरित पुलिसकमियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा जारी आदेश के एक माह बीतने के बाद भी बाद कांस्टेबल शैलेश शर्मा ने 112 पुलिस सेवा में जॉइनिंग नहीं किया है और न ही उन्हें अभी तक कोतवाली थाने से रिलीव किया गया है। इस कारण पुलिस विभाग के मनमानी / लापरवाही कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है । सूत्रों की माने तो स्थानांतरण आदेश के बावजूद चौकी से रिलीव न किया जाना विभागीय अनुशासन के विपरीत माना जा रहा है। वहीं चौकी पर जमे रहने को लेकर स्थानीय पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं हालांकि पुलिस महकमे में यह मुद्दा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर क्यो ? आदेश के बाद भी अमल क्यों नहीं हो रहा है। जब पुलिस अधीक्षक के आदेश का पालन पुलिस कर्मी ही नही रहा है तो पुलिस विभाग कानून का पालन कैसे ? दूसरों से कराएगा । इस संबंध में कोतवाल दिनेश चन्द्र चौधरी ने कहा कि छठ पूजा के बाद स्थानांतरित कांस्टेबल शैलेश शर्मा को रिलीव किया जाएगा।

# सपा की बैठक में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में सहयोग पर जोर

**● बूथ स्तर पर जुट जाय बीएलए-महेन्द्रनाथ यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मे समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की गहन समीक्षा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 22 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया है। राहत भरी बात यह है कि करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं को इस अभियान के दौरान कोई भी दस्तावेज नहीं देना पड़ेगा। एसआईआर के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर दो प्रतियों में पहले से भरा हुआ फार्म देंगे। इसमें पिता का नाम, माता का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या मतदाताओं को भरना होगा। इसमें से एक फार्म बाद में बीएलओ ले जाएंगे और एक फार्म पर रिसीविंग देंगे। ऐसे में समाजवादी पार्टी के बीएलए पूरी सतकर्ता बरते और प्रयास करें कि कोई मतदाता सूची से छूटने न पाये। यदि ऐसी स्थिति आये तो नियमानुसार उनका नाम जोड़वाने का पूरा प्रयास करें। महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि विधान परिषद के शिक्षक मतदाताओं के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता अभी से जुट जाय और मतदाता सूची में लोगों का नाम जुडवाने की पहल करें। इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिये अभी से जुट जाने की जरूरत है।

पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल, पूर्व अध्यक्ष राजाराम यादव, दयाशंकर मिश्र, मो. स्वालेह, जावेद पिण्डारी, मो. सलीम, राम सिंह यादव, रन बहादुर यादव, राजेन्द्र चौधरी, मो. उमर, अरविन्द सोनकर, गुलाब सोनकर आदि ने मासिक बैठक में जमीनी धरातल पर संगठन को और मजबूत करने का सुझाव दिया। कहा कि सभी चुनाव महत्वपूर्ण हैं, बूथ स्तर पर जीत की रणनीति से ही विजय होगी। कहा कि विधान परिषद का स्नातक और शिक्षक चुनाव महत्वपूर्ण है। इसे गंभीरता से लेकर मतदाताओं का नाम जोडवाया जाय। मासिक बैठक में मुख्य रूप से राजेन्द्र यादव, वीरेन्द्र चौधरी, घनश्याम यादव, तूफानी यादव, श्याम सुन्दर यादव, जमील अहमद, गुलाम गौस, कैस मोहम्मद, मानसिंह यादव, श्याम यादव, रजनीश, लालमन यादव, डब्लू यादव, ज्ञानचन्द चौधरी, संजय गौतम, गिरीश चन्द्र, मुलायम यादव, रईस अहमद, गौरीशंकर यादव, अहमद अली, मो. आमिस खान, मो. युनुस आलम के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सौहार्दपूर्ण देव दीपावली के लिए ओबरा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)-** आगामी देव दीपावली पर्व और इससे जुड़े सभी सांस्कृतिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और मर्यादित माहौल में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, ओबरा थाने में रविवार, 2 नवंबर को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और ओबरा के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया ने उपस्थित सभी आयोजकों, गणमान्य नागरिकों और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पर्व की गरिमा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने निम्नलिखित स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस पूरी तरह चौकन्नी रहेगी और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगी। श्री चौरसिया ने कड़ी चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम के दौरान अभद्र व्यवहार या माहौल खराब करने की कोशिश करता हुआ पाया गया, तो उसे तत्काल कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा और उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आयोजकों से विशेष अपील की कि कार्यक्रमों में केवल उच्च सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को ही प्राथमिकता दी जाए। यह सुनिश्चित करना होगा कि अश्लील गाने न बजाए जाएं या ऐसे कोई भी कृत्य न हों जो सामाजिक मर्यादा या सद्भाव को ठेस पहुँचाएँ। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने पर्व की सफलता और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू महासंघ नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे, सामाजिक प्रगति परिषद देव दीपावली सेक्टर 3 रेणुका छठ घाट कार्यक्रम अध्यक्ष संकट मोचन झा आयोजन अरविंद सोनी, संयोजक अक्षय पांडे समीर माली सौरभ सिंह रणजीत तिवारी अनिल राय, सेक्टर 8 देव दिवाली कार्यक्रम आयोजक युवा दल मंच संस्थापक विपुल शुक्ला अमित उपाध्याय सभासद विकास सिंह राकेश पासवान आनंद जायसवाल ओबरा थाना चौकी इंचार्ज विष्णु प्रभार सिंह एस.आई रामलोचन सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में ओबरा में देव दीपावली पर्व को शांति, उल्लास, और सांस्कृतिक मर्यादा के साथ मनाने का दृढ़ संकल्प लिया, जिससे यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन सके।

# विश्व हिंदू महासंघ ओबरा नगर इकाई में संगठनात्मक बदलाव और नए पदाधिकारियों का स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)-** विश्व हिंदू महासंघ (V H M) की ओबरा नगर इकाई ने संगठन की मजबूती और कार्यक्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव किए हैं। हाल ही में एक समारोह में कुछ नए पदाधिकारियों को पदभार सौंपकर उनका स्वागत किया गया, जिससे संगठन की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिल सके। संगठन में निम्नलिखित प्रमुख कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं, जो संगठन विस्तार में सहयोग करेंगे ।आशु पाठक इन्हें नगर मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। ओम प्रकाश शर्मा इन्हें समीक्षक एवं कोषाध्यक्ष के दोहरे पदों की जिम्मेदारी दी गई है। नंदकेश्वर सिंह खरवार इन्हें खरवार समाज का अध्यक्ष एवं सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। विभाष घटक इन्हें सेक्टर संयोजक के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। गोविंद गुप्ता इन्हें सेक्टर अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे का वक्तव्य नए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे ने ओबरा को ऊर्जा की राजधानी बताते हुए कहा कि यह बदलाव संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा।इस अवसर पर, नगर अध्यक्ष श्री सर्वेश दुबे जी के कार्यों और संगठन के प्रति उनके समर्पण की हृदय से सराहना की गई। श्री दुबे जी कई सालों से संगठन को लेकर सेवा और समर्पण के भाव से कार्य करते चले आ रहे हैं। उनकी निष्ठा और ईमानदारी के कारण नगर में कार्यकर्ता एकता और सेवा समर्पण की भावनाओं से एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्यों के लिए, उन्हें जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार कर चिन्हित किए जाने की प्रबल संभावना है। यह संगठनात्मक बदलाव विश्व हिंदू महासंघ की ओबरा नगर इकाई को और अधिक सक्रिय एवं सुसंगठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान जारी रख सकें।

# थाना महाराजगंज तराई में मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना महाराजगंज तराई के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के शुभारंभ पर पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन ग्राम रामस्वरूपपुरवा में किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय एवं क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति अभियान टीम की उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी और आदित्य कुमार ने ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को दहेज प्रथा, बाल विवाह, एवं महिला सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, विधवा एवं वृद्धा पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों—वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस 108, गर्भवती महिलाओं हेतु 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098—के बारे में भी जानकारी दी तथा पंपलेट वितरित किए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस टीम की पहल की सराहना की और बताया कि उन्हें कोई विशेष समस्या नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव, आरक्षी नीरज कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार, महिला आरक्षी अनीता गुप्ता, सपना राज एवं स्वेता मद्धेशिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 172 बच्चों ने किया प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** युवा एवं बाल विकास समिति के तहत भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. के तत्वावधान में रविवार को जनपद में डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल पंजीकृत 186 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि यह परीक्षा जनपद के तीन केन्द्रों एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी, सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप व उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर राजापुर में आयोजित की गई। जिसमें कुल पंजीकृत 186 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। बताया कि 172 विद्यार्थियों में से जूनियरवर्ग में 140 तथा सीनियर वर्ग में 32 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा प्राप्त कर संगठित रहते हुए अपने अधिकारो के लिए संघर्ष करें। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पर बल दिया। परीक्षा केन्द्र एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी में राजबहादुर वर्मा, विनोद कुमार, विजय कुमार, कपिल गौतम, सूरजभान, संजय कुमार, सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप में श्रवण कुमार बौद्ध, रामप्रकाश, सुरेश कुमार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर राजापुर में अभिनन्दन प्रसाद यादव, बाबूराम सिंह पटेल, जाहर सिंह, गणेश शंकर विद्यार्थी व विनोद कुमार वर्मा ने उपस्थित रहकर परीक्षा को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। पर्यवेक्षक के रुप में डॉ पीएन बौद्ध बांदा एवं भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ ज्ञानचन्द्र बौद्ध मौजूद रहे।

# पाचन और उत्सर्जन के संतुलन के लिए करें मूलाधार चक्र शुद्धि क्रिया का अभ्यास- रमेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने सिर, भुजा, रीढ़ व पेट के सूक्ष्म योग अभ्यास की श्रृंखला के क्रम में रविवार को मूलाधार चक्र शुद्धि क्रिया का अभ्यास कराया। बताया कि शरीर की नाभि से नीचे की सभी क्रियाएं उठना, बैठना, शौच, पेशाब, प्रजनन आदि के लिए अपान वायु जिम्मेदार होती है। बताया कि अपान वायु के निष्क्रिय या कमजोर होने से पैरों में स्थिरता और कमजोरी का एहसास होता है। बताया कि आंतों, गुर्दों या मूत्र मार्ग को प्रभावित करने वाली उत्सर्जन समस्याएं अपान वायु से संबंधित है। मंदाग्नि, कोष्ठबद्धता, बवासीर, खांसी, दमा, तिल्ली का बढ़ना अनेक असाध्य रोग इसके कमजोरी के प्रतीक हैं। पंच प्राणों में यह महत्वपूर्ण प्राण है, जो कमर से पैर के नाखूनो तक काम करता है। प्राण और अपान वायु एकत्र होने से कुंडली जागरण में सहायता होती है। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य सुधरता है। पाचन और उत्सर्जन में संतुलन आता है, तंत्रिका तंत्र मजबूत बनता है, शरीर हल्का, मस्तिष्क में ताजगी व शरीर में शक्ति का एहसास होता है। कब्जियत दूर होती है जननांग मजबूत बनते हैं। बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया को दो भागों में करते हैं। जिसमें प्रथम भाग में साम्यावस्था में खड़े होकर सांस को बाहर छोड़ते हुए पेट खाली करके मल द्वार को आंतरिक शक्ति से नाभि की ओर खींचते हैं और शरीर में कंपन होने पर क्रिया समाप्त करते हैं। यह क्रिया एक बार करनी होती है। इसके दूसरे भाग में दोनों पैरों में चार अंगुल का अंतर रख कर खड़े होते हैं तथा पहले भाग के समान क्रिया को एक बार में पूरा करते हैं। अंत में विश्राम करते हैं और पेल्विक रीजन में हुए परिवर्तनों का अनुभव करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### असलहा लहराने वाला हिस्ट्रीशीटर अपराधी हुआ गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** अभियुक्त के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट,एससी एसटी एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।अभियुक्त को चार पहिया वाहन के साथ थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत भरोखन नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।सोशल मीडिया पर युवक द्वारा अवैध असलहे लहराते हुए फोटो वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा जांचोपरांत उस व्यक्ति की पहचान अमित सिंह पुत्र अरुण सिंह निवासी ग्राम सलाहपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई, जो थाना पट्टी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है एवं जिसके विरुद्ध पूर्व से अनेक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पट्टी पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर आर्म्स एक्ट बनाम अमित सिंह पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। थाना थाना पट्टी के उप निरीक्षक कमलेश कुमार मय हमराह हे0का0 विनोद कुमार सिंह व का0 गुलशन कुमार द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त अमित सिंह पुत्र अरूण सिंह निवासी ग्राम सलाहपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 45 वर्ष को 01 पिस्टल 32 बोर 03 जिंदा कारतूस 32 बोर के साथ थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत भरोखन नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। पट्टी थाने में अभियुक्त के विरुद्ध पहले से ही नौ मुकदमे दर्ज है।

### 25000 रूपये का ईनामी अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियोग से संबंधित 25000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बाघराय श्रवण कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश कुमार मय हमराह मुखबिर की सूचना पर थाना बाघराय से संबंधित 25000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त चन्दन कुमार पुत्र सुरेश निवासी पुरानी आबकारी सदर मोड़ चौकी मकन्दुगंज थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत भिटारी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### एसपी ने कई दरोगाओं का हुआ स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा कई उप निरीक्षकों का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से कर दिया गया है। जिनमें उप निरीक्षक अमर सीसी सिंह पुलिस लाइन से थाना मानिकपुर, उ0नि0 अमरनाथ सिंह पुलिस लाइन से थाना मानिकपुर, उ0नि0 रामदयाल पुलिस लाइन से थाना कोहंडौर, उ0नि0 अमीर उद्दीन पुलिस लाइन से थाना अंतू उ0नि0 जसवन्त सिंह पुलिस लाइन से थाना अंतू, उ0नि0 केशव राम थाना कोतवाली देहात से थाना मानधाता,उ0नि0 आदित्य पाण्डेय थाना नवाबगंज से थाना सांगीपुर पर तैनात किया गया है।

### अन्ना साढ के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल



**घाटमपुर।** कानपुर के बिधनू थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव में एक अन्ना साढ के हमले से खेत में काम कर रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, साढ़ ने युवक को जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जानकारी के मुताबिक बरबसपुर गांव निवासी सोमेश 25 वर्ष पुत्र पुत्तन शुक्ला, रविवार को अपने खेत में काम कर रहे थे,इसी दौरान वहां घूम रहे एक अन्ना साढ ने उन पर हमला कर दिया , और उन्हें जोर से जमीन पर पटक दिया , घटना के बाद परिजन सोमेश को बिधनू सीएचसी ले गए, सीएचसी में डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया और बताया कि रीढ़ की हड्डी टूट गई है,उनको गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है,इस घटना ने क्षेत्र में अन्ना जानवरों के लगातार जारी आतंक को फिर से उजागर कर दिया है, गांव वाले दहसत में जी रहे हैं क्योंकि कई लोगों के ऊपर हमला कर चुके हैं, ग्राम प्रधान लाल यादव ने बताया कि बेकाबू हुए अन्ना साढ़ को ग्रामीणों की मदद से पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी बिधनू आशीष मिश्रा ने कहा कि जल्द ही कैटल कैचिंग वाहन की मदद से अन्ना साढ को पकड़वा कर अन्य सुरक्षित जगह पर भेज दिया जाएगा ताकि वह किसी और को हानि न पहुंचा सके।

# भागवत कथा के तीसरे दिन सुनाई गई युधिष्ठिर के शंका समाधान की कथा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड स्थित केशरवानी धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथा वाचक ब्रज विभूति भगवत किशोर व्यास ने कहा कि महाभारत युद्ध की समाप्ति के पश्चात भी युधिष्ठिर का मन शांत नहीं हुआ था। उन्होंने मन की शांति के लिए अश्वमेध यज्ञ संपन्न करवाया और विचार किया कि अश्वमेध यज्ञ करवाने से जो हमारे कोई पाप शेष रहे होंगे वह भी सब नष्ट हो जायेंगे, किंतु इसके उपरांत भी युधिष्ठिर के मन की शंकाएं शांत नहीं हुई। बताया कि इसके बाद श्री कृष्ण ने विचार किया कि युधिष्ठिर के मन को शांत करने के लिए तथा मन की शंकाओं को दूर करने के लिए कुछ करना पड़ेगा। विचार कर युक्ति निकाली और सभी पांडवों, द्रौपदी सहित सब को लेकर भीष्म पितामह के दर्शन करने चल पड़े, जहां भीष्म पितामह सर सैया पर लेटे हुए थे।

श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह को प्रणाम किया और कहा कि जो शंकाएं युधिष्ठिर के मन में है, उन्हें दूर कर शंकाओं का समाधान करें। भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर की हर शंका का समाधान किया, हर विषय के संबंध में जिज्ञासा को शांत किया। कहा कि भगवान का ध्यान दर्शन करते हुए भीष्म पितामह ने देह का त्याग किया। भीष्म पितामह भगवत धाम पधार गए। पांडवों के साथ सब कार्य संपन्न कर भगवान श्री कृष्ण ने पांडवों से विदा लेकर द्वारिका के लिए प्रस्थान किया। उत्तरा के गर्भ से बालक ने जन्म लिया, जो परीक्षित कहलाए। इस मौके पर चंद्रसेन केशरवानी, इंद्रसेन केशरवानी, रमेश केशरवानी, जितेंद्र केशरवानी, राकेश केशरवानी, पवनेश कंधी आदि मौजूद रहे।

## कीचड़ से सराबोर सड़क बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत, आवागमन में दिक्कत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड खुनियांव के ग्राम पंचायत मिश्रौलिया खालसा मुख्य मार्ग पर थोड़ी सी बरसात में कीचड़ से सराबोर सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुका है। जिससे आवागमन में दिक्कत हो रहा है। इस मार्ग से होकर गांव से बाहर आवागमन निकलना जान जोखमि बन चुका है, दो पहिया चार,पहिया वाहन तो दूर की बात है, पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए दुश्वार हो गया, लेकिन इस समस्या के तरफ न तो शासन प्रशासन ही इसकी सुधि ले रहे हैं, जबकि गांव की सत्तर प्रतिशत ग्रामीण इसी मार्ग से होकर अन्य स्थानों पर जाकर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। गांव के स्कूली बच्चों, मरीजों, साप्ताहिक बाजारों, चौक चौराहों सहित, ब्लॉक मुख्यालय, तहसील मुख्यालय और उपचार के अस्पतालों तक पहुंचना उक्त मार्ग से निकलना टेढ़ी खीर साबित हो गई है, वहीं गांव बदसूरत दिखाई दे रहा है,गांव के पूरब व दक्षिण पी डब्लू डी संपर्क मार्ग से जुड़ने वाला आधा अधूरा खड़ंजा और कच्ची मार्ग से दक्षिण और पश्चिम स्थित पी डब्लू डी संपर्क मार्ग तक पहुंचने के लिए कीचड़ से सराबोर सड़क ही एक मात्र सड़क है, जिससे थोड़ी सी बरसात होने पर लगभग 500 मीटर कीचड़ युक्त सड़क से गुजरना होता है,जो कि ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है।

ग्रामीणों ने शासन प्रशासन के जिम्मेदारों से गुहार लगाते हुए उक्त कीचड़ युक्त मार्ग से निजात के लिए सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीण रमई यादव, गौचरन यादव, गोपाल सिंह, कलीमुल्लाह, करम हुसैन, मोहम्मद अतहर, मराफत हुसैन, शहबाज मुस्तकीम आदि लोगों ने जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# सिद्धार्थनगर में विहिप की बैठक संपन्न


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विश्व हिन्दू परिषद के गोरक्ष प्रान्त की विभागीय बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित जेपीएस ग्रांड पैलेस में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद शेंडे ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गोरक्षा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्मान्तरण समाज की एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसे रोकने के लिए संगठन स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर समाज में एकता, सेवा और संगठन की भावना को मजबूत करें तथा राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहें। शिक्षकों को भी युवाओं के मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें। इस दौरान राजेश, नागेंद्र सिंह, सगुण श्रीवास्तव, महादेव प्रसाद, सुधाकर त्रिपाठी, अजय कुमार, ब्रजेश पाण्डेय, शिवा जी, सुरेश गुप्ता, सन्दीप मद्धेशिया, सुनील त्रिपाठी, जय प्रकाश, उमेश सिंह, सेवा प्रमुख प्रेम चन्द्र मोदनवाल, शर्मिला, प्रमिला मिश्रा, कनक, रजनीश उपाध्याय, सच्चुप त्रिपाठी, आशीष सिंह सहित सिद्धार्थनगर, बांसी, नौतनवां, महराजगंज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री रामनवमी महामहोत्सव भव्यता के साथ मनाएगा सनातन शोध संस्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** सनातन शोध संस्थान के तत्वावधान में आगामी रामनवमी महामहोत्सव को भव्य मनाने के लिए संस्थान के पदाधिकारियों ने रविवार को सुंदर घाट के श्रीरामजानकी मंदिर में बैठक कर रणनीति बनाई। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद नारायण त्रिपाठी ने कहा कि धर्मनगरी के गोस्वामी तुलसीदास ने पूरे विश्व को श्रीराम कथा से परिचित कराया। बताया कि जनपद में श्रीरामनवमी के अवसर पर श्रीरामदल निकालने की पुरानी परम्परा रही है। बताया कि आगामी चैत्र मास की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस आयोजन को भव्य रूप दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक सनातनी इसे अपना उत्सव समझे और श्रीराम जन्म महामहोत्सव उत्साहपूर्वक मनाए। संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शानू गुप्ता ने कहा कि श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर शहर में भव्य जुलूस निकाला जा सकता है। जिसमें सभी धार्मिक, सामाजिक व जातीय संगठनों को शामिल किया जाएगा। कहा कि इस अवसर के दृष्टिगत जिला मुख्यालय की प्रत्येक सड़क को सजाया जाएगा और पेंटिंग, रंगोली भी बनाई जाएगी। राष्ट्रीय महासचिव डॉ संदीप रिछारिया ने कहा कि कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी लोग समाज के प्रत्येक व्यक्ति से उत्सव में शामिल होने का अनुरोध करें। बताया कि इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों और कर्मचारी संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर संगठन महासचिव डॉ मनोज द्विवेदी, अश्विनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बांदा में पति ने पीटकर दिया तीन तलाक, बेटी को छीनकर भेजा मुंबई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बांदा।** दहेज के लिए ससुरालीजन विवाहिता को पीटकर प्रताड़ित करते रहे। बाद में पति ने भी उसे पीटकर तीन तलाक दे दिया। इतना ही नहीं महिला थाने में साथ रखने के लिए समझौता करने के बाद पति दोबारा अपनी बात से मुकर गया। अपना फोन बंद कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि बड़ी बेटी को छीनकर मुंबई सास के पास भेज दिया। उसे बेटी से मिलने नहीं दे रहे। पुलिस ने पति पर तीन तलाक सहित चार ससुरालीजन के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। बबेरू कोतवाली के ग्राम बगेहटा निवासी आमरीन पुत्री स्व. नासिर खां की शादी उसकी मां ने 30 नवंबर 2017 में आमिर खां निवासी आलमपुर के साथ की थी। शादी के समय मां ने अपनी हैसियत के अनुसार डेढ़ लाख रुपये नकदी व हार, झुमक, बिजली, माथे का टीका व तीन अंगूठियां आदि जेवरों व घरेलू उपयोग का सामान दिया था। लेकिन कुछ दिनों के बाद आमरीन को देवर समीर, ननद मंतशा व सुरैया व सास अकतरी की ओर से दहेज को लेकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। इसमें विवाहिता बर्दाश्त करती रही। उसका मानना था कि कुछ दिन के बाद सब ठीक हो जाएगा। इसी दौरान विवाहिता के एक पुत्र व दो पुत्रियां हुई । इसमें बड़ी बेटी साहिबा को छीनकर ससुर- सास के पास बुंबई भेज दिया। इसके बाद कभी भी आमरीन को उसकी बड़ी बेटी से नहीं मिलवाया गया। अक्सर छोटी- छोटी बातों में देवर, पति व अन्य ससुरालीजन गाली- गलौज कर पीटने लगे। 23 जून 2025 को विवाहिता खाना बना रही थी। बच्चों के शोर करने पर देवर समीर ने पीछे से जाकर विवाहिता को लात मारकर गिरा दिया। साथ ही जान से मारने का प्रयास करते बेरहमी के साथ पीटा। विवाहिता के चिल्लाने पर पति व अन्य ससुरालीजन ने उसे घेरकर बड़ी बेरहमी के साथ दोबारा पीटा। साथ ही तीन तलाक देकर पति ने जेवर आदि छीनते हुए उसे कमरे में बंद कर दिया। जिससे विवाहिता किसी तरह जान बचाकर अपने दोनों बच्चों लेकर अपनी मां के पास बगेहटा गांव आ गयी। जहां विवाहिता ने अपनी मां के साथ कोतवाली बबेरू जाकर तहरीर दी। जिसमें पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। विवाहिता के पति आमिर खां को महिला थाने बुलाया गया। जहां पति आमिर खां ने तलाक, व जेवर छीनने के बाद मारपीट के लिए माफी मांगी। पति ने पुलिस के सामने बच्चों के साथ रहने के लिए चार जुलाई 2025 को सुलहनामा लिखा। यह भी कहा कि तीन माह वह मायके में रहेगी। जिसका 2000 रुपये वह प्रतिमाह पत्नी को देगा। लेकिन चार माह हो गए। उसे खर्च के संबंध में कुछ नहीं मिला। पति ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। उसने अभी तक बड़ी बेटी को वापस नहीं दिया। इससे वह परेशान रहती है। विवाहिता ने बबेरू कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली निरीक्षक राजेंद्र सिंह रजावत ने बताया कि पति व चार ससुरालीजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से लोको पायलट की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर/**कानपुर के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार लोको पायलट को टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही पायलट बाइक से उछल कर नीचे गिर पड़ा, भागने की होड़ में डंपर ने पायलट के सिर के ऊपर से पहिया निकाल दिया, जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी शिनाख्त की, और घर को घटना की जानकारी दी, इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, नौबस्ता हंसपुरम आवास विकास निवासी प्रेमनारायण वर्मा 43 वर्ष कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन में लोको पायलट के पद पर कार्यरत थे, परिवार में पत्नी भारती एक बेटा प्रतीक और एक बेटी प्रभासी है, बड़े भाई देवेंद्र ने बताया कि पिछले 14 सालों से प्रेमनारायण कानपुर सेंट्रल में ही तैनात थे, इसके अलावा उन्होंने बताया कि सुबह वह करीब तीन बजे घर से सेंट्रल रेलवे स्टेशन जाने के लिए अपनी बाइक से निकले थे,भाई देवेंद्र के मुताबिक घर से हाइवे की दूरी लगभग एक किलोमीटर है, प्रेमनारायण जैसे ही हाइवे पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक डंपर बाइक पर टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही प्रेमनारायण बाइक से उछल कर नीचे गिर पड़े, डंपर चालक रोकने के बजाय गाड़ी भगा दी, जिससे कि उनके सिर के ऊपर से पहिया निकल गया, और उनकी मौके पर मौत हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक की जेब से मिले उनके आई कार्ड से शव की शिनाख्त की, इसके बाद उनके मोबाइल से परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी, सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया पत्नी भारती और भाई बहन का रो रो कर बुरा हाल था, वहीं पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश करनी शुरू कर दी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 के लिए नामांकन शुल्क, जमानत राशि और व्यय सीमा तय

**●ग्राम प्रधान प्रत्याशी अधिकतम 1.25 लाख रुपये कर सकेंगे खर्च**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 एवं उप-निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों के लिए नामांकन शुल्क, जमानत राशि और अधिकतम व्यय सीमा तय कर दी है। फिलहाल चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है, पर आयोग द्वारा निर्धारित ये दरें आगामी चुनावों में लागू रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्र केवल निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे और जमानत राशि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को ही जमा करनी होगी। प्रत्याशियों को नामांकन के समय व्यय सीमा की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाएगी।

ग्राम पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र 200 रुपये, जमानत राशि 800 रुपये और व्यय सीमा 10,000 रुपये तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा महिला प्रत्याशियों के लिए यह क्रमशः 100, 400 और 10,000 रुपये होगी। प्रधान ग्राम पंचायत के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 3,000 रुपये जमानत राशि और 1,25,000 रुपये तक खर्च की सीमा मिलेगी, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए जमानत राशि 1,500 रुपये तय की गई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए व्यय सीमा 1,00,000 रुपये और जिला पंचायत सदस्य के लिए 2,50,000 रुपये रखी गई है। प्रमुख क्षेत्र पंचायत के लिए यह सीमा 3,50,000 रुपये तथा अध्यक्ष जिला पंचायत के लिए 7,00,000 रुपये तय की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई ये दरें नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और एकरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे चुनाव में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रत्याशियों को एकसमान अवसर मिलेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवतपुर निवासी संतोष गुप्ता 25 वर्षीय पुत्र लवकुश गुप्ता का शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। संतोष गुप्ता अपने पत्नी सुनैना व एक दो वर्षीय पुत्र के साथ बढ़या भगवतपुर मार्ग पर स्थित एक किराए के मकान में रहता था, शनिवार देर शाम पति-पत्नी में किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था, कुछ ही देर बाद संतोष गुप्ता की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके स्थिति को देखकर पास के गांव भगवतपुर में रह रहे परिजनों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पीड़ित के पिता, छोटे भाई व अन्य लोग हालत को देखते हुए संतोष गुप्ता की पत्नी सुनैना को साथ लेकर संतोष गुप्ता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवा ले गए,जहां पर डॉक्टरों ने संतोष गुप्ता की गंभीर स्थिति को देखते हुए,जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया,जहां पर इलाज के दौरान जिला अस्पताल पर संतोष गुप्ता की मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक संतोष गुप्ता व पत्नी सुनैना 24 वर्षीय के बीच आए दिन तू-तू मैं -मैं हुआ करता था,शनिवार को भी पति - पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि बीती रात घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर घटना से अवगत हुआ। कोतवाली सिद्धार्थनगर पुलिस शव को कब्जे में विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला, पांच हुए गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आठ लोगों समेत कई अज्ञात पर ब्लैकमेल कर अपनी छोटी बहन से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, रविवार को दो लोगों को और गिरफ्तार किया इस मामले में अब तक पुलिस ने 5 आरोपी को गिरफ्तार की है। युवती ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि उसकी छोटी बहन को एक युवक ने बहलाफुसला कर नशीला पदार्थ खिला कर उससे संबंध बना लिया और इसका वीडियो बनाकर कुछ और युवकों को दे दिया। इससे वह लोग भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किए। उसने आठ नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग थीं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी जुनैद पुत्र फिरोज, हलीम उर्फ हरमैन पुत्र अज्ञात, मुमताज उर्फ कमर पुत्र अज्ञात, रैयान पुत्र हसरुद्दीन, शादाब पुत्र अज्ञात, हकीक पुत्र वकील, जैद पुत्र शौकत, सिराजुद्दीन पुत्र वसीउल्लाह व कई अज्ञात पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है । इस मामले में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि तहरीर के आधार पर दर्ज केस में पहले तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि रविवार को 2 आरोपी को और गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अंबेडकरनगर में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, प्रेमी ने दोस्त संग मिलकर वारदात को दिया अंजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** प्रेमी युवक ने अपने दोस्त के साथ अनुसूचित जाति की प्रेमिका को बुलाकर जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट, धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित प्रेमी और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। अकबरपुर के एक गांव की अनुसूचित जाति की युवती से गांव के युवक सत्येंद्र से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपित प्रेमी के युवक एक डेंटल क्लीनिक पर काम करता था। बुलाने पर वह मिलने जाती थी। गत 30 अक्टूबर को दिन में प्रेमी के बुलाने पर वह औलियापुर गई। जहां पर वह प्रेमिका को कमरे में ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

प्रेमी ने अपने दोस्त औलियापुर के आलोक को भी कमरे में बुलाया, जहां पर दोनों ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया। धमकी दी गई घटना के बारे में किसी को जानकारी दी तो जान से मार देंगे। उनके चंगुल से छूटी युवती घर पर अपने साथ हुई घटना की जानकारी माता-पिता को दी। स्वजन के साथ युवती ने दूसरे दिन कोतवाली पहुंचकर दोनों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। दुष्कर्म का मामला सामने आते पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने बयान दर्ज करते हुए, सामूहिक दुष्कर्म, एससी एसटी एक्ट, धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने पुलिस टीम संग छापेमारी करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। युवती का मेडिकल परीक्षण पुलिस करा रही है। क्षेत्राधिकारी नितीश तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। मेडिकल के बाद युवती का न्यायालय में कमलबंद बयान दर्ज होगा।

## महिला ने लगाया फंदा, सुसाइड नोट में लिखा मम्मी पापा मै आपकी अच्छी बेटी नही बन पाई...

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर।** पति के सो जाने के बाद महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिस पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। जिस पर लिखा था कि मम्मी पापा मै आपकी अच्छी बेटी नही बन पाई। इस घटना से मृतक के स्वजन बेहाल हैं। वहीं मृतका के भाई ने अपने ही बहनोई पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामला संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है। ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा खुर्द गांव निवासी 21 वर्षीय रूबी पत्नी महेंद्र प्रताप वर्मा ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार की रात पति के सो जाने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को महिला का लिखा एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा है कि मम्मी पापा मै आपकी अच्छी बेटी नहीं बन पाई। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

जनपद महोबा कबरई थाना क्षेत्र के सुनैचा गांव निवासी मृतका के भाई नीतेश ने बताया कि उसने अपनी बहन रूबी की शादी अप्रैल 2024 में महेंद्र प्रताप के साथ की थी। वह तीन बहनों में बड़ी बहन है। शादी के कुछ महीनों बाद बहनोई आए दिन बहन के साथ शराब पीकर मारपीट करने लगे। गांव में कई बार पंचायत कर उसको समझाया गया। लेकिन वह दहेज की मांग कर बहन को मारपीट करते और फोन से बात नहीं करने देते थे।

**गांव में मेला लगता है**

दो दिन पहले बहन से देवर करन की फोन से बात हुई थी। बहन ने कहा था कि मेले में गांव आएगी। लेकिन रविवार की सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। मृतका के स्वजन ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी आदित्य सक्सेना ने बताया कि प्रथम दृष्टया लगता है कि महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' कार्यक्रम में आयोजित जनभागीदारी, संस्कृति और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिला



**शहडोल।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय विधायक जय सिंह मरावी , गरिमामयी उपस्तिथि रही ! इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष धनपुरी रविन्दर कौर छाबड़ा, नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष शालिनी सरावगी, नगर परिषद बकहो की अध्यक्ष मौसमी केवट, जनपद पंचायत बुढ़ार सुश्री उमा धर्वे, एसडीएम अमृता गर्ग , राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मैथिलिशरण गुप्त, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शिवेंद्र, प्राचार्य गंगा मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एके उपाध्याय, डॉ एन मानिकपुरी महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहे !

समाजसेवी जनप्रतिनिधि, सभी मण्डल के संम्मानीय पदाधिकारी गण , छात्र छात्राए , उपस्थित रहे। सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक बड़ी संख्या में पत्रकार गणो की उपस्थित उल्लेखनी रही है विद्यालयीन छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, सुगम संगीत और बांसुरी वादन ने सभी का मन मोह लिया। यह दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे आत्मनिर्भर, समृद्ध और गौरवशाली मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारा प्रदेश नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम का सफल मंच डॉ राधेश्याम नापित द्वारा किया गया !

## एक राय होकर मां-बेटे से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम दुर्जनपुरा निवासी कृष्णपाल पुत्र हरकिशन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6.30 बजे गांव के हीरालाल पुत्र मौजी, नीलेश पुत्र जगदीश व अर्चना पुत्री जगदीश एक राय होकर उसके घर आये और उसे व उसकी मां रामसखी से बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूंसों व पत्थरों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सका मौत का कारण

### दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का दावा

ललितपुर। दो दिन पहले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सका है। चिकित्सकों ने मौत की वजह जानने के लिए बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। यह घटना 31 अक्टूबर की रात की है। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम सिंगरवारा निवासी बालकदास (35) गांव के ही एक व्यक्ति के घर में मृत अवस्था में पाए गए थे।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि जमीन रजिस्ट्री के बकाया रुपये देने के बहाने बालकदास को घर बुलाया गया और फिर शराब में जहर मिलाकर या गला दबाकर उनकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई आशाराम ने बताया कि बालकदास ने गांव के एक व्यक्ति को अपनी 1.32 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री की थी, जिसकी जानकारी परिवार को नहीं थी। करीब 5-6 दिन पहले बालकदास हरियाणा से घर आए थे। 30 अक्टूबर को वह जमीन रजिस्ट्री के बकाया 1.80 लाख रुपये लेने के लिए ग्राम सिंगरवारा में विपक्षी के घर पहुंचे थे। रात करीब 8 बजे आशाराम को जानकारी मिली कि उनके भाई बालकदास की मौत दूसरे पक्ष के घर में हो गई है। मौके पर पहुंचने पर बालकदास मृत अवस्था में मिले। दूसरे पक्ष ने बताया कि वे बालकदास के साथ घर पर बैठे थे और शराब पार्टी चल रही थी, इसी दौरान बालकदास की मौत हो गई। इसके बाद 31 अक्टूबर को गांव में पंचायत हुई, जिसमें दो गांवों के लोग शामिल हुए। आशाराम ने थाना नाराहट पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बालकदास अपने तीन भाई-तीन बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी पत्नी का निधन शादी के करीब डेढ़ वर्ष बाद हो गया था। पोस्टमार्टम सूत्रों के अनुसार, युवक की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा को सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। अब बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा।

# साप्ताहिक बंदी व्यवस्था ठप, श्रम विभाग अधिकारी गहरी नींद में कागजों में बंदी, जमीन पर खुले बाजार

**● अनुशासनहीन व्यापार से शहर की रफ्तार पर असर न निरीक्षण, न कार्रवाईः विभाग की खामोशी पर उठ रहे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ललितपुर।** शहर में साप्ताहिक बंदी व्यवस्था अब केवल सरकारी रिकॉर्ड तक सिमटकर रह गई है। हकीकत यह है कि बाजारों में किसी तय दिन पर बंदी का पालन नहीं हो रहा। दुकानदार अपनी सुविधा के अनुसार दुकानें खोल और बंद कर रहे हैं। इससे न सिर्फ व्यापारिक अनुशासन बिगड़ा है, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था पर भी सीधा असर पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, श्रम विभाग के अधिकारी इस स्थिति पर पूरी तरह खामोश हैं। न निरीक्षण किया जा रहा है और न ही उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई। शहर के प्रमुख बाजारों कृ सर्राफा, गांधी रोड, स्टेशन रोड और चौक बाजार कृ में किसी दिन भी पूरी बंदी नहीं देखी जाती। नागरिकों का कहना है कि श्रम विभाग के अफसर मानो गहरी नींद में हैं, उन्हें शहर की व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं। व्यापारी संगठनों ने इस पर नाराजगी जताई है और कहा है कि यदि विभाग ने समय रहते सख्ती नहीं बरती तो व्यापारिक असंतुलन और बढ़ेगा। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि श्रम विभाग कब जागेगा और बाजारों की बंदी व्यवस्था कब पटरी पर लौटेगी।

**नियमों की किताब में साफ आदेश**

राज्य सरकार ने हर बाजार के लिए सप्ताह में एक दिन अनिवार्य अवकाश तय किया है। इसका उद्देश्य दुकानदारों और कर्मचारियों को विश्राम देना और शहर की बाजार व्यवस्था को संतुलित रखना है। परंतु इन नियमों का पालन अब केवल नाममात्र रह गया है। निरीक्षण की कमी ने इस प्रणाली को निष्प्रभावी बना दिया है।

**हकीकत : बंदी का नामोनिशान नहीं**

मुख्य चौक, नई सडक़, गांधी रोड और स्टेशन मार्केट जैसे क्षेत्रों में किसी भी दिन सभी दुकानें बंद नहीं होतीं। व्यापारी अपनी सुविधानुसार दिन तय करते हैं। इससे यातायात और पार्किंग व्यवस्था चरमरा रही है। कर्मचारियों को भी साप्ताहिक आराम का अधिकार नहीं मिल पा रहा है।

**नागरिकों की शिकायतें बढ़ीं**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तय दिन पर बंदी नहीं होती, तो सडक़ों पर लगातार भीड़ रहती है। सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था दोनों बिगड़ जाती हैं। कई लोग यह भी कहते हैं कि विभागीय अधिकारी शिकायतों पर ध्यान नहीं देते, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**व्यापारियों की सख्त चेतावनी**

व्यापारी संगठनों ने श्रम विभाग को चेतावनी दी है कि यदि जल्द नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएँगे। संगठनों का कहना है कि स्पष्ट आदेश और निरीक्षण ही शहर में अनुशासन लौटा सकते हैं। वे चाहते हैं कि बंदी का दिन तय कर सभी बाजारों में एक समान लागू किया जाए।

## अवैध कटिया से तार बाड़ी में आया करंट, दुधारू भैंस की मौत

**ललितपुर।** दुधारू भैंस की करंट लगने के लिए मौत हो जाने पर सूचना देने के बावजूद भी विद्युत अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न किये जाने का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में भैंस मालिक ने एफआईआर दर्ज करायी गयी है। जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी विपिन कुमार तिवारी पुत्र मुन्नालाल तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि गांव के ही जुगलकिशोर तिवारी पुत्र बृजनन्दन तिवारी जो कि अवैध रूप से आइडिया कम्पनी का टावर की डीपी से जलाने के लिए डोरी डाले हुये हैं।

बताया कि 27 अक्टूबर को समय 4 बजे शाम को अवैध डोरी से तारबाड़ी में करंट लगने के कारण उसकी दुधारु भैंस जो कि लगभग 20 दिन पहले ही ब्यानी थी। आरोप है कि तारबाड़ी का करंट लगने से उक्त भैंस की मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में जब पीड़ित ने उप खण्ड अधिकारी पाली, उप खण्ड पावर हाऊस जाखलौन एवं थानाध्यक्ष पाली को शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी और न ही मौके पर जांच करायी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ग्राम क्योंलारी में शराबबंदी पर सर्वसम्मति, नशा मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** ग्राम क्योंलारी में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव के सभी समाजों और वरिष्ठ बुजुर्गों ने मिलकर ग्राम स्तर पर शराबबंदी लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि जो भी व्यक्ति शराब पीकर गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा करेगा या सार्वजनिक स्थानों अथवा किसी के कार्यक्रम में शराब सेवन करेगा, उसे दंडित किया जाएगा। साथ ही ऐसे व्यक्ति को समाज से भी बहिष्कृत किया जाएगा। बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे गांव को नशामुक्त बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी और सहयोग देंगे। इस नशा मुक्ति अभियान में गांव के सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। उन्होंने अपने बहुमूल्य समय और योगदान से इस मुहिम को सफल बनाने का कार्य किया।

ओबीसी महासभा, ललितपुर (उत्तर प्रदेश) की ओर से सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने इस सराहनीय निर्णय में भाग लेकर समाज सुधार की दिशा में मिसाल कायम की। इस दौरान मुलायम सिंह (प्रधान), भगुन सिंह (कोटेदार), भजन सिंह, देवराज सिंह, प्यारेलाल, तुवक्या, बीरन सिंह, लाखन सिंह (पूर्व प्रधान), प्यारेलाल टेंट, राजेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, वाले सुख सिंह, शिवलाल, हल्लू रजक, दिनेश अहिरवार, हरपाल सिंह, सुनील, विशाल सिंह, रामेश्वर, जय हिंद सिंह, कप्तान सिंह, मंजीत सिंह, जनक सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंगद सिंह, भैयालाल, महेंद्र सिंह, उम्मेद सिंह, बृजेन्द्र सिंह, माधव सिंह, शिवेंद्र, चरण सिंह, हरपाल मेभरा, राहुल रजक, राम लखन, सोम सिंह, अरविंद तिवारी, अंकित सिंह, पहलवान सिंह, अशोक पंडा, मानवेंद्र सिंह, अवतार सिंह, खुशियां, देवेंद्र सिंह, विजय सिंह, भूपत सिंह, किशोरी सेन, बलवंत सिंह, सुमिया अहिरवार, लाडले रजक, कुटन, नारायण सिंह, राजपाल, जगराम, हरी सिंह, अठैया, राजकुमार, देवेंद्र उर्फ मन्नू, राहुल बीडीसी, सुनील अहिरवार, हरनाम सिंह, रमेश कुमार अहिरवार, भरत सिंह, गंठू रजक तथा समस्त ग्रामवासी।

# दैलवारा के स्टेशन मोहल्ला में आजादी के बाद से अब लाइट नहीं



समाधान दिवस में ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आजादी के बाद से अब तक ग्राम दैलवारा के मोहल्ला स्टेशन क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था न होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों ने डीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव के मोहल्ला स्टेशन में विद्युत व्यवस्था नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत की जा चुकी है और समाधान दिवस में भी इसके पहले शिकायती पत्र दे चुके हैं। इतना ही नहीं बताया कि एक बार तो विधायक व स्थानीय सांसद को भी प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हुयी। ग्रामीणों ने बताया कि वह अब इतने परेशान हो चुके हैं कि इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया था, उस समय जिलाधिकारी ने तत्काल शाम 6 बजे सभी ग्रामीणों को बुलाकर आश्वास्त किया था कि चुनाव बाद लाइट व रोड डलवा देंगे, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीणों ने डीएम को राजघाट रोड परिवर्तन कर अमरपुर से दैलवारा होते हुये का प्रार्थना पत्र दिया था।

बताया कि 19 अक्टूबर 2024 को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से प्रकरण में जांच कर कार्यवाही की जाकर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जयपाल सिंह, रामदयाल, मुन्नालाल, आशाराम, जगभान, रामश्किान, काजल, राजू, अशोक कुमार, पूर्व प्रधान संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, नन्दलाल, शिवप्रसाद, अनन्त कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** उद्योग बन्धु बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में विद्युत विभाग एवं उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया कि औद्योगिक आस्थान तालबेहट में लोहे के औजारों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयां जो वर्तमान में कार्यरत हैं जो कि जनरेटर के द्वारा अपना कार्य कर रही हैं। इस हेतु तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था प्रदान कराने के लिए और उनकी अन्य समस्या का निस्तारण करने के लिए औद्योगिक आस्थान, तालबेहट में ही मीटिंग की गई और विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि वह तत्काल प्रभाव से अंगणन प्रस्तुत करें। जिससे तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारु करायी जा सके। इस दौरान उद्यमी अनन्तराम एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्था के बाद उत्पादन में वृद्धि होगी एवं वह मार्केट की प्रतिस्पधों का सामना कर सकने में सक्षम होंगें।

# साइबर अपराध का नया जाल एपीके फाइल व डिजिटल आमंत्रण बने ठगों का हथियार

**● पत्रकार अमित लखेरा और अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान का विशेष संवाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिले में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब ठगों ने लोगों को फंसाने के लिए नया तरीका खोज लिया है, शादी के डिजिटल कार्ड, बैंकिंग ऐप, गाड़ी चालान या इनाम के नाम पर भेजी जाने वाली एपीके फाइलें। व्हाट्सएप या एसएमएस के जरिए भेजी जा रही ये फाइलें मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल कर देती हैं, जिससे एक क्लिक में बैंक खातों से लाखों रुपये साफ हो रहे हैं। पत्रकार अमित लखेरा का कहना है कि अब सिर्फ फोन कॉल, कॉल मर्ज या लिंक शेयरिंग ही नहीं, बल्कि नकली बैंक ऐप की एपीके फाइल या शादी के डिजिटल कार्ड (एपीके) डाउनलोड कराकर स्कैमर आम जनता को फंसा रहे हैं।

हाल ही में कई सरकारी कर्मचारी, व्यापारी और महिलाएं इस जाल में फंसीं। शादी का कार्ड खोलते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से पैसे उड़ गए। अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान का कहना है कि लोगों को लगता है कि व्हाट्सएप पर आया ई-इनविटेशन या बैंकिंग लिंक किसी परिचित या बैंक का है, जबकि असल में यह एक मालवेयर एपीके होती है। इंस्टॉल करते ही मोबाइल का पूरा नियंत्रण ठगों के पास चला जाता है, बैंक ओटीपी, पासवर्ड, गैलरी, कैमरा और माइक्रोफोन तक उनकी पहुंच बन जाती है।

बानपुर के एक किसान से 2.90 लाख की ऑनलाइन ठगी एपीके फाइल के जरिए की गई, लेकिन साइबर पुलिस की तत्परता से पूरी राशि वापस कराई गई। शहर क्षेत्र में एक महिला से 19 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई, जिसमें साइबर पुलिस ने वित्तीय एजेंसियों की मदद से पीड़िता की रकम रिकवर कराई। ग्रामीण इलाकों में मुफ्त सिम, बैंक खाता अपडेट या शादी कार्ड के बहाने 150 से अधिक युवाओं के डेटा व बैंकिंग जानकारी चोरी कर ठगी करने के मामले सामने आए हैं।

**साइबर अपराध के नए तरीके**

शादी का डिजिटल आमंत्रण (एपीके)- आकर्षक वीडियो या पीडीएफ रूप में भेजा गया शादी कार्ड डाउनलोड करते ही मोबाइल स्कैमर के नियंत्रण में चला जाता है। बैंकिंग ऐप, पासवर्ड व निजी डाटा चोरी हो जाता है। बैंकिंग या इनाम का एपीके ऐप- केवाईसी अपडेट, ई-चालान, ऑफर या फ्री गिफ्ट के नाम पर भेजे गए एपीके लिंक इंस्टॉल करते ही खाते से रकम उड़ जाती है। कॉल मर्ज स्कैम- स्कैमर दो कॉल मर्ज करवाकर दूसरे नंबर से पीड़ित की बैंकिंग जानकारी और ओटीपी हासिल कर लेते हैं।

**दोनों विशेषज्ञों की सलाह**

अमित लखेरा की अपील है कि शादी कार्ड, बैंक लिंक या कोई इनाम ऑफर मिले तो कभी भी अनजान ऐप डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या एसएमएस से मिली कोई भी एपीके फाइल खतरनाक हो सकती है। अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान की सलाह है कि अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है। केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। किसी भी संदिग्ध ऐप या संदेश की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, वेबसाइट साइबर क्राइम.जीओवी.इन या नजदीकी थाने में दें। ऐप इंस्टॉल करने से पहले उसकी परमिशन अवश्य जांचें।

**पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका**


ललितपुर के साइबर क्राइम थाना की सक्रियता से हाल के महीनों में कई पीड़ितों की बड़ी धनराशि वापस कराई गई है। पुलिस और अधिवक्ताओं द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि नागरिक साइबर सतर्कता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। ललितपुर में डिजिटल ठगी के नए रूप, शादी के डिजिटल आमंत्रण और बैंक ऐप, गाड़ी चालान के नाम पर एपीके फाइल ने साइबर सुरक्षा की चुनौती बढ़ा दी है। सतर्कता, जागरूकता और समय रहते शिकायत करना ही इसका सबसे बड़ा इलाज है। चाहे बच्चे हों या बुजुर्ग, मोबाइल और इंटरनेट का प्रयोग करते समय अतिरिक्त सावधानी अनिवार्य है।

# सीरिया के राष्ट्रपति अल-शरा की 'व्हाइट हाउस' में मेजबानी करेंगे ट्रंप : अधिकारी

**● सीरिया दशकों से जारी अंतरराष्ट्रीय अलगाव से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। ट्रंप की खाड़ी सहयोग परिषद के नेताओं के साथ बैठक के इतर हुई**

**इस बैठक को सीरिया के लिए एक बड़े घटनाक्रम के रूप में देखा गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ 'व्हाइट हाउस' में वार्ता करेंगे। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में किसी सीरियाई राष्ट्रपति की पहली यात्रा होगी। इस बैठक की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि बैठक 10 नवंबर को होने की संभावना है। ट्रंप ने मई में सऊदी अरब में अल-शरा से मुलाकात की थी, जो अमेरिका और सीरिया के नेताओं के बीच 25 वर्षों में पहली मुलाकात थी।

सीरिया दशकों से जारी अंतरराष्ट्रीय अलगाव से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। ट्रंप की खाड़ी सहयोग परिषद के नेताओं के साथ बैठक के इतर हुई इस बैठक को सीरिया के लिए एक बड़े घटनाक्रम के रूप में देखा गया। सीरिया असद परिवार के 50 से अधिक वर्षों के कठोर शासन के बाद अब भी उबर नहीं पाया है।

अल-शरा पर एक समय एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम था। अबू मोहम्मद अल-गोलानी नाम से जाने जाने वाले अल-शरा का अल-कायदा से नाता था और सीरियाई युद्ध में उतरने से पहले वह इराक में अमेरिकी सेना से लड़ने वाले विद्रोहियों में शामिल हो गए थे। उन्हें अमेरिकी सैनिकों ने कई साल तक वहां कैद भी रखा था। अधिकारी ने बताया किइस यात्रा के दौरान अल-शरा आईएसआईएस के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

# गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभात फेरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रभातफेरी निकालते गुरूसिंह सभा के पदाधिकारी

**ललितपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में गुरुनानक देवजी महाराज के प्रकाश पर्व की खुशी में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान संगत के रूप में महिलाएं बच्चे पुरुष शब्द कीर्तन करते हुए ढोलक मांझीरे चिमटे आदि बजाते हुए नानक आया नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया।

उच्चादर बाबे नानक दा आदि गुरबाणी शब्द कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। साथ में गुरु घर के निशान साहिब सब से आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी का समापन सादर कांटा स्थित सतीश अरोरा निवास पर हुआ, जहां पर लंगर व चाय नाश्ते का आयोजन कल श्रीअखंड पाठ साहिबजी का समापन होगा। उपरांत दूसरे श्रीअखंड पाठ साहिबजी की आरंभता हुयी।

मौके पर अध्यक्ष ओंकारसिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, सरदार ज्ञानी दलजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह, अवतार सिंह, कमलजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, जोगिंदर सिंह, जगजीत सिंह परमार, नीटू कालरा, अरविंद अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, आनंद सिंह, डा. जे. एस. बक्शी, महिंदर अरोरा, सुनील अरोरा, ज्ञानी गुरुचरण, अरविंदर सिंह एड., विवेक चोपड़ा, बलदेव सिंह, बिंदु कालरा, जसविंदर कौर, डा.हरजीत कौर, मंजीत कौर, चांदनी अरोड़ा, मनप्रीत सलूजा, गुरुचरण कौर, रोजी अरोड़ा, मनविंदर कौर, अमरजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# UP Kabaddi League: एसजे अपलिफ्ट कबड्डी Pvt Ltd को मिला CM योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद, UP कबड्डी लीग सीजन-2 का ऑक्शन आज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** अपना भारत, अपना खेल और खेल रहा मेरा प्रदेश थीम को लेकर आगे बढ़ रहे एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद मिलने के साथ ही यूपी कबड्डी लीग के सेकेंड सीजन में मजबूती से कदम आगे बढ़ा दिया है। यूपी कबड्डी लीग के दूसरे चरण का ऑक्शन सोमवार को ग्रेटर नोएडा में होगा। इस बार टीम की संख्या को आठ से 12 कर दिया गया है। सभी टीमों में 20-20 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। लीग का आयोजन नोएडा में 25 दिसंबर से किया जाएगा। यूपीकेएल के संस्थापक और एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संभव जैन ने बताया कि यूपी कबड्डी लीग के दूसरे सीजन में 12 टीमें भाग लेंगी।

12 टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी तीन नवंबर को ग्रेटर नोएडा के एक होटल में की जाएगी। नीलामी के दौरान टीम मालिक समेत मैनेंजिंग टीम, कोच और टीम के मेंटोर शामिल होंगे। नीलामी प्रक्रिया एक दिन ही पूरी की जाएगी। जिसका लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) सीजन-2 में 12 टीमें प्रतिभाग करने जा रही हैं। इस बार चार नई टीमों में अलगीढ़, कानपुर वारियर्स, गोरखपुर ग्लैडिएर्ट्स और मुजफ्फनगर को शामिल किया गया है। पहले सीजन में यमुना योद्धाज, नोएडा निन्जा, काशी किंग्स, अवध रामदूत, ब्रिज स्टार्स, संगम चैलेंजर्स, गंगा किंग्स ऑफ मिर्ज़ापुर, लखनऊ लायंस (पिछली चैंपियन) की टीम ने भाग लिया था।

**चार खिलाड़ी रख सकेंगे टीम मालिक**

संभव जैन ने बताया कि एक टीम में 20 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। जिसमें 14 खिलाड़ी नीलामी से लेना होगा। चार खिलाड़ी टीम मालिक अपनी पसंद से टीम में रख सकेंगे। इसके अलावा तीन खिलाड़ी कबड्डी फेडरेशन की लिस्ट से लेना होगा, जो नियमानुसार अनिवार्य है। इसके अलावा बाकी के खिलाड़ी हुनर के आधार पर चयन करने की आजादी होगी। संभव जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजे अपलिफ्ट को उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन 2 के लिए आशीर्वाद और समर्थन दिया है। उन्होंने राज्य में युवा सशक्तिकरण और खेल को बढ़ावा देने के लिए युवाओं की भागीदारी, सामुदायिक विकास और राज्य के गौरव के लिए खेलों को एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। ऐसे समावेशी मंच बनाने की जरूरत पर जोर दिया जो स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें निखारें और राष्ट्रीय व अंतरष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएं।

मुख्यमंत्री राष्ट्रीय विकास के माध्यम के रूप में खेलों को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। इनमें उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड में स्टेडियमों का विकास भी शामिल है। मुख्यमंत्री का आर्शीवाद मिलने के बाद यूपीकेएल टीम एक व्यापक और जमीनी स्तर से लेकर पेशेवर खिलाड़ियों तक की पाइपलाइन बनाने के अपने मिशन पर अडिग है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य के हर कोने से प्रतिभाशाली खिलाड़ी को इसमें खेलने का अवसर मिले।